आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:46 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


मंगलवार, 17 जून 2025
वर्ष 6, अंक 79, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार



खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे 14

आपदा प्रबंधन क्षेत्र में अग्रणी बना भारत 12

## दो चरणों में पूरी होगी राष्ट्रीय जनगणना केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी



- सोलहवीं जनगणना में 13,000 करोड़ का आ सकता है खर्च

साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी।

इसमें कहा गया, उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी।

लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। यह कार्य 34 लाख गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों तथा डिजिटल उपकरणों से लैस लगभग 1.3 लाख कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इस पर सरकार के 13 हजार करोड़ खर्च होने की संभावना है। जनगणना 2011 के अनुसार देश की जनसंख्या 121.019 करोड़ थी, जिसमें से 62.372 करोड़ पुरुष और 58.646 करोड़ महिलाएं थीं।

### जातिगत गणना भी होगी

राष्ट्रीय जनगणना के साथ ही जातिगत गणना भी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय गृह सचिव, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण और अन्य अधिकारियों के साथ जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की।

## पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

### आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी अफसरों की मौजूदगी कटघरे में खड़ा करने के लिए काफी

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने अप्रैल में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने अपना ध्यान आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों की प्रभावशीलता पर केंद्रित किया है। एफएटीएफ ने कहा, आतंकवादी दुनिया भर में लोगों की जान लेते और भय पैदा करते हैं।

एफएटीएफ ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसकी निंदा की है। एफएटीएफ ने कहा कि यह और हाल में हुए अन्य



- एफएटीएफ ने पहलगाम हमले की निंदा कर आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने पर दिया जोर

हमले, बिना पैसे और आतंकवादी समर्थकों के बीच धन के हस्तांतरण के बिना नहीं हो सकते हैं।

भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने और हथियारों की खरीद के लिए धन मुहैया कराने की बात को उजागर किया है। एफएटीएफ का यह बयान उसकी पृष्ठभूमि में आया है। भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पनाह दी है, भारतीय सैन्य हमलों में मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे। एएफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह की 25 अगस्त को होने वाली बैठक और 20 अक्टूबर को समूह की अगली पूर्ण बैठक और कार्य समूह की बैठक से पहले, भारत धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण विरोधी एफएटीएफ मानदंडों के संबंध में पाकिस्तान द्वारा की गई चूक पर एक दस्तावेज (डोजियर) तैयार कर रहा है।

### संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत देगा आवेदन

पाकिस्तान को संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत एफएटीएफ को आवेदन देगा। वर्तमान में, एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में 24 देश हैं। इन देशों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एफएटीएफ के संदिग्ध सूची में पाकिस्तान का इतिहास फरवरी 2008 से शुरू होता है, जब इसे निगरानी सूची में रखा गया था। जून 2010 में उसे सूची से हटा दिया गया, लेकिन फरवरी 2012 में उसे वापस शामिल किया गया और फिर फरवरी 2015 में हटा दिया गया। जून 2018 में उसे तीसरी बार फिर सूची में शामिल किया गया और बाद में अक्टूबर 2022 में हटा दिया गया।

### एफएटीएफ की भूमिका

बता दें कि एफएटीएफ पिछले कई वर्षों से दुनिया भर के 200 से ज्यादा देशों को आतंकवाद की फंडिंग से निपटने के लिए गाइडलाइन दे रहा है। इन गाइडलाइनों में बैंकिंग सिस्टम पर निगरानी, संदिग्ध लेनदेन की पहचान, और सोशल मीडिया, क्राउड फंडिंग या क्रिप्टो जैसी नई तकनीकों के दुरुपयोग से जुड़ी चेतावनियां शामिल हैं।

### एक नजर

#### अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 45 वर्ष की अपनी सरकारी सेवा के दौरान कई कार्यभार संभाले। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी कांत को जुलाई 2022 में भारत का जी20 शेरपा नियुक्त किया गया था। भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने के कुछ महीने पहले उनकी नियुक्ति की गई थी। पेशेवर मंच लिंक्डइन पर 'मेरा नया सफर' शीर्षक के साथ कांत ने लिखा, 45 साल की समर्पित सरकारी सेवा के बाद, मैंने नए अवसरों को अपनाने तथा जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है।

#### कुपवाड़ा में आतंकवादी की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी ने पाकिस्तान में रह रहे एक आतंकवादी की कुपवाड़ा जिले में स्थित अचल संपत्ति सोमवार को कुर्क की। आतंकवादी की पहचान अब्दुल हामिद लोन के रूप में की गई है, जो गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के मामले में वांछित है। एसआईए ने आतंकवाद का मुकाबला करने और इसके समर्थन ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से आतंकवादी की कुपवाड़ा के मावर बाला कलमाबाद में स्थित संपत्ति कुर्क कर ली है।

## यह युद्ध का युग नहीं : मोदी

### पीएम और साइप्रस के राष्ट्रपति ने प. एशिया व यूरोप में चल रहे संघर्षों पर जताई चिंता

निकोसिया, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई और उन दोनों का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने संबोधन में यह भी कहा कि बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है।

प्रधानमंत्री ने सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अभी साइप्रस में हैं। मई में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हमारे संबंधों में विश्वास है। उन्होंने 22 अप्रैल के भयावह पहलगाम आतंकी हमले को भी याद



साइप्रस में मोदी को सर्वोच्च सम्मान देते राष्ट्रपति निकोस। ● एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान जल्द
- आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए जताया आभार

किया और कहा कि साइप्रस, भारत के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है। अपने संबोधन में क्रिस्टोडौलिडेस ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि साइप्रस के लोग दुख की इस घड़ी में भारत के साथ हैं। उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु न्याय जैसे क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बात की। उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। बाद में, मोदी ने भारत-साइप्रस संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे संबंध न तो परिस्थितियों से बने हैं और न ही सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। मोदी ने कहा कि साइप्रस भारतीयों के लिए भी पसंदीदा पर्यटन स्थल है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### साइप्रस में प्रधानमंत्री मोदी को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, साइप्रस से सम्मान प्राप्त करके मैं बहुत कृतज्ञ हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं। साइप्रस के राष्ट्रपति ने मोदी को सम्मानित किया। इस सम्मान का नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित किया।

## अमरोहा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 4 महिलाओं की मौत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगल में पटाखा फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। फैक्ट्री के मलबे में दबकर 4 महिला श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य 9 श्रमिक घायल हो गए इनमें 8 महिलाएं हैं। डीएम,एसपी ने मौका मुआयना किया।

हादसा सोमवार की सुबह रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगलों में बनी पटाखा फैक्टरी में हुआ। हापुड़ निवासी सैफउर्ररहमान पुत्र कौसर अहमद की पटाखा फैक्ट्री में सोमवार को महिलाएं एवं पुरुष काम कर रहे थे।अचानक फैक्ट्री में तेज धमाका हुआ। बिस्फोट से फैक्ट्री धराशायी हो गई। टिनशेड के टुकड़े कई मीटर दूर जाकर गिरे। मलबे में कई मजदूर दब गए। चीख-पुकार मच गई। पुलिस और दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में चार महिला श्रमिकों रुक्साना पुत्री जाकिर अली निवासी गांव रजबपुर, रुमा पत्नी दानवीर निवासी गांव पपसरा, प्रवेश पत्नी शोविन्द्र निवासी गांव पपसरा, शहनाज पत्नी शाबिर निवासी रजबपुर की मौत हो गई। जबकि 8 महिलाओं सहित 9 श्रमिक घायल हो गए। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।



अस्पताल में घायलों से मिलतीं डीएम और एसपी।



विस्फोट के बाद मलबे में बदली फैक्ट्री।

- मलबे में दबकर 8 महिलाओं सहित 9 श्रमिक घायल
- तेज धमाके के साथ फैक्ट्री की बिल्डिंग और टिनशेड ध्वस्त
- डीएम निधि गुप्ता, एसपी अमित आनंद मौके पर पहुंचे

### डीएम ने जांच कमेटी गठित की

डीएम निधि गुप्ता ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। एडीएम एफआर को जांच सौंपी गई है। फैक्ट्री मालिक के लाइसेंस की जांच करवाई जा रही है। मामले की गहनता से जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## तकनीकी समस्या से हांगकांग लौटा एअर इंडिया का विमान

**मुंबई।** एअर इंडिया के एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के दिल्ली के लिए उड़ान भरने के एक घंटे के भीतर उसमें तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद सोमवार को उसे हांगकांग लौटना पड़ा। आपात स्थिति में सुरक्षित से विमान की लैंडिंग कराई गई। विमान का निरीक्षण किया जा रहा है।

उड़ान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे (स्थानीय समयानुसार) रवाना हुई और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली में उतरना था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार.कॉम' के अनुसार, यह उड़ान लगभग 3.5 घंटे की देरी से रवाना हुई थी। इसका निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 8.50 बजे था।

- दिल्ली के लिए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर ने भरी थी उड़ान

### बम की धमकी के बाद फ्रैंकफर्ट लौटा विमान

**लंदन/हैदराबाद।** हैदराबाद के लिए उड़ान भरने वाले लुफ्थांसा कंपनी के एक विमान में बम रखा होने की धमकी मिलने के बाद उसे फ्रैंकफर्ट हवाईअड्डे पर लौटना पड़ा। विमान संख्या एलएच752 रविवार को जर्मनी से स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.14 बजे रवाना हुआ था और इसे देर रात हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था, उड़ान के कुछ घंटों बाद ही मार्ग में परिवर्तन देखा गया।

## 119 मृतकों का हुआ डीएनए मिलान

### पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

अहमदाबाद/ राजकोट, एजेंसी

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के जरिये 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ राजकोट में अंतिम संस्कार किया गया।

एक अधिकारी ने उम्मीद जताई की कि सभी मृतकों के डीएनए मिलान की प्रक्रिया मंगलवार शाम या बुधवार सुबह तक पूरी हो जाएगी। रूपाणी उन 242 लोगों में शामिल



### विमान हादसा

- डीएनए मिलान प्रक्रिया दो दिन में पूरी होने की उम्मीद
- गृह मंत्री अमित शाह ने रूपाणी को दी अंतिम विदाई

थे, जो गुरुवार दोपहर लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 में सवार थे। पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी के पार्थिव शरीर को शहर के सिविल अस्पताल में उनकी पत्नी अंजलि रुपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों को सौंप दिया गया। विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

## अब यूपीआई से लेनदेन होगा और तेज

**नई दिल्ली।** यूपीआई के जरिए लेनदेन सोमवार से और तेज होने जा रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान के लिए प्रतिक्रिया समय को घटाकर 10 सेकंड कर दिया है। यूपीआई एक तत्काल भुगतान प्रणाली है, जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए बैंकों के बीच लेनदेन की सुविधा के लिए विकसित किया है। एनपीसीआई के हाल के परिपत्र के अनुसार धन हस्तांतरण, स्थिति जांच और वापसी सहित लेनदेन अब 30 सेकंड के बजाय 10 से 15 सेकंड में पूरे हो जाएंगे। इस तरह यूपीआई भुगतान में पता सत्यापित करने में लगने वाला समय अब पहले के 15 सेकंड की तुलना में केवल 10 सेकंड लगेगा।

## ईरान के मिसाइल हमले से दहला इजराइल

- 5 की मौत, दर्जनों घायल, इजराइल का दावा- ईरान के 120 से अधिक मिसाइल लांचर नष्ट किए

तेल अवीव, एजेंसी

ईरान ने इजराइल पर मिसाइल से सिलसिलेवार 100 हमले किए जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

उधर, इजराइल ने दावा किया कि उसने ईरान की राजधानी पर हवाई श्रेष्ठता हासिल कर ली है और उसके विमान अब बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं। इजराइल ने कहा ईरान से तेहरान तक के आसमान में आसानी से उड़ान भर सकते हैं और उसने जमीन से जमीन पर मार करने वाले 120 से अधिक उन मिसाइल लांचरों को नष्ट कर दिया है जहां से इजराइल पर हमला किया जा रहा था।

### भारतीय छात्रों के संपर्क में विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच, केंद्र ने सोमवार को कहा कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे संपर्क कर रहा है तथा कुछ मामलों में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचा रहा है।

## शादी से एक दिन पहले युवती ने प्रेमी से कराई मंगेतर की हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- रामपुर के गंज निवासी युवक का रतनपुरा के जंगल में मिला शव, चार पर रिपोर्ट
- 15 जून को जानी थी बरात, 14 जून को युवक का अपहरण कर हत्या कर दी

**अमृत विचार :** शादी से एक दिन पहले युवक की अपहरण कर हत्या कर दी गई। होने वाली दुल्हन पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या का आरोप लगाया गया। पुलिस ने एक आरोपी की निशानदेही पर रविवार देर रात युवक का शव बरामद कर लिया। प्रेमी व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। युवती से पूछताछ की जा रही है। चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गंज थाना क्षेत्र के घेर रहमत खां निवासी 22 वर्षीय निहाल की शादी भोट थाना क्षेत्र के गांव धनपुरा की गुलफ्शां से तय हुई थी। 15 जून को उसकी बरात जाना थी। 14 जून को उसके पास किसी का फोन आया कि तुमको शादी के लिए कपड़े दिलवाने है। इसके बाद वह चला गया। लौटकर नहीं आया तो परिजनों ने गंज थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो दो युवक निहाल को बाइक से ले जाते दिखाई दिए। पुलिस ने एक आरोपी फरमान को पकड़ लिया और सख्ती से पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर रविवार की रात निहाल का शव अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरा शुमाली के जंगल से शव बरामद कर लिया।

मृतक के बड़े भाई नायाब ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके भाई का अपहरण कर होने वाली दुल्हन उसके प्रेमी सद्दाम, अनीस और फरमान ने हत्या की है। एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों ने निहाल के अपहरण के बाद हत्या कर शव छिपा दिया था। पकड़े गए दो आरोपियों में एक आरोपी सद्दाम के मृतक की मंगेतर से संबंध थे। युवती और उसके प्रेमी से पूछताछ चल रही है। फरमान को जेल भेज दिया गया।


## सस्ती बिजली खरीद भारी कमाई की तैयारी में निजी कंपनियां

### सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट से हुआ खुलासा, उपभोक्ता परिषद ने आयोग में दाखिल की याचिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** ऊर्जा निगमों में निजीकरण के जरिये बिजली वितरण क्षेत्र में कारोबार का सपना देख रही नामचीन निजी कंपनियां सस्ती बिजली खरीदकर भारी मुनाफा कमाने की तैयारी में हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग में पेश की गई सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग में याचिका दाखिल कर इस पर सख्त आपत्ति जताई है। याचिका में कहा गया है कि पावर कॉरपोरेशन से पहले परिषद की याचिका पर



- कहा, पावर कॉरपोरेशन से पहले की जाए परिषद की याचिका पर सुनवाई

सुनवाई की जाए। वर्तमान में पावर कॉरपोरेशन पावर पर्चेज एग्रीमेंट पीपीए के तहत राज्य विद्युत उत्पादन निगम व अन्य स्रोतों से सस्ती बिजली खरीदता है और राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से निर्धारित बिजली दरों पर बिजली उपभोक्ताओं को बिजली विक्रय कर रहा है। इसके अलावा किसानों को लिए नलकूप के लिए मुफ्त बिजली देने के एवज में सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है। परिषद की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि सलाहकार कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में निजी कंपनियों को सरकारी निगमों की तर्ज पर सस्ती बिजली देने व सब्सिडी देने की बात कही है। ऐसा होने पर निजी कंपनियों को बिजली उपभोक्ताओं से बिल व सब्सिडी के तौर पर भारी मुनाफा होने की संभावना है।

### निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार नहीं दे सकती निर्देश

सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकार विद्युत अधिनियम की धारा 108 का प्रयोग निजीकरण के मामले में भविष्य में करेगी। कॉरपोरेशन ने इस पर भी नियामक आयोग से अभिमत मांगा है। इस पर उपभोक्ता परिषद की याचिका में आपत्ति उठाते हुए कहा गया है कि धारा 108 का प्रयोग सरकार लोक महत्व के मामले में कर सकती है न की निजी घरानों को लाभ पहुंचाने में करने का अधिकार है।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सोमवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका दाखिल की। याचिका में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की गई है। परिषद की ओर से कहा गया है कि कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की अधिकतम 8 रुपये प्रति यूनिट और शहरी घरेलू की अधिकतम 9 रुपये प्रति यूनिट की बात कही गई है।

## शहर में आज



☞ रेल कर्मचारियों के कक्षा 9 से 12 व उससे ऊपर की कक्षाओं के बच्चों के लिए करिअर काउंसिलिंग मनोरंजन सदन में सुबह 8 :00 बजे

☞ रामगंगा विहार के वेव ग्रीन सोसायटी में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह का छठां दिन शाम 4 :00 बजे

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।

अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!

स्थानः गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001

भागवत आचार्यः श्री शिव कुमार जी

संपर्क करें: 9410478735

# पंजीकरण में की जा रहीं त्रुटियां विवि ने सुधार को बनाई टीम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गुरु जम्भेश्वर विवि में प्रवेश के लिए पंजीकरण कराने वालों की संख्या 31 हजार पार

**अमृत विचारः** गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय में अब तक मंडल के 362 महाविद्यालयों से 31 हजार से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। हालांकि पंजीकरण प्रक्रिया में त्रुटियां की जा रही हैं जबकि विवि की ओर से हेल्प डेस्क बनाई गई है। जो त्रुटियों का सुधार करा रही है।

सोमवार तक विवि में मंडल के सभी विद्यालयों के आधार पर पंजीकरण कराने वालों का आंकड़ा 31 हजार पार हो गया है। मगर पंजीकरण की संख्या विवि के मानक के अनुसार कम है। गुरु जम्भेश्वर राज्य विवि के कुलसचिव गिरीश द्विवेदी ने बताया कि अब तक मंडल के 362 महाविद्यालयों में से हो रहे पंजीकरण में अधिकतम गलतियां की जा रही है। इससे ऑनलाइन पंजीकरण संख्या कम दिख रही है। इसके लिए सभी महाविद्यालयों में हेल्प डेस्क का गठन करने के बाद भी सुधार न होने पर विश्वविद्यालय ने एक टीम गठित की है। जिसके सदस्य केवल विद्यार्थियों के पंजीकरण में हो रही त्रुटियों में सुधार करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 जून है यदि विद्यार्थियों की संख्या कम रही तो तिथि बढ़ाने पर विचार किया जाएगा।

## बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे स्वीमिंग पूल पर खेल विभाग की नजर

# मानक ताक पर... जगह-जगह खुल गए स्वीमिंग पूल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एनओसी न लेने वाले संचालकों के खिलाफ होगी कार्रवाई
- लाइफ गार्ड व कोच की व्यवस्था नहीं, मात्र पांच का पंजीकरण

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में जगह-जगह बिना खेल विभाग की अनुमति के स्वीमिंग पूल संचालित हो रहे हैं। मानकों का पालन किए बिना स्वीमिंग पूल संचालकों की सूची खेल विभाग बना रहा है। खेल विभाग के आंकड़े में अभी तक केवल पांच स्वीमिंग पूल संचालकों ने ही पंजीकरण कराया है।

गली-मोहल्लों में संचालित होने वाले स्विमिंग पूल की एनओसी तो दूर यहां लाइफ गार्ड और कोच तक की व्यवस्था नहीं है।

> जिले में खेल विभाग से बिना एनओसी लिए संचालित हो रहे स्वीमिंग पूल की सूची तैयार की जाएगी। इसके लिए स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। मानकों का पालन न करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। -**सुनील कुमार**, प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी

खेल विभाग की ओर से स्थलीय निरीक्षण न करने से महानगर में स्विमिंग पूल संचालक नियमों का मजाक उड़ा रहे हैं। पिछले साल जिले में बिना पंजीकरण के स्वीमिंग पूल का संचालन करने वालों के खिलाफ खेल विभाग ने कार्रवाई की थी। इस साल विभागीय अधिकारियों की शिथिलता से संचालकों को फिर पंख लग गए हैं।

यह स्थिति तब है जब बीते साल कुंदरकी, बिलारी और छजलैट में स्वीमिंग में पूल में नहाते हुए बच्चे की मौत हो गई थी।

### ये हैं मानक

- खेल विभाग से संचालन के लिए एनओसी लेनी होती है
- आपातकालीन स्थिति के लिए दो लाइफ जैकेट जरूरी
- दो ऑक्सीजन सिलेंडर व दो कृत्रिम सांस यंत्र जरूरी
- फिल्टर प्लांट प्रत्येक चार घंटे में चलाया जाना जरूरी
- प्रशिक्षित स्विमिंग कोच का होना जरूरी
- साई द्वारा प्रमाणित जीवनरक्षक की तैनाती हो
- रजिस्टर में आने वाले हर तैराक का हो उल्लेख
- चेंजिंग रूम व पूल की गहराई की मार्किंग होना जरूरी
- स्वीमिंग पूल की 12 फीट चौड़ाई, 25 फीट लंबाई
- फायर सेफ्टी, वाटर कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, प्राधिकरण से नक्शा व आपदा प्रबंधन प्लान होना चाहिए
- स्ट्रेचर की सुविधा होनी चाहिए

# सुबह हल्की बूंदाबांदी, दिन में धूप से बढ़ी उमस

## तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी के बाद भी लोग बेहाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बादलों की लुकाछिपी के बीच बूंदाबादी के बाद भी गर्मी व उमस से राहत नहीं मिल रही है। तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी आई लेकिन धूप निकलने से उमस ने बेचैन किया। अभी गर्मी व उमस के बीच प्री मानसून की बौछारें ऐसे ही 20 जून तक पड़ने का अनुमान मौसम विशेषज्ञ ने जताया है। मानसून की सक्रियता के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

सुबह बादलों के बीच छिटपुट बूंदाबांदी हुई। महानगर के कई हिस्सों में इसका असर नहीं पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कहीं बूंदाबांदी हुई तो कहीं बारिश का इंतजार लोग करते रहे। 8-10 मिलीमीटर बारिश हुई है। लेकिन 11 बजे के बाद अचानक निकली तेज धूप की तपिश ने लोगों को बेचैन किया। वहीं उमस से लोग परेशान हुए। दिन में सड़कों पर आवाजाही कम रही। शीतलपेय की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही। शिकंजी, नीबू पानी पीकर लोगों ने तरावट पाई। अधिकतम तापमान में रविवार की अपेक्षा एक डिग्री सेल्सियस की कमी आई। जो 36.5 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 71 प्रतिशत रहा। 5.1 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दक्षिण पूर्व की दिशा से हवा चली।



दोपहर में सड़कों पर दिखी आवाजाही। ● अमृत विचार

- 20 तक बौछारें पड़ने का जताया जा रहा अनुमान

गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ प्रो. आरके सिंह ने बताया कि प्री मानसून में मौसम ऐसे ही रहेगा। गर्मी व उमस के बीच कहीं छिटपुट बारिश या बौछारें पड़ेंगी। मानसून अब 25 जून या इसके बाद सक्रिय होने के आसार हैं।

### नहीं सुधर रहा दैनिक और स्पेशल ट्रेनों का संचालन, परेशान हो रहे यात्री

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ट्रेनों का संचालन सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके चलते यात्री दुश्वारियों भरा सफर करने जो मजबूर है। काफी समय से ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही है। जिसके कारण भीषण गर्मी में यात्रियों का हाल बेहाल हो रहा है। प्रतिदिन दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ स्पेशल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही है। भीषण गर्मी में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण दुश्वारियां हो रही है। गर्मी के बीच ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर न पहुंच कर यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। प्रतिदिन दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ समर स्पेशल ट्रेनें भी 8 से 13 घंटे की देरी से पहुंच रही है। जिसके कारण यात्रियों को सफर से ज्यादा स्टेशन पर ही समय काटना पड़ रहा है। सोमवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली कई समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकी। जिसके चलते भीषण गर्मी के बीच यात्रियों काफी परेशानी हुई।

| ट्रेन संख्या | नाम | देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 22423 | अमृतसर जनसाधारण | 8 घंटे 10 मि. |
| 14241 | नौचंदी एक्सप्रेस | 2 घंटे 10 मि. |
| 05577 | आनंद विहार स्पेशल | 7 घंटे 40 मि. |
| 04601 | फिरोजपुर कैंट स्पेशल | 13 घंटे 54 मि. |
| 12587 | जम्मूतवी सुपरफास्ट | 1 घंटा 21 मि. |
| 04024 | वाराणसी समर स्पेशल | 1 घंटा 6 मि. |
| 14230 | प्रयागराज संगम स्पेशल | 2 घंटे 49 मि. |
| 04214 | अयोध्या कैंट स्पेशल | 7 घंटे 44 मि. |



ट्रेन के दरवाजे पर बैठ यात्रा करते लोग।

# दिल्ली रोड व सिविल लाइंस के फुटपाथ से हटवाया अतिक्रमण



फुटपाथ से अतिक्रमण हटवाते नगर निगम के प्रवर्तन दल के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** फुटपाथ पर रेहड़ी पटरी लगाकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नगर निगम के प्रवर्तन दल की टीम ने सोमवार को अभियान चलाया। फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त कर लिया। अस्थायी निर्माण को भी टीम ने तोड़वा दिया। दोबारा ऐसा न करने की चेतावनी देकर उन्हें भगाया।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के निर्देश पर नगर निगम के प्रवर्तन दल ने दिल्ली रोड, कांठ रोड, जिला अस्पताल के सामने और स्मार्ट रोड नेटवर्क पर बने फुटपाथ पर अवैध रूप से रेहड़ी पटरी लगाकर कब्जा करने और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की गई। टीम के सदस्यों ने फुटपाथ पर रखी सामग्री को जब्त कर दो ट्राली में लादकर उसे निगम के स्टोर में रखवा दिया। चेतावनी दी कि जब्त सामान केवल उन्हीं को लौटाया जाएगा जो अतिक्रमण का शुल्क जमा करेंगे और भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने का लिखित शपथ-पत्र देंगे। नगर आयुक्त ने कहा कि फुटपाथ पैदल चलने वालों को सुगम मार्ग उपलब्ध कराने के लिए बनाया गया है। उस पर दुकान या सामान रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उनका सामान जब्त करने के साथ चालान काट कर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# खिलाड़ियों का उत्थान प्राथमिकता में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मैनपुरी में डिप्टी स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद पर रहे सुनील कुमार सिंह ने सोमवार को मुरादाबाद पहुंचकर क्रीड़ाधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया। खेल निदेशालय की ओर से प्रोन्नत कर उन्हें मुरादाबाद स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का उत्थान करना प्राथमिकता में शामिल है। स्टेडियम में खिलाड़ियों को किसी तरह की समस्या न हो, आगे बढ़ने के लिए उनके लिए क्या जरूरी है आदि बिंदुओं पर कार्य किया जाएगा। मुरादाबाद का प्रभार अब तक बरेली के क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव के पास था।



सुनील कुमार।

# नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप में तीन खिलाड़ी चयनित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** देहरादून में 18 से 20 जून तक आयोजित होने वाली नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप के लिए शहर के तीन खिलाड़ी दीपक सिंह, हरप्रीत सिंह और चिराग यादव का उत्तर प्रदेश की टीम में चयन हुआ है। उत्तर प्रदेश पिट्टू एसोसिएशन की ओर से बालिका टीम का चयन व 10 दिवसीय शिविर शहर के ग्रीन मिडोज स्कूल में संपन्न हुआ।

इस शिविर में 10 बालिका और 3 बालक का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी द्वितीय जूनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में देश भर से सभी राज्यों की टीम हिस्सा लेंगी। बालिका टीम में नेहा नेगी, श्रद्धा अग्रवाल, विकांशा विश्नोई, गरिमा, तनिषा चौधरी, विदुषी शर्मा, विदुषी पाल, मोनिका चौधरी, भव्या और यशवी का चयन हुआ है। उत्तर प्रदेश टीम के कोच विपिन जखमोला ओर टीम मैनेजर देवेंद्र कुमार राणा रहेंगे। मंगलवार को टीम देहरादून के लिए प्रस्थान करेगी।



चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में खेलगी गुलनाज

**छजलैट, अमृत विचार :** छजलैट क्षेत्र के ग्राम शाहपुर मुबारकपुर निवासी गुलनाज (17) ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर की फुटबॉल के लिए क्वालीफाई किया है। गुलनाज पुत्री नईम ने बताया कि वह ओपन नेशनल स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 में उत्तर प्रदेश की ओर से खेली। उसकी टीम ने गुजरात को 1-0 से हराया। इसके बाद उसने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है। उसने कहा कि पीटीआई गीतांजलि दक्ष व उसके मामा ने प्रोत्साहित किया। सोमवार को गांव में शिक्षिका तथा ग्रामीणों द्वारा बालिका का भव्य स्वागत किया गया। भारतीय किसान यूनियन के चौधरी ऋषिपाल सिंह ने उज्जवल भविष्य की कामना की।



परिजनों व पीटीआई के साथ गुलनाज।

# तबादला एक्सप्रेस दौड़ी, रुकने के प्रयास में लगे कई अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जून में तबादले की हर दिन जारी हो रही सूची से उड़ी अधिकारियों की नींद

**अमृत विचार :** शासन की स्थानांतरण नीति के अंतर्गत जिले में कई अधिकारियों का तबादला हो गया। इसमें कई विवादित भी रहे। संभागीय परिवहन, पंचायत राज, उद्यान और शिक्षा विभाग में कई अधिकारियों के तबादले होने से कई दूसरे अधिकारियों की भी उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। हालांकि कई अधिकारी सूची जारी होने के बाद भी स्थानांतरण रुकवाने में लगे हैं।

शासन ने रविवार को कई अधिकारियों के स्थानांतरण की सूची जारी कर उन्हें अवकाश के दिन बेचैन कर दिया। सूची में नाम देख कई अधिकारियों ने संबंधित मंत्रियों के पीए व नेताओं को फोन मिलाया। लेकिन हाथ खड़े कर दिए जाने से वह मायूस हो गए। आरटीओ प्रवर्तन दल प्रणव झा के स्थान पर लखनऊ से पंकज कुमार को भेजा गया है। प्रणव बरेली भेजे गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार को संभल भेजा गया है। मानपुर जीआईसी की प्रधानाचार्य श्वेता पुठिया को हापुड़ , बेसिक की वित्त एवं लेखाधिकारी रूबी सिंह को मुजफ्फरनगर में परामर्शदाता जिला पंचायत के पर पद भेजा गया है।

लेखाधिकारी सुनील यादव को हापुड़, रायबरेली से आरपी सिंह को मुरादाबाद का आबकारी अधिकारी बनाया गया हे। रामपुर के रमेश राणा को मुरादाबाद जिला उद्यान अधिकारी के पद पर भेजा है। उप निदेशक उद्यान पूजा सक्सेना से मुरादाबाद का अतिरिक्त चार्ज हटाया दिया गया है। अब वह उप निदेशक उद्यान सहारनपुर हैं। उनके स्थान पर मेरठ मंडल से विनीत कुमार को मुरादाबाद का उप निदेशक उद्यान बनाया गया है। माना जा रहा है कि उप निदेशक उद्यान व जिला उद्यान अधिकारी के बीच खींचतान के चलते शासन ने दोनों को यहां से हटा दिया है।

# डायरिया: बच्चों को सुरक्षित रखना प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** टाउन हॉल के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईएसआई में डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान थीम पर सोमवार को डायरिया रोको अभियान का आरंभ हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि जिले में शून्य से पांच साल तक के 7,95,385 बच्चों को डायरिया से सुरक्षित करना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता में शामिल है। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा।

अभिभावकों के साथ आए बच्चों को सीएमओ ने ओआरएस के पैकेट व जिंक की गोलियां दीं और उनकी उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे को दिन में अगर तीन या इससे अधिक बार दस्त हो तो समझना चाहिए कि वह डायरिया से ग्रसित है। ऐसे में उसे तत्काल ओआरएस का घोल देना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। अभियान के तहत जनपद और ब्लॉक स्तर पर बैठक कर डायरिया से जुड़े प्रमुख संदेशों पर चर्चा की जाएगी। जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और केनव्यू के सहयोग से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 360 स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस व जिंक कॉर्नर पर बनाए गए हैं। दीवार लेखन के माध्यम से भी लोगों को डायरिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. संजीव कुमार बेलवाल, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज दुलारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुबीर सिंह, डीसीपीएम चंद्रशेखर सिंह, यूनिसेफ से रोहित कुमार, पीएसआई इंडिया से मोहम्मद रिजवान, ममता सैनी आदि मौजूद रहे।




अभियान का आरंभ करते मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह व मौजूद अन्य।

- टाउन हॉल के नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईएसआई पर डायरिया रोको अभियान का आरंभ

### साफ पानी का उपयोग करें

अभिभावकों को समझाते हुए कहा कि दस्त के दौरान बच्चों को तरल पदार्थ दें। बच्चों को उम्र के अनुसार 14 दिनों तक जिंक की गोली जरूर दें। साफ पानी का उपयोग करें। खाना बनाने, परोसने और खिलाने से पहले हाथों की ठीक से सफाई करें।

# कृपामयी हैं कृष्ण की गोवर्धन लीला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार के वेव ग्रीन सोसायटी में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने असंख्य लीलाओं से लोक कल्याण किया। उनमें से भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला एवं छप्पन भोग महाकृपामयी हैं।

भगवान की दिव्य लीलाओं से हृदय प्रफुल्लित होकर पवित्रता को प्राप्त करता है। कृष्ण के साथ भक्तिमय सम्बन्ध का आनंदन्द असीमित है। इसे कहते हैं भक्ति-रसामृत-सिंधु। व्यवस्था में व्यवस्था में प्रदीप गुप्ता, सुनीता गुप्ता, संगीता विश्नोई, आदेश विश्नोई, शिवम विश्नोई, कनिष्का विश्नोई, आयुषी विश्नोई, सुनीता गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, वैष्णवी विश्नोई, श्वेतांश विश्नोई, प्रभा बब्बर, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, सौरभ अग्रवाल, निखिल, आदित्य, राजीव आदि ने सहयोग दिया

शैक्षिक कार्यक्रम | टीएमयू के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में व्याख्यान

# इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने जाना डीप लर्निंग का महत्व

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वक्ता बोले- एथिकल एआई व वायस फ्री मॉडल निर्माण भविष्य की बड़ी चुनौतियां

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (सीसीएसआईटी) में डीप लर्निंग मॉडल एप्लिकेशनः चुनौतियां और भविष्य की दिशा पर गेस्ट लेक्चर में जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के कंप्यूटर एवं सिस्टम साइंसेज विभाग के सीनियर प्रोफेसर प्रो. रमेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि डीप लर्निंग का उपयोग हेल्थकेयर में कैंसर की समय पूर्व पहचान, ऑटोनोमस वाहनों में विजन सिस्टम, भाषा अनुवाद, वॉयस असिस्टेंट्स, साइबर सुरक्षा सरीखे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हो रहा है। उन्होंने कहा, डेटा की उपलब्धता और हार्डवेयर की प्रगति ने डीप लर्निंग का अविश्वसनीय विकास किया है। हालांकि डीप लर्निंग मॉडल्स में पारदर्शिता की कमी, डेटा की सुरक्षा, प्रशिक्षण लागत जैसी गंभीर समस्याएं अभी मौजूद हैं। साथ ही एथिकल एआई और वायस फ्री मॉडल निर्माण भी भविष्य की बड़ी चुनौतियां हैं।



टीएमयू में व्याख्यान देते जेएनयू नई दिल्ली के प्रो. रमेश कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

प्रो. रमेश गेस्ट लेक्चर में विशेषज्ञ जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि डीप लर्निंग तकनीक न्यूरल नेटवर्क्स के जरिए मशीन को सीखने की क्षमता प्रदान करती है। उन्होंने सीएनएन, आरएनएन और ट्रांसफॉर्मर जैसे मॉडल्स की व्याख्या करते हुए उनके प्रमुख उपयोगों पर प्रकाश डाला।

भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए व्याख्यात्मक एआई, फेडरेटेड लर्निंग और न्यूरो-सिम्बोलिक एआई जैसे उभरते शोध क्षेत्रों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि ये तकनीकें न केवल डीप लर्निंग को अधिक प्रभावशाली बनाएंगी, बल्कि सामाजिक और नैतिक रूप से भी स्वीकार्य बनेंगी। संचालन डॉ. पराग अग्रवाल ने किया।

फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने सभी का आभार जताया। व्याख्यान में विभागाध्यक्ष डॉ. शंभू भारद्वाज, प्रो. अशोक कुमार, डॉ. नूपाराम चौहान, डॉ. रूपल गुप्ता, डॉ. मोहन विशाल गुप्ता, अमित सिंह, हरजिंदर सिंह के संग-संग इंजीनियरिंग के विद्यार्थी, रिसर्च स्कॉलर्स और फ़ैकल्टी मेंबर्स मौजूद रहे।

### प्रश्नोत्तर सत्र में पूछे शोध-संबंधी प्रश्न

प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने प्रो. अग्रवाल से तकनीकी और शोध-संबंधी प्रश्न पूछे। जिसका उन्होंने सरल तरीके से जवाब दिया। उन्होंने मल्टीडिसिप्लिनरी दृष्टिकोण अपनाते हुए एआई में अनुसंधान करने का सुझाव दिया।

# ट्विनिंग थीम पर क्लब के सदस्यों ने दी शानदार प्रस्तुति



इनर व्हील क्लब मुरादाबाद सेंट्रल की सभा में सम्मानित सदस्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** इनर व्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद सेंट्रल की ओर से सोमवार को बुद्धि विहार स्थित एक होटल में ट्विनिंग थीम पर दिव्यम आभार संध्या का आयोजन किया गया।

सदस्यों ने ट्विनिंग ड्रेस कोड और कैटवॉक में हिस्सा लिया। क्लब की अध्यक्ष दिव्या अग्रवाल ने वर्ष भर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। क्लब की आईएसओ नेहा वर्मा, कोषाध्यक्ष शिवानी अग्रवाल, डॉ. पल्लवी रस्तोगी ने अपने विभाग की रिपोर्ट प्रस्तुत की। होस्टिंग पारुल शर्मा और श्वेता गर्ग ने की। उन्होंने सदस्यों को हाउजी, रोचक खेल में हिस्सा दिलाकर और संवाद शैली से माहौल को जीवंत कर दिया। सभी सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया।

**आज का मौसम**

धूप व हल्के बादलों के बीच बूंदाबांदी हो सकती है।

35.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:15

# सड़क किनारे मिला मानसिक मंदित युवक का शव

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- रविवार शाम दावत में गया था मोहल्ला मनिहार का मोहसिन

**अमृत विचार :** एक युवक का शव सड़क किनारे मिलने की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान कराई। पहचान ठाकुरद्वारा नगर के मोहल्ला मनिहार वार्ड नंबर 3 निवासी मोहसिन(32) उर्फ अन्नी पुत्र दानिश के रूप में हुई।



मृतक मोहसिन।

मोहसिन के पड़ोसी आसिफ ने बताया कि वह रविवार शाम घर से दावत खाने निकला था। वो मानसिक मंदित था। देर रात तक घर नहीं आया तो परिजनों ने उसे तलाश किया। लेकिन कहीं पता नहीं चला। थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। रातभर परिजन मोहसिन को इधर से उधर तलाश करते रहे। सुबह मां निशा खान के पास परिचित का फोन आया और बताया कि बेटे का शव जसपुर रोड स्थित फैजुल्लागंज ठाकुरद्वारा मार्ग पर पड़ा है। मृतक के शरीर व मुंह सर पर चोटों के निशान थे। खून भी बह रहा था। कयास लगाए गए कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हादसा हुआ। उधर पुलिस क्षेत्राधिकार रुद्र कुमार ने जांच पड़ताल की। सूचना पर मृतक के परिजन पहुंच गए। मृतक की मां का रोते हुए लगता बुरा हाल था।

### कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

# समय से मिल रहा लाभार्थियों को कृषक दुर्घटना का लाभ

**मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिले में मंडलायुक्त व जिपं अध्यक्ष ने दिए 74 लाभार्थी किसानों के परिवारों को 3.65 करोड़ रुपये के डेमो चेक

**अमृत विचार :** आंबेडकर नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11,690 कृषक आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता खातों में भेजी।

जिसका सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में देखा गया। स्थानीय स्तर पर मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली चौहान, डीएम अनुज सिंह ने जिले के 74 लाभार्थी कृषक परिवारों को 3 करोड़ 65 लाख 83 हजार 200 रुपये के डेमो चेक वितरित किए।

कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। मंडलायुक्त ने स्थानीय लाभार्थी किसान परिवारों को डेमो चेक वितरित करते हुए कह कि पहले इस योजना का लाभ समय से नहीं मिल पाता था लेकिन अब शासन से सीधे लाभार्थियों तक योजना का लाभ मिल रहा है। इसका दायरा भी काफी बढ़ा दिया गया है।



लाभार्थी को सहायता धनराशि का डेमो चेक सौंपते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, जिपं अध्यक्ष डॉ. शेफाली चौहान, डीएम अनुज कुमार सिंह व पूर्व विधायक राजेश कुमार।

जिपं अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के द्वारा किए जा रहे कार्यों का किसी तरह से मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। किसानों का जीवन धरती की सेवा में व्यतीत होता है।

डीएम ने कहा कि जो घटना आप लोगों के साथ घटित हुई है उसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। योजना के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा पात्रों को लाभ दिलाया जा रहा है। यह न केवल आर्थिक सहारा है, बल्कि प्रदेश सरकार का उन किसानों के प्रति कर्तव्यबोध है, जिनका जीवन खेतों से जुड़ा है।

इस दौरान भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह चुन्नू, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र, उपजिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट डॉ. राममोहन मीना, उपजिलाधिकारी कांठ संतदास पंवार के अलावा अन्य अधिकारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

**एक नजर**

## शिविर में छात्राओं को कराया योगासन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में छात्राओं ने योगाभ्यास किया। प्राचार्य प्रो. चारु मल्होत्रा ने छात्राओं को योग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि योग का मानव जीवन में बहुत महत्व है क्योंकि इसका संबंध मनुष्य के शरीर और मन को स्वस्थ रखने से हैं। योग के नियमित अभ्यास से बेहतर एकाग्रता में वृद्धि होती है। योग एक ऐसा व्यायाम है जो व्यक्ति में फुर्तीलापन, शक्ति और संतुलन में सुधार करता है। मुख्य संयोजिका प्रोफेसर अंजना दास ने कहा कि हमे योग को अपने जीवन का आवश्यक अंग बनाना चाहिए। संचालन डॉ. शेफाली अग्रवाल ने किया। शिविर में प्रो. सुनीता शर्मा, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. सुदेश, प्रो. प्रवीण सैनी, डॉ. अपर्णा त्यागी, डॉ. सुनीति आदि मौजूद रहीं।

## मंडल अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को दी बधाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर के रामगंगा विहार नगर मंडल के कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार प्रजापति ने नये पदाधिकारियों को बधाई दी। मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति ने बताया कि रामगंगा विहार मंडल में रोशनलाल सैनी, अनूप महरोत्रा, पिंकू गुप्ता तिलकधारी, विजय कुमार वर्मा, ओपी चौधरी, गौरव पांडे मंडल उपाध्यक्ष, मयंक कश्यप व अनुजतोष शर्मा मंडल महामंत्री, विशाल चौधरी, सोनल अग्रवाल, शिवम प्रकाश, बबीता, ब्रह्मजीत सिंह, नीरज शर्मा मंडल मंत्री, संजय पाठक कोषाध्यक्ष, संजीव शर्मा मीडिया प्रभारी, आशीष सक्सेना सोशल मीडिया प्रभारी व दुष्यंत कुमार आईटी प्रभारी होंगे। इनके मनोनीत होने पर भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, डॉ. केके मिश्रा, पार्षद सुरेंद्र बिश्नोई, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, पार्षद दिनेश गोला, अमित शर्मा, डॉ. हर्षवर्धन शर्मा, योगेश गुप्ता, अजय वर्मा, सुनीता शर्मा, शशि किरण, डॉ. पुनीत गुप्ता, पंकज शर्मा, अनूप खन्ना, भूदेव सिंह चौहान आदि ने खुशी जताई।

# पीतल फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, हड़कंप

### दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू, घनी आबादी की घटना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रभात मार्केट में सोमवार सुबह एक पीतल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें और काले धुएं का गुबार पूरे इलाके में फैल गया, जिससे क्षेत्रवासियों में अफरा-तफरी मच गई।

मंगला हैंडीक्राफ्ट नामक इस फैक्ट्री के मालिक राकेश कुमार हैं। फैक्ट्री घनी आबादी के बीच स्थित है। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। वहीं आसपास अफरा तफरी मच गई। अग्निशमन विभाग के लगभग 10 फायर फाइटर्स ने तत्काल आग बुझाने का कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए समय रहते



फर्म गली में होने के कारण नहीं पहुंच पाई फायर ब्रिगेड। ● अमृत विचार

- समय रहते आग बुझने से बड़ा हादसा टला, लोगों ने ली राहत की सांस

आग को फैलने से रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। फायर अधिकारियों के अनुसार कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। हालांकि आग से फैक्ट्री को कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन अभी नहीं हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में संकरी गलियां और बिजली की जर्जर लाइनें इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा देती हैं। लोगों ने प्रशासन से घनी आबादी में चल रही फैक्ट्रियों की नियमित जांच की मांग की है।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

**छजलैट, अमृत विचार:** अनियंत्रित कार चालक ने साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

छजलैट क्षेत्र ग्राम भीकनपुर निवासी अनुज कुमार(25) रविवार दोपहर 3 बजे छजलैट की ओर से साइकिल से घर लौट रहा था। पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और कार को घेर लिया। इसके साथ ही पुलिस को घटना की सूचना दी। घायल के परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल मे भर्ती करा दिया गया, जहां युवक की उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई। मृतक मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था।



मृतक अनुज कुमार।

# हमारा तो ठगी का काम है अपने रुपये भूल जाओ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- स्कूल में एडमिशन का झांसा देकर सिक्योरिटी गार्ड ने ठगे एक लाख रुपये
- रुपये मांगने पर पीड़ित से मारपीट, आरोपी गार्ड समेत दो के खिलाफ दर्ज

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति से स्कूल में दाखिले के नाम पर एक लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रुपये मांगने पर आरोपी ने हमारा तो ठगी का काम है, अपने रुपये भूल जाओ कहकर पीड़ित से मारपीट की।

थाना कटघर क्षेत्र के छोटी मंडी निवासी दानिश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह बेटी का एडमिशन सिविल लाइंस स्थित एक स्कूल में कराना चाहता था। इस दौरान स्कूल में उसकी मुलाकात मुनीश शर्मा से हुई, जो बुद्धि बिहार मझोला स्थित डीसी सिक्योरिटी में गार्ड के पद पर कार्यरत बताया गया। दानिश का आरोप है कि मुनीश ने उसे भरोसा दिलाया कि उसकी स्कूल प्रशासन में अच्छी जान-पहचान है और वह उसकी बेटी का दाखिला करवा देगा। लेकिन एक लाख रुपये देने होंगे। पीड़ित उसके झांसे में आ गया और 8 मई 2025 को पैसे दे भी दिए। लेनदेन की वीडियो रिकॉर्डिंग उसके पास है। कई दिन बीत जाने के बाद जब दाखिले की कोई प्रक्रिया नहीं हुई तो मुनीश से दोबारा संपर्क किया तो उसने स्कूल की एक शिक्षिका से झूठी बातचीत करवा कर बहलाने की कोशिश की। इसके बाद पता चला कि मुनीश नौकरी छोड़कर गांव सराय ज्वालापुरी तहसील चंदौसी जिला संभल चला गया है। आरोप है कि जब दानिश ने फोन पर रुपये मांगे तो मुनीश ने अपने भाई अवधेश शर्मा के साथ आकर कहा कि हमारा तो ठगी का काम है, अपने रुपये भूल जाओ। अब तुम्हारे पैसे नहीं मिलेंगे। इसके बाद दोनों ने पीड़ित से गाली-गलौच व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## देवर ने की अश्लीलता पति ने दिया तीन तलाक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दहेज में दो लाख रुपये और बाइक की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को प्रताड़ित किया। आरोपियों ने उसे मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की। देवर ने छेड़छाड़ व अश्लीलता की। पति ने तीन तलाक देकर निकाल दिया।

थाना पाकबड़ा क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 6 साल पहले पाकबड़ा के ही एक युवक से हुई थी। आरोप लगाया कि कुछ दिन बाद ही पति व ससुराली दहेज में दो लाख व बुलेट की मांग को लेकर परेशान करने लगे। आरोप है कि 11 जून को मारपीट की जिसकी शिकायत उसने थाने पर की तो ससुराली उसे ले गए। अगले दिन शाम पांच बजे वह ससुराल में थी, तभी बेल्ट-डंडे से बुरी तरह पीटा। देवर ने कपड़े फाड़ दिए। आरोपियों ने दुपट्टे से गला घोटकर जान से मारने की भी कोशिश की। उसी दौरान पति ने तीन तलाक देकर धक्का मारकर घर से निकाल दिया। एसएसपी से गुहार लगाई, जहां से एफआईआर के आदेश हुए। इस संबंध में थाना पाकबड़ा प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पति, समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मांगों को लेकर नॉर्दर्न मेंस यूनियन का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन द्वारा सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के चैंबर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन रेल कर्मचारियों की लंबित 21 सूत्रीय मांगों को लगातार अनदेखी करने के विरोध में किया गया।

प्रदर्शन के दौरान यूनियन ने प्रमुख मांगों जैसे रनिंग कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची में सुधार, ट्रेनों में कार्यरत ट्रेन मैनेजर मेल के बढ़े हुए पदों पर पदोन्नति में शिथिलता, मेडिकल अनफिट कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय, और कर्मचारियों के हितों की अन्य प्रमुख समस्याओं को उठाया। भोजनावकाश के समय एक घंटे तक चले इस तीव्र विरोध प्रदर्शन के दौरान मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर सीनियर डीपीओ की तानाशाही नहीं चलेगी, अफसरशाही मुर्दाबाद जैसे नारों से गूंज उठा। प्रदर्शन का



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रेलवे कर्मचारी। ● अमृत विचार

- रेल कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर लगातार अनदेखी का विरोध

नेतृत्व यूनियन के मंडल अध्यक्ष कॉमरेड मनोज शर्मा एवं मंडल मंत्री कॉमरेड राजेश चौबे ने किया। प्रदर्शन के दबाव में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी ने यूनियन पदाधिकारियों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। यूनियन के मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा के साथ हुई बातचीत में अधिकारी ने अधिकतर मांगों पर सहमति जताई और समाधान का आश्वासन दिया। मंडल मंत्री कॉमरेड राजेश चौबे ने सभी कार्यकर्ताओं को बताया कि अधिकारी ने प्रमुख मांगों पर सहमति जताई है। कहा कि यदि समाधान नहीं हुआ तो यूनियन फिर बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदर्शन के दौरान सहायक मंडल मंत्री कॉमरेड शिवराज सिंह, दीपक यादव, मंडल उपाध्यक्ष कॉमरेड रजनीश चौबे, कॉमरेड मोहित गुप्ता, कॉमरेड सुनील तिवारी, मंडल कोषाध्यक्ष कॉमरेड नफीस अहमद, शाखा मंत्री कॉमरेड विनेश ठाकुर, कॉमरेड राजपाल सिंह, कॉमरेड आईवन एडिशन, शाखा अध्यक्ष कॉमरेड पीके शर्मा, कॉमरेड दिनेश श्रीमाली समेत सभी शाखाओं के पदाधिकारी शामिल रहे।

## खड़ी गाड़ी में टक्कर मारकर मारपीट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** थाना मुगलपुरा क्षेत्र की जामा मस्जिद चौराहा निवासी सऊद जावेद ने थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 15 जून की शाम वह भाई बिलाल इफ्तेखार व अमीर हमजा के साथ राम गंगा विहार चौकी के पीछे चटोरी गली के पास खड़े जूस पी रहे थे।

तभी एक मारुति ने उनकी खड़ी गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी। जब सऊद ने गाड़ी सवारों से बात की तो कार में बैठे पांच अज्ञात युवकों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। सभी नशे में थे। उन्होंने कार से उतरकर सऊद व उसके भाइयों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में सऊद जावेद को गंभीर चोटें आई। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर कार सवार पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पेड़ पर चढ़े किशोर की करंट लगने से मौत

संवाददाता, मूंढापांडे

- 5 दोस्तों के साथ जामुन तोड़ने पहुंचा था मिलक उधमपुरा का मोनिश
- 11 हजार की लाइन से लगे करंट से पेड़ पर चिपका, लोगों ने छुड़ाया

**अमृत विचार :** एक गांव के पांच दोस्त एक साथ जामुन तोड़ने गए थे। एक किशोर नियामतपुर इकरोटिया टोल के पास राइस मिल के सामने लगे पेड़ों से जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ गया। पेड़ों के ऊपर से गुजर रही ग्यारह हजार की लाइन की चपेट में आने से किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई।

मूंढापांडे के गांव मिलक उधमपुरा निवासी मोनिश(17) पुत्र नजाकत अली सोमवार को पेड़ पर जामुन तोड़ने के लिए चढ़ा था। पेड़ों के ऊपर से गुजरी ग्यारह हजार की लाइन से छूकर मोनिश को करंट लगा और वह पेड़ से चिपक गया। मोनिश को पेड़ से चिपका देख नीचे खड़े दोस्तों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने लाठी-डंडों की मदद से मोनिश को पेड़ से उतारा। परिजनों को पता लगा तो



किशोर को अस्पताल ले जाते एंबूलेंस कर्मी व मौके परमौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

वह भी घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक को रेत में दबाकर प्राथमिक उपचार दिया गया।

एंबुलेंस के आने पर परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मोनिश को मृत घोषित कर दिया। खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और पोस्टमार्टम के लिए कहा तो परिवार वालों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। मृतक के परिवार में पिता मां रेहाना, बड़ा भाई दानिश, बहन अंजुम, तबस्सुम, नगमा व सना का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है।

## घर में ई रिक्शा चार्ज करते समय करंट से युवक की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** बिचोला ढूकी गांव के अली अहमद किसान हैं जबकि उनका बेटा अहमद हसन ई रिक्शा चलाता है। बीती रात करीब 11 बजे वह घर पर ही ई रिक्शा को चार्ज कर रहा था। इसी बीच उसे करंट लग गया। आस में निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में पिता अली अहमद, माता भूरी बेगम के अलावा भाईयों में दिलशाद और नबी हसन जबकि एक छोटा भाई जान मोहम्मद है। युवक की मौत से सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव को गांव में ही सुपुर्दे खाक किया गया। ग्रामीण परिवार को सांत्वना देने के लिए पहुंचे।



# सीएसआर फंड का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करें अधिकारी

- कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में बोले राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के सदस्य
- पर्यावरण की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी, अन्यथा गंभीर होगा संकट



बैठक करते सदस्य डॉ. अफरोज अहमद व साथ में डीएम अनुज सिंह व एसएपी सतपाल अंतिल।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सर्किट हाउस सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के सदस्य /जज डॉ. अफरोज अहमद की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण योजना के संबंध में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारी सीएसआर फंड का सही जगह इस्तेमाल सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि नदियों के पास होने वाली कृषि में कम से कम फर्टिलाइजर का इस्तेमाल होना चाहिए।

किसानों को ज्यादा से ज्यादा कार्बन क्रेडिट का फायदा मिले इसे भी देखें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है। पर्यावरण की सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम आज इसे बचाने के लिए कदम नहीं उठाएंगे तो आने वाली पीढ़ियां गंभीर संकट का सामना करेंगी। पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए हर व्यक्ति, संगठन और सरकार को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना होगा। जिससे हम और हमारी धरती दोनों स्वस्थ और सुरक्षित रह सके। उन्होंने जिले में पराली जलाने, खनन, पौधारोपण से संबंधित विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के लिए कहा। बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, जिला कृषि अधिकारी के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कालाबाजारी रोकने को कृषि अधिकारी करें निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कृषि संबंधित उर्वरकों की टैगिंग रोकने और रेटिंग और कालाबाजारी व तस्करी रोकने के संबंध में डीएम अनुज सिंह तेवर सख्त हो गए है। उन्होंने उर्वरक की काला बाजारी और तस्करी करने वाले विक्रेताओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। इसके लिए डीएम ने जिला कृषि अधिकारी और सहायक निबंधक सहकारी समिति को थोक व फुटकर विक्रेताओं का औचक निरीक्षण करने के लिए कहा है। स्टॉक बिक्री रजिस्टर चेक करने के बाद दोषी मिलने पर कार्रवाई की बात कही है। सोमवार को डीएम ने प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के आदेश अनुसार उर्वरकों की बिक्री वितरण के साथ-साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग रोकने ओवर रेटिंग, कालाबाजारी तथा तस्करी किए जाने के संबंध में जिले में 600 उर्वरक विक्रेताओं को नियमानुसार विक्रय वितरण करने के लिए निर्देशित किया है। वर्तमान में खरीफ की फसलों की बुवाई-रोपाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। बुवाई के समय उर्वरक की जून-जुलाई में अधिक मांग बढ़ जाती है। प्रत्येक कृषक को उर्वरक समय से व्यवस्था करने के निर्देश दिए। यदि कोई विक्रेता निर्धारित खुदरा मूल्य से अधिक उर्वरकों की बिक्री करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले के 600 उर्वरक बेचने वालों में 12 थोक विक्रेताओं व फुटकर विक्रेताओं की दुकानों का सप्ताह में औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

## खेलते हुए पहुंचे बच्चे को पड़ोसी ने पीटकर किया अधमरा

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** खेल-खेल में पड़ोसी के घर बच्चा पहुंच गया। पड़ोसी ने बच्चों को जमकर पीट दिया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों के पूछने पर पड़ोसी ने बताया कि बच्चा चोरी करने आया था। पुलिस ने बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

थाना सोनकपुर के गांव अमरोला निवासी अनिल ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी के गांव कॉन्डरी में उसका बेटा रितिक मेहमानदारी में गया था। वह बच्चों के साथ खेल रहा था। वह बेटी के पड़ोसी के घर खेलते हुए चला गया और छिप गया। उसी समय गांव के संजय पुत्र रामदास, उदय सिंह पुत्र मोहर सिंह ने रितिक को पकड़कर चोर-चोर का शोर मचाकर उसे बुरी तरह मारा पीटा। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई है। बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# नाला सफाई में लापरवाही पड़ेगी भारी जरा सी बारिश में उफना रहे नाले-नालियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मानसून की बरसात से पहले नाला सफाई में लापरवाही इस साल भी भारी पड़ सकती है। हर साल महानगर वासियों को बरसात में जलभराव से जूझना पड़ता है। थोड़ी देर की बारिश में नाला उफनाकर सड़कों पर गंदा पानी बहने लगता है। इस बार बेहतर कार्य का दावा नगर निगम प्रशासन कर रहा है। लेकिन अभी भी कई प्रमुख नाले की सफाई नहीं हुई है।

नगर निगम प्रशासन का कहना है कि 69 बड़े नालों में से 60 की सफाई हो चुकी है। छोटे बड़े सभी नालों को मिलाकर 90 प्रतिशत सफाई का कार्य पूरा हो चुका है। लेकिन सफाई कर्मचारियों के काम की ठीक से मानीटरिंग न होने से अभी भी कांठ रोड के अलावा अन्य कई प्रमुख नाले में कूड़ा कचरा



नाला चोक होने के कारण रोड पर भरा पानी। ● अमृत विचार

- बरसात में हर साल जलभराव से जूझते हैं महानगर वासी

पटा है। आशियाना में भी बड़े नाला की सफाई ठीक से नहीं हुई है। यहां जरा सी बारिश से तालाब बन जाता है। सड़क के गड्ढों में पानी भरने से हादसे की आशंका इस बार भी बनी है। कांठ रोड पर किला तिराहा, रामगंगा विहार में बरसात में नाला उफान पर आता है। जिससे मूसलाधार बारिश होने पर कई घंटे तक गंदा पानी के बीच लोगों की आवाजाही होती है। जिससे संक्रामक बीमारियों की आशंका भी बढ़ती है।

# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

**सुश्रुत क्लीनिक**
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



**डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)**
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर – राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



**डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)**
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

**गुदा रोगों के लक्षण**
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

**समय**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
**रविवार**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# भाजपा बिना भेदभाव कर रही दलित-पिछड़ों का उत्थान

## बिलारी तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोले विधायक रामवीर सिंह, ठाकुरद्वारा में एसडीएम व पूर्व प्रत्याशी ने दिए चेक

संवाददाता, बिलारी



बिलारी में लाभार्थियों को डेमो चेक देते कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार



चेक वितरण के बाद लाभार्थियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 31 पीड़ित परिवारों को पांच लाख रुपये की सहायता राशि के चेक कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह द्वारा सौंपे गए। इससे पहले सभागार में एलईडी के माध्यम से आंबेडकर नगर का मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके उपरांत स्थानीय पीड़ित परिवार के आश्रितों को डेमो चेक सौंपे गए।

विधायक ने कहा कि यह दुख का अवसर है कि इन परिवारों ने घर के कमाऊ सदस्यों को दुर्घटना में खोया है, हमारी संवेदना उनके साथ है। बोले, भाजपा सरकार बिना भेदभाव के सभी के लिए काम कर रही है किसी भी योजना में किसी जाति वर्ग के साथ कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस योजना के अंतर्गत किसी कर्मचारी ने सुविधा शुल्क लिया है तो लाभार्थी बताएं वह वापस कराया जाएगा और दोषी पर कार्रवाई भी होगी। बताया

- **मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत 31 लाभार्थियों को दिए चेक**

कि सभी लाभार्थियों के बैंक खातों में धनराशि पहुंच चुकी है। कहा कि सरकार दलित, आदिवासी, शोषित, पिछड़े सभी को एक साथ लेकर चल रही है। भाजपा सरकार में गुंडे माफिया,अपराधी गरीबों को परेशान करने वाले गुंडे या तो जेल में हैं या प्रदेश से बाहर हैं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार केंद्र और प्रदेश में लगातार भारत को आगे बढ़ने का काम कर रही है। इस दौरान एसडीएम न्यायिक विनय कुमार, तहसीलदार धीरेश कुमार, तीनों नायब तहसीलदार,लेखपालों के अलावा कुंदरकी भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप , मंडल महामंत्री कुंदरकी अरविंद ठाकुर, पंकज चौहान, सुरेंद्र सिंह आचार्य आदि मौजूद रहे।

### पांच लाख के चेक मृतक किसानों के परिजनों को दिए

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर के तहसील सभागार में दुर्घटना में मृतक किसानों के परिवारों को चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह व एसडीएम प्रीति सिंह ने मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये के चेक वितरित किए। एसडीएम ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में 11690 आश्रित परिवारों को 561 करोड़ के चेक वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान की दुर्घटना में मृत्यु होने पर पोस्टमार्टम से सरकारी योजना का लाभ मिल सकता है। ठाकुर अजय प्रताप ने कहा कि योगी सरकार बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दे रही है और प्रदेश में विकास के लिए काम कर रही है। वही इस दौरान तहसीलदार प्रवीण कुमार, लेखपाल राधेश्याम ,हिमांशु चौहान ,उमेश कुमार, विकास कुमार ,मनोज कुमार , विधानसभा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार ,नागेंद्र लांबा, हेमेंद्र प्रताप सिंह, भारत सिंह, डा ओमपाल सिंह सैनी ,शरद बिश्नोई, धर्मेंद्र सिंह ,पवन पुष्पद आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### भाकियू अराजनैतिक महिला यूनियन का प्रदर्शन




**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मंगलवार को भाकियू अराजनैतिक महिला प्रकोष्ठ की तहसील अध्यक्ष ज्योति चौहान के नेतृत्व में क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। नगर में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमालपुरी व गोपीवाला में विभिन्न जगहों पर जुआ खेला जा रहा है। जिसे रोका जाना जरूरी है। एसडीएम प्रीति सिंह को ज्ञापन देकर नगर को नशीले पदार्थों व जुआ पर रोकथाम लगाने की मांग की। इस दौरान निशा, लता, पूनम देवी, पुष्पा, गीता, सुमन, कस्तूरी देवी, शकुंतला राजवती, आनंद सिंह, कुलदीप चौहान, सहित अन्य मौजूद रहे।

### चौपाल में गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां



**बिलारी, अमृत विचार :** भाजपा की मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर ढकिया नरु शक्ति केंद्र में आयोजित विकसित भारत चौपाल में ग्रामीणों को सरकार की उपलब्धियां बताई गईं। सोमवार को आयोजित चौपाल में मुख्य अतिथि प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक पंकज चौहान ने मोदी सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों गिनाईं। भाजपा सरकार द्वारा संचालित गरीब कल्याण योजनाओं के बारे में बताया। मुख्य वक्ता पंकज चौहान, भाजपा नेता डॉ विजय शर्मा, मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर, प्रधान ढकिया नरु मनोहर सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक गोपीचंद, बूथ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शर्मा, नरेश प्रजापति, किसान लाल प्रजापति, शांति प्रसाद, हरिशंकर, मनोज शर्मा, सुभाष शक्ति केंद्र के सम्मानित पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल की 16 सदस्यों की कार्यकारिणी घोषित



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपा के मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने हाईकमान के आदेश पर 16 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा की। नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने बताया कि कार्यकारिणी में दिलीप सिंह, पीयूष अग्रवाल, डॉ. आफताब हाशमी, कवित कुमार, उदयवीर सिंह, जयवीर सिंह को मंडल उपाध्यक्ष, दिनेश प्रजापति, संजीव चौहान को मंडल महामंत्री, रचना सैनी, हेमेंद्र प्रताप सिंह, रामेश्वर प्रसाद ,लेखराज सिंह, उमेश कश्यप और मंजू रानी पाल को मंडल मंत्री तथा भारत सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। नव नियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने कार्यकारिणी के सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया। आतिशबाजी कर जश्न मनाया और मिठाई बांटी।

### शिविर के लिए भाकियू टिकैत कार्यकर्ता हरिद्वार रवाना



**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय नेतृत्व में हरिद्वार में तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कांठ से कार्यकर्ताओं का एक दल शिविर में भाग लेने के लिए हरिद्वार रवाना हुआ। शिविर में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय प्रवक्ता और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों की वर्तमान समस्याओं पर विचार-विमर्श करना है। इसमें आगामी रणनीतियों और आंदोलन की दिशा पर मंथन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी राहुल चौधरी ने बताया कि शिविर में किसानों की समस्याओं को चिन्हित कर उन्हें सरकार तक पहुंचाने की योजना बनाई जाएगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष समरपाल सिंह, मीडिया प्रभारी राहुल चौधरी, गंगाराम सिंह, सतवीर सिंह, मनीष कुमार, सत्येंद्र चौधरी, जयवीर सिंह, करुण कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की कथा सुन श्रद्धालु झूमे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा जसपुर मार्ग पर स्थित फैजुल्लागंज खोखरा तालाब स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक पंडित बलराम कृष्ण शास्त्री ने कृष्ण-रुक्मणी विवाह का मनोहर वर्णन किया। सोमवार को कृष्ण-रुक्मणी विवाह की झांकी देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। भगवान श्री कृष्ण के भजनों को सुन श्रद्धालु झूम उठे। कथा व्यास ने कहा कि भगवान की लीलाओ से अभिमान का नाश होता है। ईश्वर के प्रति आशा बढ़ती है और मनुष्य के अंदर छिपे रहस्य काम, क्रोध, लोभ मोह, माया, दूर होती है। साथ ही दया प्रेम विश्वास भक्ति बढ़ती है। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महंत दिनेश गिरी महाराज, पंडित विनीत शर्मा, रविंद्र सिंह राणा, प्रेम सिंह, उदयवीर सिंह, अशोक कुमार, महिपाल सिंह, मेघनाथ सिंह, अवधेश कुमार, बबलू, कमला देवी, विमला देवी, प्रेमवती, सुमन देवी, कुसुम देवी ,जसवंती, दीक्षा देवी मौजूद रहे।

# तांत्रिक का हत्यारोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** सोमवार को कुंदरकी पुलिस ने तांत्रिक हत्याकांड का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अन्य की तलाश में लगी हुई है।

शनिवार रात ग्राम हरियाना निवासी तांत्रिक गुलाब सिंह की हत्या कर दी गई थी। तांत्रिक की पत्नी बूची की शिकायत पर ग्राम संदलपुर थाना मैनाठेर निवासी संजीव कुमार पुत्र होली लाल व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी संजीव को डींगरपुर रोड पेट्रोल पंप से आगे बाग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में कुलदीप पुत्र छत्रपाल सैनी, विनोद पुत्र कल्लू सैनी निवासीगण ग्राम संदलपुर थाना मैंनाठेर का नाम और प्रकाश में आया है जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए संजीव को जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में हत्यारोपी संजीव।

- **शनिवार रात हरियाना में घर में घुसकर की थी वारदात**
- **पूछताछ में दो और आरोपियों ने नाम प्रकाश में आए**

### बर्बाद कर दिया था घर...इसलिए मार डाला

पूछताछ में आरोपी संजीव ने बताया कि तांत्रिक गुलाब सिंह झाड़ फूंक व तांत्रिक क्रिया का काम करता था। उसकी बहन गुलाब के गलत इलाज से ज्यादा बीमार हो गई थी और जुलाई 2024 में उसकी मृत्यु हो गई। परिवार को शक था कि बहन को गुलाब सिंह ने तंत्र क्रिया से मारा था और उसके कुछ दिन बाद पिता होरीलाल भी बीमार रहने लगे थे। अन्य तांत्रिक से पता किया तो उसने बताया कि उनके घर पर गुलाब ने तंत्र विद्या कर रखी है और एक-एक कर सभी सदस्य बीमारी के चलते मरते रहेंगे। गुलाब सिंह ने उसका घर बर्बाद कर दिया इसलिए उसने साथी कुलदीप और विनोद के साथ मिलकर छुरे से गुलाब सिंह की हत्या कर दी थी।

# गोविंदपुर चौराहे पर लगेगी पूर्व विधायक की प्रतिमा

संवाददाता,भोजपुर/दलपतपुर

- **39वीं पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने किया वादा**
- **कोरवाकू से टांडा नैनीताल हाईवे जोड़ने वाली सड़क का होगा निर्माण**

**अमृत विचार:** सोमवार को कुंदरकी के भाजपा विधायक रामवीर सिंह ने कोरवाकू से टांडा नैनीताल हाईवे को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कराने, गोविंदपुर चौराहे पर पूर्व विधायक की मूर्ति लगाने व आरएचएम इंटर कॉलेज में म्यूजियम बनाने का वादा जनता दरबार में किया।

मुरादाबाद देहात विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे चौधरी रियासत हुसैन की 39वीं पुण्य तिथि पर आयोजित जनता दरबार में मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने पूर्व विधायक की जनता के प्रति ईमानदारी से प्रेरित होकर उनका अनुसरण करते हुए उनकी याद में रियासत हुसैन इंटर कॉलेज में म्युजियम की स्थापना के साथ ही गोविंद पुर चौराहे पर उनकी मूर्ति लगाने और रक्षा मंत्री या मुख्यमंत्री से लोकार्पण कराने की बात कही। स्व. रियासत हुसैन सभी वर्गों का विकास कराते थे। चौधरी साहब की तरह जनता ने मुझे भी जाति धर्म का भेदभाव मिटाकर विधानसभा भेजा है। अध्यक्षता चौधरी केदार सिंह एवं संचालन पूर्व विधायक चौधरी सौकत अली ने किया।

### गन्ना किसानों को मिलेगी जाम से मुक्ति

कोरवाकू से टांडा नैनीताल हाईवे तक सड़क बनने से भोजपुर पीपलसाना क्षेत्रवासियों खासकर गन्ना किसानों को राणा शुगर मिल बेलबाड़ा आने जाने में सिरसवां दोराहे पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलने के साथ ही तीन किमी का सफर कम होगा।

### लाइनमैन को प्रधान संगठन के अध्यक्ष ने पहुंचाया अस्पताल

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट को सोमवार को समाथल बिजली घर पर तैनात लाइनमैन स्योड़ारा के मोड़ पर बेहोशी की अवस्था में मिले। क्षतिग्रस्त बाइक भी पड़ी हुई थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एंबुलेंस को बुलवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचवाया और प्राथमिक उपचार दिलवाया। समय रहते इलाज मिलने से लाइनमैन की जान बच गई।

### नाली निर्माण को सड़क खोदने पर मारपीट

**भोजपुर, अमृत विचार :** सोमवार को मोहल्ला गढ़ी निवासी शौकीन के बेटे नाली का निर्माण करने के लिए सड़क के बीच में खोद रहे थे। पड़ोसी मोहम्मद अली ने सड़क खोदने से मना किया। इस पर मुस्तकीम, मोबीन,तसलीम और शाने आलम लाठी डंडे लेकर मौके पर आकर ललकारने लगे। मोहम्मद अली घर में दुबक गया। आरोपियों ने जबरदस्ती घर में घुसकर आरिफ, मो हुसैन व वसीम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ितों ने मदद के लिए 112 नंबर डायल किया। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी फरार हो गए। इस दौरान कस्बा चौकी इंचार्ज बृजपाल सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। पुलिस ने तीन भाइयों समेत चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### महंत के घर में घुसकर चोरी में 14 पर रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी क्षेत्र के मोहल्ला किसरौल स्थित मठ देवनदास मंदिर के महंत उमेशदास ने कोर्ट में दिए शिकायती पत्र में बताया कि 28 मार्च 2025 की सुबह आरोपी सुभाष चौहान, शशांक चौहान, बाबूराम, मनीषा, कविता, दीपेन्द्र भटनागर, रघुवर दयाल वर्मा, नीरज प्रकाश पाठक तथा सात अज्ञात लोग मिलकर एक राय होकर मंदिर परिसर स्थित आवास में घुस आए। कटर से ताले तोड़े और वहां से 6,40,000 नगद, लगभग 400 ग्राम चांदी, भगवान राम के टूटे हुए सोने के तीर-कमान (वजन लगभग 7 तोला), कीमती पीतल-कांसे के बर्तन और एक कार चोरी कर ली। घटना के समय महंत उमेशदास दूसरे मंदिर ठाकुरद्वारा शाहबाद जिला रामपुर में मौजूद थे। घटना के चश्मदीद मंदिर में रह रहे किरायेदार संजू यादव, गनपत सिंह एवं अन्य लोगों ने वारदात को देखा। उन्होंने बीती 29 मार्च को थाना नागफनी में रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन दर्ज नहीं हुई। थाना नागफनी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख के घर दबिश में पुलिस पर छीना झपटी का आरोप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- **पति के पारिवारिक विवाद को लेकर बीते शनिवार को पहुंची थी पुलिस**

**अमृत विचार:** भाजपा की पूर्व ब्लॉक प्रमुख के घर दबिश का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने पुलिस पर छीना झपटी का आरोप लगाया है।

भाजपा की ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता ने आरोप लगाया कि पारिवारिक विवाद में बीते शनिवार को बिना महिला पुलिस को साथ लिए दरोगा बलराम सिंह व सुरेंद्र कुमार अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पति की गैर मौजूदगी में जबरन घर में घुस गए। उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। बताया कि पेशे से अधिवक्ता पति का उनके परिवार से बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। कहा कि जबरन पुलिसकर्मियों के घुसने की शिकायत लेकर जब वह कोतवाली प्रभारी के पास पहुंची तो उन्होंने अभद्रता करते हुए महिला पुलिसकर्मियों को बुलाकर हाथापाई करते हुए उनका मोबाइल छीन लिया। पीड़िता ने कहा कि आरोपियों पर कार्रवाई न होने पर वह कोर्ट जाएंगी। कोतवाली ठाकुरद्वारा के उप निरीक्षक बलराम दीक्षित ने बताया कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति सुमित कुमार पर राम सखी पत्नी स्व. वीर सिंह ने भारत गैस एजेंसी के ऑफिस में पहुंचकर गाली गलौज व धमकी की शिकायत की थी। कई बार पक्ष जानने का प्रयास किया गया। सोमवार को सुमित कुमार नहीं मिले। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने पुलिस पर बयान बाजी की लेकिन वह लौट आए। माता व पुत्र में संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। आरोप मनगढ़ंत हैं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरे पिता का नाम MAJHAR ALI हो गया है जबकि पिता का सही नाम MAZAHAR ALI है भविष्य में मेरे पिता का नाम इसी नाम से जाना, पहचाना जाए MOHD AKHLAD S/O MAZAHAR ALI निवासी मोहल्ला मनहारान कस्बा, तहसील टांडा जिला रामपुर।

**सूचना**
मैंने अपना नाम Farzana Akhtar से बदलकर Farzana Mukarram Siddiqui रख लिया है। **फरजाना मुकर्रम सिद्दीकी पत्नी श्री मुकर्रम हुसैन सिद्दीकी निवासी सिद्दीकी मंजिल, ज़ीना इनायत खां, रामपुर।**

**सूचना**
मेरे नाम MALIK MIBAHUDDIN था,अब MALIK MISBAH UDDIN S/O MALIK SIRAJUDDIN PATTHAR WALI BUILDING PEERZADA STREET MORADABAD है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

**सूचना**
मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2002 अनुक्रमांक 0175206 का प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। सुनील कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी दोदराजपुर पो. डिलारी मुरादाबाद।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## 26 दिन के बाद स्कूल पहुंचे प्राइमरी के शिक्षक

**रामपुर, अमृत विचार:** 26 दिन के बाद सोमवार को कक्षा एक से 8 तक के सरकारी स्कूल खुल गए। स्कूलों के हेड मास्टर समय से पहुंच गए। 20 मई से कक्षा एक से लेकर कक्षा-8 तक के सरकारी स्कूलों के अवकाश 15 जून तक के लिए कर दिए गए थे,लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए शासन की ओर से बच्चों के अवकाश 30 जून तक कर दिए गए हैं, लेकिन इस बार शिक्षकों को शासन की ओर से कोई लाभ नहीं मिला है। शिक्षकों को स्कूल जाने के आदेश हो गए थे। उसके बाद सरकारी स्कूलों के शिक्षक समय से स्कूल पहुंच गए। जबकि बहुत से स्कूलों में ताले लटके रहे। स्कूलों में पहुंचकर शिक्षकों ने साफ सफाई करवाई। शिक्षकों ने पेड़ पौधों को पानी दिया। उसके बाद काम निपटाया।

### शहर में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान, दुकानें तोड़ने से भी हुई परेशानी

# रात दिन हो रही अघोषित कटौती, जनजीवन प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बिजली की आंख मिचौली ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। दिन और रात को बिजली न मिलने के कारण लोगों को परेशानी आ रही हैं। सोमवार को नैनीताल रोड पर दुकानें गिरने के कारण करीब 6 घंटे बिजली बंद रही। जिससे लोग परेशान रहे।

भीषण गर्मी के साथ बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हो चुके हैं। पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग के अधिकारी 24 घंटे बिजली देने का कागजों में दावा कर रहे हैं। आंधी चलने या फिर बारिश होने पर बिजली सप्लाई बाधित हो रही है। सोमवार सुबह और रविवार रात को बिजली की आवाजाही से लोग परेशान रहे। जैसे तैसे बिजली आई तो नैनीताल रोड पर दुकानें टूटने के कारण बिजली करीब 6 घंटे ठप रही। जिसके चलते दुकानदारों से लेकर आम जनता तक को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं शाहबाद गेट, सिविल लाइन क्षेत्र में रातभर बिजली कटौती ने लोगों को खूब परेशान किया। शाहबाद गेट क्षेत्र में सुबह साढ़े तीन बजे से बिजली चली गई जो करीब तीन घंटे बाद आई। इसके बाद भी बिजली ने आंख मिचौली कर लोगों की नींद में खूब खलल डाला। एसी और कूलर के भरोसे लोग जीवन जीने को मजबूर हैं और बिजली कटौती के समय लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। एसडीओ सिविल लाइन सचिन रस्तोगी ने बताया कि सिविल लाइन में दुकानों के ध्वस्तीकरण के कारण आपूर्ति बाधित है, जबकि अन्य जगहों पर ब्रेकडाउन के कारण बिजली का शटडाउन लेना पड़ा है।

### बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस सेवादल ने जताया विरोध



**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता सैयद विक्की मियां ने कहा कि अघोषित कटौती से जनता परेशान हो चुकी है। बिजली के आने-जाने का कोई समय नहीं है। गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से जनता त्रस्त हो चुकी है, जबकि सरकार का दावा है कि जनता को 24 घंटे बिजली दी जा रही है। लेकिन सरकार का दावा सिर्फ कागजों तक ही सीमित हो चुका है शासन आदेशों कि अधिकारियों के द्वारा खुली अवहेलना की जा रही है। बिजली से जनता त्रस्त है और इस भीषण गर्मी में सरकार अपने झूठे प्रचार में लगी हुई है। मांग है कि गर्मी को देखते हुए 24 घंटे बिजली मिले।

# बारिश के बीच 98 दुकानों पर गरजा बुलडोजर

### पालिका कर्मचारियों ने लाल निशान लगाकर दी थी चेतावनी, 41.50 हेक्टेयर रकबा खाली कराया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार सुबह बारिश के बीच नैनीताल हाईवे पर अतिक्रमण कर बनाई गई 98 दुकानों पर नगर पालिका की जेसीबी ने ध्वस्त कर दिया। पूरे दिन दुकानदार दुकानों के मलबे से सरिया और लोहा एकत्र करते रहे। चीनी मिल व नगर पालिका की कुल 41.50 हेक्टेयर रकबा खाली कराया गया।

सिविल लाइंस क्षेत्र में सोमवार सुबह 7 बजे पालिका की चार जेसीबी नैनीताल रोड स्थित दुकानों को ध्वस्त करने पहुंच गईं। हालांकि दुकानों पर पालिका कर्मचारियों द्वारा एक सप्ताह पहले लाल निशान लगा दिए थे। इसके बाद दुकानदारों ने दुकानों को खाली करना शुरू कर दिया था और अपना सामान निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया था। नोडल अफजल समीर ने बताया कि सोमवार सुबह 7 बजे पहुंची पालिका की जेसीबी टीम के साथ पहुंची और अतिक्रमण को साफ करा दिया। उन्होंने बताया कि करीब 9 घंटे में 98 दुकानों को ध्वस्त कराया है। शाम तक दुकानों की जगह को जेसीबी से समतल करा दिया। पालिका अधिकारियों ने अतिक्रमण पर शिकंजा कस दिया है। सबसे पहले गन्ना समिति के निकट की 40 दुकानों को ध्वस्त कर अतिक्रमण को हटाया गया था। इसके बाद नवाब रेलवे स्टेशन के सामने से 30 दुकानों को ध्वस्त कराकर जगह को अतिक्रमण मुक्त कराया। सिविल लाइंस थाने के सामने से भी दो मकानों समेत 10 दुकानों को ध्वस्त कराया। सिविल लाइंस थाने के बराबर स्थित 3 दुकानों को शनिवार की सुबह ध्वस्त करा दिया गया। हालांकि, पालिका अधिकारियों ने सभी जगह अतिक्रमण हटाने से पहले दुकानों पर लाल निशान लगवा दिए थे और जगह खाली किए जाने को नोटिस दे दिया था। ईओ दुर्गेवश्वर त्रिपाठी ने बताया कि नैनीताल हाईवे पर अतिक्रमण हटाए जाने के लिए दुकानदारों से कह दिया गया था, इसके अलावा अतिक्रमण पर लाल निशान लगाए गए थे। नवाब स्टेशन के सामने हाईवे से दक्षिण दिशा में पालिका की 30 मीटर जगह है। इसलिए अतिक्रमण को साफ करा दिया गया है और इस स्थान पर सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है।



अतिक्रमण को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार



मलबे से सरिया निकालते लोग। ● अमृत विचार

● नैनीताल हाईवे के किनारे अतिक्रमण कर बना ली गईं थीं दुकानें

> सरकारी भूमि पर जहां-जहां लोगों ने अतिक्रमण किया है लोग स्वयं उसको हटा लें। अन्यथा पालिका की जेसीबी उसे ध्वस्त कर देगी। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र रोशनबाग की पत्रावलियां खंगाली जा रही है। रिकार्ड राजस्व से मिलाया जा रहा है, जहां अतिक्रमण उसे हटाया जाएगा।
>
> - **दुर्गश्वर त्रिपाठी**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद

## मसवासी में लोगों ने खुद हटाया अतिक्रमण

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरपतनगर और बिजारखाता में मार्ग चौड़ीकरण को लेकर लोगों ने अतिक्रमण को स्वयं ही हटाया। कुछ स्थानों पर जेसीबी ने चबूतरे को तोड़कर मार्ग की पटरी समतल बनाने की कवायद की है।

सोमवार को नरपतनगर और बिजारखाता की सीमाएं सील कर वाहनों का आवागमन रोक दिया। बिजली व्यवस्था भी बंद कर दी। कई दिन से लगातार चल रही इस कवायद में अधिकांश लोगों ने खुद ही अपना अतिक्रमण साफ कर लिया। अतिक्रमण साफ करने के दौरान लोगों के माथे पर आशियाना उजड़ने की लकीरें साफ दिखाई दे रही थी। इस दौरान निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। स्वार उपजिलाधिकारी अमन देओल ने दौरा कर लोगों से शीघ्र अतिक्रमण साफ करने के निर्देश दिए थे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहा। जेसीबी ने सिर्फ चबूतरे तोड़कर मार्ग की पटरी को समतल किया।



स्वार अतिक्रमण हटाते समय लोगों को समझाते एसडीएम साथ में कोतवाल।

## मार्ग के चौड़ीकरण में बाधा बने अतिक्रमण को ध्वस्त किया

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** स्वार से लेकर उत्तराखंड के सीमा तक मार्ग के चौड़ीकरण के चलते अतिक्रमण लोगों ने हटाना शुरू कर दिया है। कुछ लोगों ने एसडीएम से अवैध कब्जा तुड़वाने की मांग की।

शासन द्वारा करोड़ों रुपये से स्वार से लेकर उत्तराखंड के सीमा तक मार्ग चौड़ीकरण कराया जा रहा है। प्रशासन द्वारा पहले ही कह दिया था कि दी गई समय सीमा के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया तो अवैध कब्जे को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके बाद लोगों ने अतिक्रमण को स्वयं से तोड़ना शुरू कर दिया। लोक निर्माण विभाग ने मलबे को उठाने के लिए वाहनों को लगा दिया। पुलिस ने अतिक्रमण हटाने के चलते रूट डायवर्ट कर दिया था। वाहनों को रामपुर जाने के लिए गांव मुंशीगंज होकर स्वार को आना पड़ रहा है। सोमवार को अतिक्रमण हटाते समय कुछ लोगों ने एसडीएम अमन देओल से मिलकर अपने अतिक्रमण को हटवाने की मांग की है। एसडीएम ने बताया कि कुछ मजदूरी करने वालों ने अपना अतिक्रमण हटवाने को कहा है। तीन चार दिन का समय लगेगा। शीघ्र अतिक्रमण हटवा दिया जाएगा।

# भाजपा सरकार में लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा नयागंज मंडल के सराय गेट सेक्टर पर केंद्र में भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि जिला सह मीडिया प्रभारी शिवा शर्मा ने कहा कि 11 वर्ष में देश की सोच स्वाभिमान आत्मबल बदला है।

उन्होंने कहा कि आज देश रक्षा के क्षेत्र में अत्याधिक शक्तिशाली है। हाल ही में हुए एयर स्ट्राइक में भारत ने पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर खड़ा कर दिया। दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का नाम शामिल है। भाजपा सरकार के 11 वर्षों में देश में सड़कों का जाल बिछाया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी देश निरंतर प्रगति कर रहा है। कई मेडिकल कॉलेज और एम्स जैसे बड़े अस्पतालों का निर्माण किया है। गरीबों को निरंतर मुक्त राशन दिया जा रहा है। शिवा शर्मा ने बताया कि देश में 4 करोड़ से भी अधिक प्रधानमंत्री आवास बनाए। जिसका सीधा लाभ जनता को पहुंचा शहरी क्षेत्र में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ढाई-ढाई लाख रुपये मकान निर्माण के लिए दिए गए हैं। इस अवसर पर सभा में नया गंज मंडल अध्यक्ष राजू सुमन, कमल कुमार तुरैहा, निखिल सक्सेना, हीरालाल, बरनवाल, मोहित रस्तोगी, रवि अग्रवाल, सतीश कुमार, जेडी बरनवाल, मयंक सक्सेना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपाई। ● अमृत विचार



नव नियुक्त भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत करते चौधरी संजय सिंह।

● केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर हुए कार्यक्रम

### भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाएं लोगों तक पहुंचाएं

**सैफनी, अमृत विचार :** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिला उपाध्यक्ष चौधरी संजय सिंह के दनियांपुर गांव स्थित आवास पर स्वागत समारोह हुआ। जिसमें भाजपा शाहबाद नगर मंडल कार्यसमिति के नवनियुक्त कार्यकर्ताओं का माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। चौधरी संजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष शाहबाद ठाकुर नरेंद्र सिंह, अमित चंद्रवंशी, विमल जोशी, राजवीर यादव, वीरपाल, हरप्रसाद, भगवान स्वरूप सैनी, सत्यम ठाकुर, अभिलाष शर्मा, मनवीर यादव, प्रदीप प्रजापति, महेश चंद्रवंशी, उमेश सिंह, भूरे सिंह, किशनलाल, रज्जन वाल्मीकि, संज्ञा देवी, पूनम, रेखा सहरावत, जीवन प्रजापति, गंगा राम प्रजापति, राजू शर्मा, विवेक शर्मा, टेकचंद कश्यप, संदेश सहरावत आदि उपस्थित रहे।

**तैयारी** | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत विभिन्न संगठन कर रहे योग प्रशिक्षण का आयोजन

# भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है योग : बीएसए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत बीएसए कल्पना देवी की अध्यक्षता में आयुष अनुभाग द्वारा नामित निशा गंगवार ने योग करवाया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि योग हमारी संस्कृति की प्राचीन धरोहर है।

उन्होंने कहा कि हम कार्यस्थल एवं घर परिवार में सुगमता पूर्वकस्वस्थ एवं सार्थक जीवन यापन कर सकें। जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, अमर पाल यादव एवं अमित सक्सेना से प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर पन्ना लाल सैनी, जिला समन्वयक राहुल सक्सेना, जांनिसार अख्तर, सत्येंद्र कुमार शर्मा, अंकित सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक नुरुल अमीन, जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, अनीसा लतीफ, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक वीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राशि सक्सेना, कुशल राणा,विनोद कुमार,भुजवीर सिंह, पंकज कुमार, नृपेंद्र कश्यप, राकेश कुमार विश्वकर्मा,प्रणव कुमार, खेल अनुदेशक शम्शी बी, शाहीन बी, नीतू रानी, सुभाष कुमार, एवं कार्यालय सहायक उपस्थित रहे।

**21 जून को योग कार्यक्रम को लेकर मंथन किया :** चेतना योग संस्था रोशन बाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए सोमवार को संस्था के सदस्यों द्वारा बैठक की गई। योग के बाद बृहद स्तर पर होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर मंथन हुआ। जिसमें चेतना योग संस्था की कार्यकारिणी सदस्यों को आवंटित कार्य व कार्यों की समीक्षा की।

संस्था अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने बताया कि संस्था पिछले लगातार कई वर्षों से योग दिवस पर कार्यक्रम करा रही है। संस्था द्वारा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं जैसे भारत विकास परिषद, रामलीला कमेटी, हरि मंदिर समिति, आर्य समाज, वैश्य समाज व शहर के विभिन्न उद्योगपतियों, व्यवसायियों, जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों व पत्रकारों को योग कार्यक्रम में आमंत्रित करने की जानकारी दी। योग कार्यक्रम संयोजक अशोक अग्रवाल द्वारा सभी सदस्यों से 21 जून को सुबह 5 बजे योग स्थल पर पहुंचने व अतिथियों का उचित सम्मान व सहभागियों के बैठने की व्यवस्था के बारे में बताया। बैठक में योग कार्यकारिणी के सदस्य पवन उप्पल, राजेश, राजीव अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, रमेश अग्रवाल, कमल सक्सेना, सतीश भाटिया, राजेश, अशोक कश्यप, आर के जैन, महेश जुनेजा, राजीव अग्रवाल, चंद्र केश यादव, श्रवण श्रीवास्तव, नरेंद्र, मंजू रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, बीना माहेश्वरी, मीना वर्मा, लक्ष्मी रस्तोगी, पुष्पा अग्रवाल सहित सभी सदस्यों व महिला सदस्यों ने भाग लिया। व्यवस्था प्रमुख एवं संचालक सतीश भाटिया ने किया। बैठक में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



योग करतीं बीएसए कल्पना देवी व साथ में अन्य। ● अमृत विचार



बैठक के दौरान मौजूद संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## योग थीम पर हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**रामपुर, अमृत विचार:** योग सप्ताह के अन्तर्गत हुई प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने हिस्सा लिया। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर प्रतियोगिता कराई गई थी। कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयुष विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें निबंध, स्लोगन, योग चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और योगासन प्रतियोगिता। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिओम ने बताया कि आयुष विभाग के पोर्टल पर योग संबंधित फोटो व वीडियो अपलोड करने पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। जिसमें चयनित छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव ने प्रतियोगिता में शामिल छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान डॉ. रविंद्र कुमार, अर्चना गुप्ता, अंजलि महरोत्रा, रेखा गुप्ता, शगुफता, रिया शर्मा व सुमेधा आर्य उपस्थित रही।

## सार-संक्षेप

### निशुल्क शिविर लगाकर 40 ग्रामीणों की हुई जांच




**रामपुर, अमृत विचार :** ग्राम भमरौआ में सोमवार को सर्व सहयोग एक आस फाउंडेशन के तत्वावधान में सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट मुरादाबाद की ओर से 52वां नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित हुआ। कैंप में कुल 40 ग्रामीणों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 3 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मुरादाबाद भेजा गया। वहीं, 10 मरीजों को चश्मा पहनने की सलाह दी। 2 बच्चों को नि:शुल्क चश्मे भी प्रदान किए। इस मौके पर ग्राम प्रधान अब्दुल लईक, डॉ. अभिषेक चौधरी, दीपिका, फातिमा खान, गुंजन हिंदुस्तानी, संजीव दयाल सक्सेना, मुकुल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### बिजली कर्मचारी लोगों को कर रहे परेशान



**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद उस्मान बिजली कटौती को लेकर और दुर्ग नगला बिजली घर के कर्मचारियों के अभद्र व्यवहार एवं भ्रष्टाचार को लेकर बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता महफूज आलम खान से मिले। उसके बाद बिजलीघर के संविदा कर्मचारियों द्वारा परेशान करने की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर बिजली कटौती की जा रही है। लोगों की फर्जी वीडियो बनाकर उन्हें डरा धमका कर गरीब किसान, मजदूर से मोटी रकम वसूल करते हैं। पत्र देने वालों में नगर महासचिव मुनाजिर हुसैन, शबाब खान, मंजू खान, जावेद मियां, इमरान खान, मोहम्मद फैजान, जमाल, मोहसिन और तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष बने कमल



**रामपुर, अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज की नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। जिसमें जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा को बनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार और कनिष्ठ उपाध्यक्ष जबर सिंह को बनाया। रविवार को सराय गेट स्थित बाबा रामस्वरूप की समाधि पर तुरैहा मछुआ समाज की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया। जिसमें जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा को बनाया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार तुरैहा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष जबर सिंह तुरैहा, वरिष्ठ महामंत्री राम सिंह तुरैहा को बनाया। कनिष्ठ महामंत्री गोविंद राम तुरैहा, कोषाध्यक्ष मुरारीलाल तुरैहा, प्रचार मंत्री सीताराम तुरैहा को बनाया। ऑडिटर धर्म सिंह तुरैहा, आईटी सेल प्रभारी राम सरन तुरैहा, मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार तुरैहा को बनाया। सदस्य विक्रम सिंह तुरैहा, राजेश कुमार तुरैहा, हरि शंकर तुरैहा, प्रियांशु तुरैहा, राजीव कुमार तुरैहा, अर्जुन सिंह तुरैहा, सरन लाल तुरैहा, चंद्रसेन तुरैहा, प्रीतम सिंह तुरैहा, मुरारी लाल तुरैहा, पूरन लाल तुरैहा, शिवम तुरैहा बने।

### गोसाई समाज ने प्रदर्शन कर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**स्वार, अमृत विचार :** गोसाई समाज के लोगों ने जमीन की पैमाइश कराने के लिए राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल पर टाल-मटोल करने का आरोप लगाते हुए विधायक को ज्ञापन सौंपा। तहसील क्षेत्र के गांव लखीमपुर निवासी गोसाई समाज के लोगों ने गांव में प्रदर्शन कर बाद में विधायक शफीक अहमद अंसारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि छह जून को तहसीलदार को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें गोसाई समाज के लोगों ने कब्रिस्तान की जमीन की पैमाइश की मांग की थी,लेकिन उनकी मांग को प्रशासन ने अनसुना कर दिया। जब समाज के लोग लेखपाल से कहते हैं तो लेखपाल राजस्व निरीक्षक पर टाल-मटोल कर देते है। जिसके चलते गोसाई समाज में राजस्व प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। उन्होंने विधायक से विभागीय अधिकारियों से नियमानुसार पैमाइश कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में कपिल गोस्वामी, रामप्रसाद गोस्वामी, आकाश गोस्वामी, योगेंद्र गोस्वामी, रमेश नाथ, अरविंद गोस्वामी, विशाल गोस्वामी, मदन नाथ, अमरनाथ गोस्वामी, कमल किशोरी गोस्वामी, ऊदल नाथ गोस्वामी, जागेश्वर नाथ, राजवीर नाथ, राधेश्याम नाथ, सूरज नाथ, विवेक नाथ मौजूद रहे।

### 6 परिवारों को सहायता राशि के चेक दिए



**बिलासपुर, अमृत विचार :** कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 6 आश्रित परिवारों को सहायता राशि प्रदान की गई। सोमवार दोपहर तहसील सभागार में सजीव प्रसारण कार्यक्रम में एसडीएम अरुण कुमार और ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने 26 लाख रुपये के चेक वितरित किए। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सरकार कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के जरिए आश्रित परिवारों की मदद कर रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने 11 साल पूरे कर लिए हैं। इस दौरान केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र व्यक्तियों की जांच कर रही है। ब्लॉक प्रमुख ने किसानों से दुर्घटना बीमा कराने का आग्रह किया। कार्यक्रम में तहसीलदार शिवकुमार शर्मा और नायब तहसीलदार राजेश कुमार मौजूद रहे।

### नाबालिग की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गंगापुर जदीद निवासी मंगलसेन ने कोतवाली में तहरीर देते हुए अपने नाबालिग पुत्र अभिषेक की गुमशुदगी दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बताया है कि उनका पुत्र अभिषेक गंगवार जो कि कक्षा आठ का छात्र है। शनिवार को वह बिना बताए घर से कहीं चला गया है। वापस न लौटने पर उन्होंने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। उन्होंने अपने पुत्र की सकुशल बरामद की की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### रणवीर सिंह बने रामपुर के तहसीलदार

**रामपुर, अमृत विचार :** शासन की ओर से सोमवार दोपहर को 25 तहसीलदारों का तबादला इधर से उधर कर दिया गया है। जिसमें रामपुर का नाम भी शामिल है। औरैया में तैनात रणवीर सिंह को रामपुर का नया तहसीलदार बनाया है। जल्द ही वह रामपुर आकर पदभार ग्रहण करेंगे।

### रजा लाइब्रेरी में 19 से 25 जून तक होंगे विशेष कार्यक्रम

**रामपुर, अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी मीडिया प्रभारी हिमांशु सिंह ने बताया कि लाइब्रेरी में 19 से 25 जून तक विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रमों की बाबत 17 जून को रंगमहल में लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र जानकारी देंगे।

# निहाल की हत्या से मातम में बदलीं खुशियां

## युवती की शादी तय होने पर प्रेमी ने घर जाकर किया था हंगामा, पड़ोस में रहता है आरोपी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



निहाल का शव मिलने के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार



युवक को बाइक पर ले जाते दो आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ढाई महीने पहले ही निहाल की शादी गुलफ्शां से तय हुई थी। निहाल की 15 जून को बरात जानी थी, लेकिन एक दिन पहले युवक के लापता हो जाने के बाद रिश्तेदारों के होश उड़ गए थे। उसके बाद युवक को तलाश किया जा रहा था। युवक के नहीं मिलने पर परिजन से लेकर रिश्तेदार तक मायूस हो गए और पुलिस के पास गए। पुलिस ने मामले में कार्रवाई कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर बरात जाने वाले दिन युवक का शव बरामद कर लिया। निहाल को दूल्हा बनते हुए देखना परिजनों का सपना अधूरा रह गया। शादी वाले घर में जहां खुशियां छाईं थीं, एकदम सब मातम छा गया। पूरे दिन मृतक के घर पर लोगों का तांता लगा रहा।



मृतक का फाइल फोटो।



गुलफ्शां।



सद्दाम।

**युवती के पड़ोस में रहता है प्रेमी सद्दाम :** युवती का प्रेमी उसके मकान के पास में ही रहता है। युवती ने बताया कि जब उसको शादी कहीं और होने की जानकारी मिली तो घर पर आकर हंगामा कर दिया था। आरोपी युवक सद्दाम ने कहा था कि अगर कहीं और शादी होती है तो पहले उसको बाद में तुझको मार दूंगा। लेकिन धमकी देने के बाद भी युवती के परिजन इस बात को लेकर खामोश रहे। अगर युवक के परिजनों ने पुलिस को सारा मामला समय से बताया होता तो शायद निहाल जिंदा होता। जबकि आरोपियों ने युवती से ही उसके दूल्हे निहाल का फोन नंबर लिया था। दोनों घरों में सन्नाटा पसरा हुआ है। शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं।

> मामले में आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। युवक की गुमशुदगी के बाद पुलिस मामले में गंभीरता से जांच में जुट गई थी, जिसके चलते पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया है। मामले में अभी भी पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है।
>
> **-विद्या सागर मिश्र,** एसपी रामपुर

### कढ़ाई के काम के दौरान हुआ प्रेम-प्रसंग

**रामपुर, अमृत विचार :** युवती गुलफ्शां ने बताया कि सद्दाम कढ़ाई का काम कराता है, इसके चलते वो घर आता रहता था। इसी दौरान उसका प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। सद्दाम ने निहाल से शादी करने से मना किया कि वो बहुत काला है, उससे शादी मत कर। सद्दाम ने युवती के घर जाकर भी एक बार हंगामा किया था। इसके बाद प्रेमी सद्दाम ने घटना को अंजाम दिया। हालांकि प्रेमिका गुलफ्शां हत्या करने की बात से इंकार कर रही है। लेकिन पुलिस ने उसे मामले में आरोपी बनाया है।

## एक नजर

### सुबह 7:45 से 12:30 बजे तक खुलेंगे प्राथमिक विद्यालय

**रामपुर, अमृत विचार :** सरकारी स्कूलों में तैनात शिक्षकों के समय में बदलाव किया गया है। जिसमें मंगलवार से शिक्षक 7:45 से 12:30 तक जरूरी काम निपटाएंगे। यह आदेश 30 जून तक के लिए लागू किया गया है। 20 मई से स्कूलों में अवकाश कर दिए गए थे। उसके बाद 16 जून से स्कूल खुल गए थे। जिसमें गर्मी को देखते हुए बच्चों के अवकाश बढ़ा दिए गए थे, लेकिन शिक्षकों ने अवकाश आगे बढ़ाने के लिए अधिकारियों को ज्ञापन दिया था, लेकिन शासन की ओर से अवकाश तो नहीं बढ़ाए गए। सोमवार को शासन की ओर से समय 30 जून तक के लिए समय में परिवर्तन किया गया है। अब मंगलवार से 7:45 से 12 :30 तक का समय कर दिया गया है।

### सनवे स्कूल के 10 छात्रों ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

**रामपुर, अमृत विचार :** सनवे स्कूल के 10 मेधावियों ने वर्ष 2025 की नीट परीक्षा पास की है। मेधावियों के नीट में पास होने पर स्कूल और परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। सनवे स्कूल के प्रबंधक एसआर शम्सी समेत शिक्षकों ने मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अजहर अली ने 496 और कशिश ने 441 अंक प्राप्त किए। इनके अलावा अब्दुल अहद, अब्दुल अमन, हामूद निजामी, अरशद, दानिया, सानिया तनजीम, सैयदा खिजरा, सिदरा, फातिमा शामिल हैं। शिक्षकों ने सफल छात्रों को बधाई दी है।

### मकान का छज्जा गिरने से तीन बच्चे घायल

**शाहबाद, अमृत विचार :** मकान का छज्जा गिरने से तीन बच्चे घायल हो गए। तीनों का उपचार कराया गया। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव परीता निवासी चंद्रपाल की बेटी राजरानी की शादी थी। बरात जिला संभल के थाना चंदौसी के गांव चिडियावान निवासी अवतार सिंह के यहां से आई थी। सुबह के समय राजरानी की विदा हो रही थी। बारिश के चलते कच्चा मकान का कुछ हिस्सा गिर गया। जिसमें चंद्रपाल बेटा गुड्डू, चंद्रपाल के बेटे राजेंद्र की बेटी काव्या 6 साल और दूल्हा पक्ष के अवतार सिंह की बेटी 5 साल की बेटी कोमल घायल हो गई। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल की हार्ट अटैक से गई जान

- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल रात करीब 2 पर ड्यूटी पर तैनात थे। अचानक उनके सीने में दर्द उठा। इस पर साथी उन्हें अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस लाइन लाया गया। जहां अधिकारियों ने सलामी दी। उसके बाद परिजन शव को लेकर गांव के लिए रवाना हो गए।

जिला बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के गांव नाबका उर्फ गोवर्धनपुर निवासी हेड कांस्टेबल हरदेश कुमार शर्मा करीब 58 वर्ष थे। उनकी मौजूदा समय में तैनाती 5 सालों से पुलिस लाइन में चल रही थी। देर रात को वह ड्यूटी पर तैनात थे। अचानक उन्होंने अपने साथियों से सीने में दर्द होने की शिकायत की। जिसके बाद आरआई महेंद्र सिंह को इस बारे में जानकारी दी। सभी लोग उनको जिला अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया। सुबह को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद शव को पुलिस लाइन लाया गया।

पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारियों ने सलामी दी। इसके बाद परिजन शव को लेकर गांव के लिए रवाना हो गए। आरआई महेंद्र सिंह ने बताया कि हरदेश कुमार शर्मा एक बेटे के साथ पुलिस लाइन में रहते थे। इनके पांच बच्चे हैं।

# युवकों को कार ने रौंदा, 1 की मौत

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवकों को कार ने रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



मृतक का फाइल फोटो।

हादसा अजीमनगर थाना क्षेत्र के लालपुर कोसी बैराज स्थित रिंग रोड की है। थाना पटवाई के नदनऊ निवासी जावेद और रवि दोनों दोस्त हैं। सोमवार सुबह दोनों किसी काम से काशीपुर गए थे। दोपहर को अपना काम निपटाने के बाद दोनों वापस अपने घर लौटने रहे थे। बताते हैं लालापुर कोसी बैराज स्थित रिंग रोड पर सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को रौंद डाला। हादसे के बाद नदनऊ निवासी जावेद उम्र 25 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठा दूसरा युवक रवि गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पुलिस को मिली तो हड़कंप मच गया। थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने मोर्चरी में रखवा दिया। जबकि घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की सूचना परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। कुछ देर में दोनों के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। थानाध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। हादसे के आरोपी पुलिस के कब्जे में है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़ व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

## सार संक्षेप



### एडीजी ने तैयारियों का लिया जायजा

**रामपुर, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद के अपर पुलिस महानिदेशक राजीव सभरवाल सोमवार को रामपुर पुलिस लाइन पहुंचे। उसके बाद सलामी ली, फिर पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ पुलिस लाइन में आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के लिए आगामी प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान आरटीसी, मल्टी स्टोरी, बडा हॉल, हटमेंट, आरटीसी में स्थित भोजनालय, मल्टी स्टोरी बैरक में स्थित भोजनालय, जिला भोजनालय, क्लासरूम शौचालय, स्नानागार आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

### बिजली चोरी की मुखबिरी का आरोप लगाकर पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली चोरी की मुखबरी का आरोप लगाकर 3 भाइयों व बहन पर देवर-भाभी को पीटकर घायल करने का आरोप है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 4 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली थाना क्षेत्र के कूंचा नक्कालान निवासी मोहम्मद आसिम का कहना है कि 14 जून की रात को वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ा था। तभी मेरा पड़ोसी नादर उनके पास आया। उसने कहा कि तुमने मेरे घर की बिजली की शिकायत की थी। उसी बात को लेकर आरोपी नादर ने उसके साथ गाली-गलौज कर दी। बाद में आरोपी का भाई जाफर, गुलवेज और उसकी बहन सबा भी आ गई। जिसके बाद सभी ने मोहम्मद आसिम को पीटना शुरू कर दिया। उसके शोर मचाने पर उसकी भाभी भी आ गई। जिसके बाद आरोपियों ने देवर-भाभी को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



### 19 पीड़ितों को मिला दुर्घटना सहायता राशि का चेक

**मिलक, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री दुर्घटना सहायता योजना के तहत 19 आपदा पीड़ितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। सहायता राशि चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को तहसील सभागार में हुआ। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए एसडीएम सुनील कुमार ने कहा कि कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से सहायता दी जाती है। सरकार द्वारा पांच लाख रुपये की धनराशि पीड़ित परिवार को दी जाती है। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख अर्चना गंगवार, प्रभारी तहसीलदार सीमा गंगवार, नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, शुभांक प्रकाश गंगवार आदि मौजूद रहे।

### जमीन हड़पने को फर्जी आधार कार्ड बनाने का आरोप

**भोट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कजरियाई गांव निवासी निसंतान बुजुर्ग महिला ने जिलाधिकारी को भेजे प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पति की मृत्यु हो गई है और उसकी कोई संतान नहीं है। गांव निवासी एक व्यक्ति उसकी जमीन व मकान को हड़पना चाहता है। जिसके लिए उसने बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपलिया गोपाल निवासी मेहराज के आधार कार्ड में उसके पति की आइडी दर्शाते हुए फर्जी आधार कार्ड बनवा लिया है तथा अपने पिता के नाम के स्थान पर उसके पति का नाम लिखवाते हुए पता भी कजरियाई गांव का ही लिखवा लिया है। आरोप है कि पीड़िता द्वारा आधार कार्ड में उसके पति के नाम लिखे जाने पर आपत्ति जताई तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए सारी जमीन जायदाद हड़पने की धमकी दी है।



### समस्याओं के समाधान को किसानों ने किया प्रदर्शन

**शाहबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ से जुड़े पदाधिकारी एकत्र होकर शाहबाद के बिजली घर पहुंचे। उसके बाद समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। जिसमें कहा है कि गर्मी के चलते बिजली आपूर्ति लगातार नहीं हो रही है। क्षेत्र में काफी किसानों के क्षमता से अधिक वाट के कनेक्शन कर दिए हैं। इस मौके पर पंकज कुमार, बबलू चौधरी, मोहन, अंकुर, सत्यभान मौजूद रहे।

### दहेज उत्पीड़न में पति समेत ससुराल के 9 लोग तलब

**विधि संवाददाता, बरेली :** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को तीन वर्ष पूर्व पति व ससुराल वालों ने उत्पीड़न कर घर से निकाल दिया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम ने मामले में पति समेत ससुराल के नौ लोगों को दहेज उत्पीड़न, मारपीट व अपमानित करने की धाराओं में सम्मन भेजकर तलब किया है, मामले में सुनवाई 24 जुलाई को होगी। पीड़िता दीपा रुहेला ने न्यायालय में शिकायती पत्र देकर बताया था कि 2 फरवरी 2013 को रामपुर मिलक निवासी अनुराग के साथ उसकी शादी हुई थी। शादी में पिता का तकरीबन 10 लाख रुपये खर्च हुए थे, लेकिन पति व ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे और दहेज में गाड़ी, दो लाख रुपये व एक मकान मांग रहे थे। मना करने पर मारपीट, गाली गलौज करते थे। 12 फरवरी 2022 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। अदालत ने विवाहिता के पति अनुराग, सास विनिता रुहेला, ससुर विजय कुमार रुहेला, देवर अश्विनी रुहेला, चचिया ससुर संजय रुहेला, चचिया सास मंजू रुहेला, देवर अक्षय रुहेला, ननद आंचल रुहेला समेत 9 को न्यायालय में हाजिर होने को कहा है।

### बेरियान में सहयोग से सही कराया गली का गड्ढा



**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बेरियान में मस्जिद के निकट पालिका की टीम गड्ढा खोदकर चली गई थी। उसके बाद वहां पर नमाजियों और मोहल्लेवासियों दिक्कत होने लगी। कई बार नगर पालिका से इसकी शिकायत की गई। इसके बावजूद पालिका के अधिकारियों ने गड्ढा नहीं भरवाया गया। पालिका अधिकारियों द्वारा सुनवाई नहीं करने पर मोहल्ले वासियों ने आपस में सहयोग करके गड्ढा और नाली को ठीक कराया। सहयोग करने वालों में करामात खां, शावेज खां, हाफिज महबूब खां, मोहम्मद शावेज, जुनैद, सलीम, वसीम आदि शामिल रहे।

# ग्रामीण कौशल योजना में 637 लाभार्थियों का हुआ पंजीकरण

- योजना के तहत 611 का प्रशिक्षण हुआ पूर्ण, मिला प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जिले में 698 के सापेक्ष 637 लाभार्थियों का पंजीकरण हुआ है। जबकि 611 परीक्षार्थी प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके हैं। फिलहाल 548 प्रशिक्षार्थियों का एसएससी द्वारा मूल्यांकन किया गया है। जबकि 529 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दिए जा चुके हैं।

दीन दयाल ग्रामीण कौशल योजना के तहत 529 प्रशिक्षार्थियों का प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिल गई है। जबकि, 8 प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उपायुक्त मनरेगा अमित कुमार ने बताया कि लाभार्थियों का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 6201 प्रशिक्षार्थियों का पंजीकरण किया गया है। जिसमें 570 प्रशिक्षार्थियों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। फिलहाल 45 प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5586 प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षित हो गए हैं और इनमें 4427 प्रशिक्षार्थियों का मूल्यांकन हो गया है। इसमें 4214 प्रशिक्षार्थियों का सर्टिफिकेशन हुआ है।

> राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राजस्व गांवों में एनआरएलएम समूहों की संख्या 6565 हो गई है। जबकि, चालू वित्त वर्ष में लाभ ले रहे परिवारों की संख्या 1518 से बढ़कर 3344 हो गई है।
>
> **-अमित कुमार,** उपायुक्त मनरेगा

# तड़के बारिश से पारा लुढ़का, उमस बरकरार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार तड़के गरज के साथ बारिश से मौसम खुशगवार हो गया। दोपहर बाद बादलों के बीच से सूरज निकला और लोग पसीना-पसीना हो गए। सुबह करीब 9 बजे तक बूंदाबांदी हुई, इसके बाद आसमान में बादल घुमड़ते रहे। दोपहर बाद उमस ने लोगों को परेशान किया।

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो पश्चिम उत्तर प्रदेश में तेज हवा व गरज के साथ हल्के से मध्यम वर्षा एवं अन्य सभी जिलों में बूंदाबांदी से हल्के बारिश के आसार हैं। सोमवार तड़के 4:30 बजे से बारिश होने के बाद दोपहर बाद उमस बढ़ने के कारण लोग पसीना-पसीना होते रहे। हल्की बारिश होने से पिछले दिनों के सापेक्ष पारा तो लुढ़का, लेकिन उमस भरी गर्मी के कारण लोग बेचैन रहे। बिजली की आवाजाही के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई घरों में लोगों ने हाथ के पंखे से हवा करके गर्मी से बचने का प्रयास किया। गांवो में लोगों ने पीपल और नींव की छांव में दोपहरी गुजारी। हालांकि, बारिश के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। हल्की बारिश धान, मेंथा और गन्ने की फसल को फायदा पहुंचाएगी। कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि गरज, चमक तेज हवा, धूल भरी आंधी के साथ वर्षा का अनुमान है। किसान फसलों में रसायनिक खाद और सिंचाई नहीं करें। अगले दो दिन तक वर्षा होने के आसार हैं।



बारिश के बीच से गुजरता बाइक सवार।

### हाल-ए-मौसम

अधिकतम तापमान- 34 डिग्री सेल्सियस

न्यूनतम तापमान- 27 डिग्री सेल्सियस

आर्द्रता- 68 प्रतिशत

वायु वेग- 8 किमी. प्रतिघंटा

### बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रविवार रात से सोमवार सुबह तक हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी। रात 11 बजे से शुरू हुई बारिश ने पिछले कई दिनों से जारी गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाई। इससे पहले बिजली की अनियमितता से किसान मक्का जैसी फसलों की सिंचाई के लिए परेशान थे। बारिश ने नगर पालिका परिषद की खराब व्यवस्था को भी सामने ला दिया। तंग-गलियों में नालियों से पानी का उचित निकास न होने के कारण जलभराव हो गया। तहसील भवन में बारिश का पानी अधिवक्ताओं के चैंबर तक पहुंच गया। तहसील भवन के ऊपरी मंजिल पर स्थित पूर्ति कार्यालय और राजस्व कार्यालय की छत से पानी टपकने लगा। कर्मचारियों को महत्वपूर्ण दस्तावेजों को बचाने के लिए हटाना पड़ा।

# जिला अस्पताल में बना कोरोना वार्ड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- शासन ने भेजी गाइड लाइन, जांच किट और मशीनें भी आईं
- 1000 एलपीएम ऑक्सीजन का हो रहा उत्पादन, टीम ने की जांच

**अमृत विचार :** देश में कोरोना के मामले निकलने पर शासन भी सतर्क हो गया है। शासन से जिला अस्पताल को गाइड लाइन भेज दी गई है इसके अलावा जांच किट और मशीने भी आ गई हैं। जिला अस्पताल स्थित 1000 एलपीएम ऑक्सीजन के प्रेशर को लखनऊ से आई टीम ने चेक किया। जिला अस्पताल में बच्चों और बड़ों के लिए 28 बेड का कोरोना वार्ड बनाया है। प्रत्येक बेड पर ऑक्सीजन की व्यवस्था है।

जिला अस्ताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि अब नजला, खांसी, जुकाम और निमोनिया के मरीजों की आरटीपीसीआर जांच कराई जाएगी। बताया कि जांच शुरू होने के बाद पता लग सकेगा कि कितने लोग कोरोना की चपेट में हैं। बताया कि लखनऊ से आई टीम ने जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया और देखा कि मरीज को मिलने वाली ऑक्सीजन का प्रेशर कितना है। उन्होंने बताया कि टीम ने जांच पड़ताल कर बताया कि ऑक्सीजन का प्रेशर सही है, कहीं कोई लीकेज नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि आइसोलेशन में और आईसीयू में भी 12 बेड का रूम तैयार कराया गया है। शासन से कोरोना की दवाएं, किट और मशीनें भेज दी गई हैं।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि लिक्विड ऑक्सीजन का प्लांट अभी चालू नहीं है। जरूरत पड़ने पर लिक्विड ऑक्सीजन का प्लांट भी शुरू करा लिया जाएगा। लिक्विड प्लांट से सिलेंडर में ऑक्सीजन भरी जाती है।



जिला अस्पताल में कोरोना वार्ड का निरीक्षण करते मुख्य चिकित्साधीक्षक।

# रब से अहमद की मुलाकात अली से पूछो, इस मुलाकात की हर बात ...

- इमामबाड़ा किला में सजी महफिल, शायरों ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रब से अहमद की मुलाकात अली से पूछो, इस मुलाकात की हर बात अली से पूछो। जमीं तक ही नहीं उनकी बात महदूद, आसमानों के भी हालात अली से पूछो। मेरठ से आए फख्री मेरठी ने ये कलाम पेश किया तो इमामबाड़ा किला अली-अली और हैदर-हैदर के नारों से गूंज उठा। रविवार रात इमामबाड़ा किला में मौला-ए-कायनात हजरत अली की जश्ने ताजपोशी के मौके पर हुई महफिल में देर रात तक दूर दराज से आए शायरों ने कलाम से बांधे रखा।

ऑल इंडिया सहर रामपुरी मेमोरियल एकेडमी के तत्वावधान में हुई महफिल का आगाज मिर्जा मोहम्मद हैदर सहरी तिलावते कुरआन मजीद से किया। अम्मार रिजवी ने हदीस ए किसा की तिलावत की। इसके बाद निजामत कर रहे अब्बास हैदर सहरी ने मौरावा से आए राशिद मौरानवी को दावत दी। उन्होंने कहा नमाजे विलायत अदा हो रही है, मुखालिफ जमाअत खफा हो रही है। बलरामपुर के शायर सलीम बलरामपुरी ने कहा-नबी हैं मौजूद और अली भी हैं हसन भी हैं और हुसैन भी हैं को दाद मिली। लखनऊ के मशहूर शायर बिलाल काजमी ने कहा कि हश्र तक गूंजेगी अब मन कुन्तो मौला की सदा, कर्बला ने हर अजाखाने में मिम्बर रख दिया। इस दौरान इमामबाड़े में अली मौला अली मौला के नारे लगते रहे। इससे पहले शायर अलीम जैदी, जैन जैदी, हसन मेहंदी रामपुरी, मोहम्मद अब्बास जैदी, मोहम्मद हैदर सहरी, बाबर जैदी, कोनैन काजमी, अब्बास हैदर ने कलाम पेश किए। मुख्यातिथि सैयद अली मोहम्मद नकवी रहे। जश्न के बानी शायर तनवीर सहरी के लिए दुआ ए मगफिरत हुई। इस मौके पर तस्लीम सहरी, आसिफ सहरी, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, मिर्जा तकी अब्बास, इरफान जैदी, रियाज हुसैन, फैसल रिजवी, इमरान रिजवी, ताबिश नकवी, आशु बेग, मंसूर हुसैन, तबरेज आब्दी मौजूद रहे। निजामत अब्बास हैदर ने की।



इमामबाड़ा किला में हुई महफिल में कलाम पेश करते फख्री मेरठी।

# कृषक दुर्घटना योजना से 228 आश्रित लाभान्वित


## 10 करोड़ 93 लाख 60 हजार की धनराशि आश्रितों के खातों में भेजी गई, कार्यक्रम में दिए प्रमाणपत्र

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत स्वीकृत आवेदन के लाभार्थियों को सहायता राशि वितरण कार्यक्रम में अतिथियों ने लाभार्थियों को सहायता राशि के प्रमाण पत्र वितरण किए। कार्यक्रम में 228 कृषक आश्रितों को 10 करोड़ 93 लाख 60 हजार की धनराशि से लाभान्वित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने कहा कि सरकार योजनाओं के माध्यम से किसानों को सहायता पहुंचाने का काम कर रही है।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने जनपद अंबेडकरनगर में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव प्रसारण सुना गया। इसके बाद कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, डीएम राजेंद्र पैंसिया व भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने किया। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत सहायता राशि के प्रमाण पत्र वितरण किए। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री प्रदेश में होने वाली हर समस्या से परिचित हैं और उस समस्या का निदान करने का हर संभव प्रयास करते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना की धनराशि बीमा योजना के माध्यम से दी जाती थी। लेकिन यह जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ने लेते हुए मदद सीधे राज्य के माध्यम से पहुंच रही है। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि जनपद में 10 करोड़ 93 लाख 60 हजार की धनराशि लाभार्थियों के खाते में गई है। जिसमें 228 लाभार्थी शामिल हैं। जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि इस योजना के तहत मुख्यमंत्री लाभार्थियों के लिए 5 लाख की धनराशि भेज रहे हैं।

एडीएम प्रदीप वर्मा, चेयरमैन राजेश शंकर राजू, परमेश्वर लाल सैनी, एसडीएम चंदौसी विनय कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष तिवारी, निधि पटेल, अवधेश प्रताप राघव, चंद्रसेन राणा आदि मौजूद रहे।




लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते जिपं अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, डीएम डीएम राजेंद्र पैंसिया व अन्य अतिथि।

● केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से बदल रही किसानों की जिंदगी : अनामिका

### किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है भाजपा सरकार:अजीत यादव

**गुन्नौर :** तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सोमवार को मृतक 15 किसानों के आश्रित परिजनों को सरकार की ओर से 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद के डमी चैक सौंपे गए। सहायता राशि का भुगतान इनके बैंक खातों में किया गया है। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सर्वसमावेशी विकास, कृषक कल्याण और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लोक-कल्याण के पथ पर सतत अग्रसर है। उपजिलाधिकारी डॉ .वंदना मिश्रा ने बताया कि किसानों के हित में सरकार ने यह योजना 14 सितंबर 2019 में शुरू की थी। तहसीलदार अखिलेश कुमार, नायब तहसीलदार उदयवीर सिंह सहित तमाम राजस्व कर्मी भी मौजूद रहे।

## 44 लाभार्थियों को मिली पांच-पांच लाख की सहायता



संभल तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थी व अधिकारी। ● अमृत विचार

**संभल, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत नई तहसील सभागार में कार्यक्रम में 44 लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपये के चेक के प्रमाण पत्र दिए गए। एसडीएम विकास चंद्र, ब्लॉक प्रमुख पति हृदेश यादव, तहसीलदार धीरेंद्र सिंह आदि रहे। कहा गया कि इस योजना के तहत ही जिन किसानों की मृत्यु हो चुकी है उनके परिजनों को लाभान्वित किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि तहसील क्षेत्र के 44 लाभार्थियों को चेक के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जिसमें 29 लाभार्थियों को यहां हुए कार्यक्रम में और 15 लाभार्थियों को जिले पर हुए कार्यक्रम में लाभान्वित किया गया है। लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए हैं। लाभार्थियों के खातों में धनराशि पहुंच गई गई।

## एक नजर

### व्यापारी नेता शंभू दयाल गुप्ता का निधन



**बबराला,अमृत विचार :** व्यापारी नेता शंभू दयाल गुप्ता का हृदयाघात से निधन हो गया। उनके शोक में बाजार बंद रहा। 83 वर्षीय शंभू दयाल पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार सुबह घर में अचानक हृदयाघात होने से उनका निधन हो गया। दोपहर को राजघाट गंगा तट स्थित शांति उपवन में अंतिम संस्कार किया गया।

### झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप, जांच की मांग

**संभल, अमृत विचार :** समाज हित संरक्षण समिति के अध्यक्ष महंत भगवानदास शर्मा ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विकास चंद्र को सौंपा। कहा कि पुलिस ने रंजिश के चलते संस्था के सदस्य हरपाल सिंह के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। जिसमें उनका नाम भी शामिल कर दिया। कहा कि जांच कराकर संबंधित की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। महीपाल सिंह, राजीव शर्मा, चंद्रप्रकाश एडवोकेट, दिनेश, ओमप्रकाश, राजन शर्मा, जोगेंद्र शर्मा, अरुण, मयंक शर्मा रहे।

### सरकारी राशन गबन करने का लगाया आरोप

**संभल, अमृत विचार :** विकास खंड असमोली क्षेत्र के गांव बुकनाला के मुहम्मद अब्बास ने जिलाधिकारी को शिकायत भेजी है। जिसमें आरोप लगाया कि राशन डीलर, पति ओर देवर ने वर्ष 2018 में करीब 50 राशन कार्ड बनवा लिए, जिनके 153 यूनिट थे। यह गरीबों के राशन का गबन कर कालाबाजारी कर रहे हैं। जिलाधिकारी से प्रकरण की जांच कर कार्रवाई कराने की मांग की गई है।

# अल्ट्रासाउंड सेंटर, पैथोलॉजी की सील तोड़ी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथोलॉजी लैब की सील तोड़कर साक्ष्यों से छेड़छाड़ की गई। सामान भी इधर-उधर कर दिया गया। अल्ट्रासाउंड सेंटर की सील तोड़ने और साक्ष्यों से छेड़छाड़ किए जाने के मामले में संचालक पर रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी ने सोमवार को बहजोई मार्ग पर दक्ष अल्ट्रासाउंड एवं पैथोलॉजी लैब पर छापेमारी की। अधिकारियों को न सिर्फ सील टूटी मिली बल्कि साक्ष्यों से छेड़छाड़ किए जाने की बात सामने आई। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि इस अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथोलॉजी लैब की जांच 19 मई को सीएमएस ने की थी। काफी अनियमित्ताएं पाई गई थीं तो सील कर दिया गया था। 25 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। संचालक द्वारा सील तोड़ने की जानकारी मिली तो मौके पर देखा आकर देखा गया। यहां सील टूटी हुई थी और ताला भी टूटा हुआ था। अंदर कुछ सामान कम दिख रहा है। साफ जाहिर है कि सामान हटाया गया है। इस मामले में जांच करके कार्रवाई की जाएगी। वहीं नोडल अधिकारी डॉ. मनोज चौधरी ने बताया कि अल्ट्रासाउंड सेंटर और लैब का संचालक मनोज यादव है। लग रहा है कि सेंटर में सामान को इधर से उधर किया गया है। अभी सेंटर की सील तोड़ने और साक्ष्यों से छेड़छाड़ किए जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।



अल्ट्रासाउंड सेंटर पर सील टूटी मिलने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ब्यौरा दर्ज करते नोडल अधिकारी डॉ. मनोज चौधरी। ● अमृत विचार

● सिटी मजिस्ट्रेट और स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने की जांच

## नल में करंट से युवक की मौत, पत्नी गंभीर

**बहजोई, अमृत विचार:** बहजोई के गांव मुल्हेता निवासी रामदयाल के घर में पीने के पानी का नल है। उसमें बिजली की मोटर लगी हुई थी। रात्रि 9:30 बजे के लगभग रामदयाल तथा उसकी पत्नी पीने का पानी भर रहे थे तो अचानक नल में बिजली का करंट उतर आया। जिसकी चपेट में आकर दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। पति-पत्नी को घायल होता देख अन्य परिजनों में हड़कंप मच गया। वह आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले आए। जहां पर चिकित्सक ने रामदयाल का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी राम बेटी का गंभीर हालत में उपचार चल रहा था।

# गुणवत्तापूर्ण किया जाएगा वादों का निस्तारण : एसडीएम

कार्यालय संवाददाता, संभल

● नवागत एसडीएम और अधिवक्ताओं की हुई परिचय वार्ता

**अमृत विचार :** संभल बार एसोसिएशन संभल के सदस्यों की नवागत एसडीएम विकास चंद्र और नायब तहसीलदार बबलू कुमार से परिचयात्मक वार्ता हुई। एसडीएम ने कहा कि बार और बैंच के बीच आपसी सामंजस्य से न्यायिक प्रक्रिया का पालन करते हुए वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा।

अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया का पालन करते हुए पत्रावलियों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। अधिवक्ताओं का स्वाभिमान और सम्मान बरकरार रहना चाहिए। एसडीएम ने कहा कि सभी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। देवेंद्र पाल, विजय गुप्ता, शरद भारद्वाज, वसी हसन, अफजाल अहमद, गुरुदत्त गुप्ता, अतुल रस्तोगी, विनेश गोयल, महेंद्र सिंह, प्रमेंद्र सिंह, रवि चौधरी, प्रदीप सिंह, अनीस अहमद, मनीष आर्य, नीरज गुप्ता, नरेंद्र कुमार, अली सादिक, शादाब बिन मुस्तकीम, राकेश गुप्ता, चंद्रप्रकाश, चरन सिंह, आदित्य रस्तोगी, सचिन चौहान, अजेंद्र पाल सिंह, मुनेश शर्मा, अनुज चौधरी, मोहम्मद जफर आदि रहे। अध्यक्षता अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने तथा संचालन सचिव डॉ.अमित कुमार उठवाल ने किया।

# सड़क किनारे न हो अतिक्रमण डग्गामार वाहन बंद कराएं



सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधीनस्थों को निर्देश देते डीएम व एसपी।

कार्यालय संवाददाता,संभल

● सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम व एसपी ने दिये निर्देश

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हादसे रोकने के लिए रोड सेफ्टी को लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

जल निगम ग्रामीण द्वारा पेयजल पाइप लाइन के लिए काटे गए मार्गो को पुनर्स्थापित कराने के साथ ही मार्गो के किनारे खड़े होने वाले वाहनों के चालान की कार्रवाई पर भी चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजमार्ग पर बने डिवाइडर पर उपले पाथ कर रखने वालों पर कार्रवाई की जाए। एनएच हाईवे के कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य की प्रगति बढ़ाई जाए। एआरटीओ ने बताया कि परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से मार्गो के किनारे खड़े वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण किसी भी दशा में न हो। जनपद में प्रत्येक स्कूल स्वामी से एक प्रमाण पत्र लिया जाए कि हमारे स्कूल में कोई भी वाहन अनफिटनेस नहीं है। स्कूल स्वामियों से उनके निजी वाहनों के भी फिटनेस प्रमाण पत्र लें। जनपद में कोई भी डग्गामार बस न चले यह भी सुनिश्चित किया जाए।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के बदायूं चुंगी पर ट्रैक्टर-ट्राली की साइड लगने से बाइक सवार चाचा-भतीजा घायल हो गए।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव पाठकपुर धनियावली निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र बांदू सिंह अपने चाचा मुकुट सिंह पुत्र रंगदारी सिंह के साथ बाइक से रविवार की रात थाना बिलारी क्षेत्र के गांव नीरु खेड़ा किसी कार्य से जा रहे थे। बाइक सवार रात 9 बजे बदायूं चुंगी पर पहुंचे तो सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को साइड मार दी। हादसे में चाचा-भतीजा घायल हो गए। 108 एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। वीरेद्र को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# बारिश से मिली राहत, बिजली आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में रविवार को देर रात से मौसम का मिजाज फिर बदला। सोमवार को सुबह हल्की बारिश भी हुई तो लोगों ने राहत महसूस की। वहीं हयातनगर बिजलीघर क्षेत्र की बिजली 10 घंटे बाधित रहने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सोमवार को संभल शहर, हयातनगर और सरायतरीन क्षेत्र में हल्की बारिश भी हुई। जिससे लोगों ने बड़ी राहत महसूस की। लोगों ने खिले चेहरों के साथ कामकाज वाले स्थानों का रुख किया। हालांकि कुछ घंटों तक आसमान में काले बादल रहने के बाद धूप निकल आई लेकिन पूर्व की तरह भीषण गर्मी नहीं थी। देर रात करीब तीन बजे हयातनगर बिजलीघर क्षेत्र से जुड़े हयातनगर और सरायरीन इलाके की बिजली गुल हो गई। लोग पानी के लिए भी तरस गए। दोपहर में बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। एसडीओ तृतीय कृष्ण गोपाल ने कहा कि बारिश के दौरान बिजलीघर की आपूर्ति बाधित थी। टेस्टिंग के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू करा दी गई।



बरसात में मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

### बिजली गिरने से इनवर्टर, उपकरण फुंके

कैला देवी थाना क्षेत्र के सौंधन मोहम्मदपुर निवासी प्रेमपाल सोमवार सुबह परिजनों के साथ घर बैठा था। चमक गरज के साथ घर पर बिजली गिर गई जिससे बैटरा, इनवर्टर तथा अन्य उपकरण फुंक गए। प्रेमपाल ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ।

# बिजली की 33 शिकायतें निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बिजली विभाग ने संभल के मुख्य बिजलीघर पर मेगा कैंप लगाया। जिसमें अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराया। कैंप में आईं 92 में से 33 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष समस्याओं का समाधान दो दिन में कर दिया जाएगा।सोमवार को सुबह मुख्य बिजलीघर पर मेगा कैंप का आयोजन हुआ।

जिसमें शुरूआत से ही उपभोक्ता मीटर और बिल से संबंधित शिकायतें लेकर पहुंचने लगे। एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी, एसडीओ द्वितीय प्रभात भास्कर, एसडीओ तृतीय कृष्ण गोपाल, एसडीओ चतुर्थ राहुल और अन्य अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना। कई मामलों में गहन विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारी ली गई। कैंप में मीटर से संबंधित 43 और बिल से संबंधित 49 शिकायतें आईं। बिल को लेकर 33 शिकायतों का समाधान अधिकारियों ने करा दिया। शेष शिकायतों का समाधान दो दिन में कराने की बात कही गई।



बिजली विभाग के कैंप में समस्या समाधान को उमड़े उपभोक्ता। ● अमृत विचार

● संभल में मुख्य बिजलीघर पर लगा कैंप, अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

## गर्मी में विद्युत कटौती से लोग परेशान

**बहजोई, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती नागरिकों के परेशानी का सबब बन गई है। 24 घंटे में केवल मुश्किल से 15 घंटे ही विद्युत आपूर्ति मिल रही है। जबकि जिला मुख्यालय होने के नाते शेड्यूल के मुताबिक 24 घंटे विद्युत आपूर्ति दिए जाने के शासन के निर्देश हैं।

विद्युत कटौती रात्रि 1 बजे से प्रारंभ होती है तो सुबह 5 से 6 बजे तकनहीं आती है। लोगों की नींद हराम हो जाती है। लोग एक ओर गर्मी से परेशान होते हैं तो वहीं पानी को लेकर भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोम प्रकाश वार्ष्णेय, कपिल दीवाना ने कहा कि जिला मुख्यालय होने के नाते 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के निर्देश हैं। लेकिन 15 से 14 घंटे ही विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है। भीषण गर्मी में विद्युत कटौती खत्म की जाए।

### अस्पताल में महिला कर्मचारी से छेड़छाड़

**संभल, अमृत विचार :** अस्पताल में युवक ने वहां काम करने वाली युवती से अश्लील हरकतें कीं। युवती ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हयातनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि वह संभल के एक अस्पताल में काम करती है। एक मोहल्ले का युवक अस्पताल आने लगा और उस पर बुरी नजर रखने लगा। इसकी शिकायत डॉक्टरों से की तो नजरअंदाज कर दिया। 29 मई को युवक ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। जान से मारने की धमकी दी। युवती ने डॉक्टरों से शिकायत की तो उसे घर भेज दिया। युवती 15 दिन बाद फिर से अस्पताल पहुंची तो वह युवक वहीं पर काम कर रहा था। डॉक्टरों से कहा तो उसे डराया धमकाया और अस्पताल से भगा दिया।

## सार-संक्षेप

### जीएसटी डिप्टी कमिश्नर की कार पर गिरा पोल



**चन्दौसी, अमृत विचार :** सीमेंट का विद्युत पोल कार के ऊपर गिर गया। हादसे में कार सवार जीएसटी डिप्टी कमिश्नर बाल-बाल बच गए। 40 आवासों की बिजली गुल हो गई। सोमवार को जीएसटी डिप्टी कमिश्नर धर्मेंद्र कुमार कार से आवास विकास कॉलोनी में अपने घर जा रहे थे। वह 2 से 3 दिन पहले ही तबादला होकर आए हैं। कार ड्राइवर चला रहा था। दोपहर लगभग 1 बजे कार बैष्णो विहार गली नं. 3 के पास डॉ. रवि पाठक के घर के पास से गुजर रही थी तभी सीमेंट का विद्युत पोल उनकी कार के बोनट पर गिर गया। जिसके जीएसटी डिप्टी कमिश्नर व उनका ड्राइवर बाल-बाल बच गए। विद्युत पोल गिरने से 40 आवासों की बिजली गुल हो गई। वहीं खंबा गिरने के बाद मौके पर भीड़ जुट गई।

### समारोह में कार्यकारिणी ने शपथ ली



**चन्दौसी,अमृत विचार :** भारत विकास परिषद का दायित्व बोध एवं अधिष्ठापन समारोह समें नवकार्यकारिणी को शपथ दिलायी गई। सीता रोड स्थित साहू झुन्नी लाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रभात कृष्णा, सचिव विपिन गुप्ता, वित्त सचिव संजीव शर्मा, महिला गतिविधि संयोजिका सुमन गुप्ता, संस्कार गतिविधि संयोजक अभिषेक गुप्ता, पर्यावरण गतिविधि संयोजक भावना, प्रवीण गुप्ता, विक्रम सिंह ने शपथ ली। मुख्य अतिथि अखिलेश खिलाड़ी, प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय,डॉ. दुर्गा टंडन, अजय विश्नोई, नीरज मित्तल, राहुल वार्ष्णेय, डीसी गुप्ता, संजय गुप्ता, वंदना गुप्ता, अवध किशोर शर्मा, सुशील सक्सेना, सरोज शर्मा, राजकुमार गोयल, डॉ. टीएस पाल, महेश कटारिया आदि मौजूद रहे।

### राघवेंद्र कॉलेज प्रबंध समिति अध्यक्ष, अवधेश बने प्रबंधक



**संभल/रजपुरा,अमृत विचार :** कस्बा रजपुरा में सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कॉलेज की प्रबंधन समिति की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव के लिए 23 सदस्यों में से 18 सदस्य मौजूद रहे। राघवेंद्र सिंह अध्यक्ष, सत्येंद्र कुमार यादव उपाध्यक्ष, अवधेश कुमार यादव उर्फ पिंटू प्रबंधक, सतीश चंद्र शर्मा उप प्रबंधक, नत्थू सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए। पर्यवेक्षक प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज नंदरौली कृष्ण कुमार, पीठासीन अधिकारी प्रधानाचार्य राष्ट्र सेवा सदन इंटर कॉलेज भकरौली विनोद कुमार शर्मा ने निर्विरोध चुनाव की घोषणा की। प्रधानाचार्य रामबाबू ,महेश पाल सिंह, सुधीर कुमार, अनिल कुमार गोयल, शिवभक्त शर्मा, विजय शर्मा, अंकुर आदि मौजूद रहे।

### भाजपा मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत



**बबराला, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी मण्डल कार्यकारिणी का ऐलान हो गया है। अध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने बताया कि कार्यकारिणी में छह उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, छह मंत्री और कोषाध्यक्ष का चयन किया गया है। सोमवार शाम को लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत किया गया। उषा शर्मा, नीरज यादव, मोनू ठाकुर, प्रशांत वार्ष्णेय, सोरन सिंह, मनोज कुमार को उपाध्यक्ष, संजीव खड़गवंशी और मौहर पाल सिंह को महामंत्री, सौरभ उपाध्याय, रोहित शर्मा,शोभित भारद्वाज, कुंवर पाल यादव, विपिन कुमार और विनोद यादव को मंत्री वहीं हरिओम गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### तालाब की खोदाई और सफाई शुरू



**संभल/कैला देवी,अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा क्षेत्र गौहत गांव में पिछले वर्षों में ग्रामीणों के घरों में पानी भरने साथ ही जलभराव की समस्या रही है। एसडीएम आदि अधिकारियों ने गांव का दौरा किया था। प्रधान को जल निकासी का इंतजाम कराने के निर्देश दिए थे। जेसीबी लगाकर तालाब की खोदाई कर उसे गहरा करने और साफ सफाई का काम शुरू हुआ है। जल निकासी के लिए नाला भी तैयार कराया गया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि अबकी बार बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या नहीं रहेगी।

### 142 महिला सिपाहियों का प्रशिक्षण आज से



**बहजोई,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस की सीधी भर्ती के तहत चयनित 142 महिला कांस्टेबल का प्रशिक्षण आज से शुरु होगा। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने पुलिस लाइन में संयुक्त ट्रेनिंग कोर्स की तैयारी का जायजा लिया। ट्रेनिंग के समय क्या-क्या व्यवस्था होनी है वह सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। किसी प्रकार की समस्या नहीं आए। इसको लेकर उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

### रुपये मांगने के विरोध पर मारपीट ,दो घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** कस्बा के मोहल्ला मुंडा निवासी सलमा पत्नी हारून ने पुलिस को तहरीर दी है कि 13 जून को सुबह 8 :30 बजे उसके भांजे सादिक से मोहल्ले के ही नाजिम, आसिफ, आसिया और हनीफ बेवजह रुपए मांगते हुए झगड़ा कर रहे थे। उसने समझाया तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली गलौज की और धारदार हथियार से मारपीट की। जिससे वहमा और उसका भांजा सादिक घायल हो गए। बीच बचाव करने आए मोहल्ले के सादान व साहिल के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

### कृत्रिम उपकरणों के लिए दिव्यांगों का हुआ चयन

**संभल, अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से संभल ब्लॉक सभागार में शिविर में डॉ. अजफर कमाल, डॉ. राजेश कुमार, डॉ.गौरव बंसल ने विभिन्न कृत्रिम अंगों के लिए दिव्यांगों का चयन किया। 37 ट्राईसाइकिल, 60 व्हीलचेयर, 50 कान की मशीन, 10 कृत्रिम हाथ, छड़ी, स्मार्ट फोन, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, कमर पेटी के लिए 1-1 दिव्यांग का चयन हुआ। राष्ट्रीय दिव्यांग एवं महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम ने दिव्यांगों को जानकारी दी ।इस दौरान दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से किशनपाल, सतेंद्र कुमार के अलावा वारिस अली, नत्थू सिंह, अशरफ अली, अंजार हुसैन, राशिद अली आदि रहे।

### मजार ले जाकर युवक को चाकू मारा

**संभल,अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में मजार ले जाकर युवक को चाकू घोंपकर घायल कर दिया गया। युवक के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला हातिम सराय नवाबपुरा निवासी कैफ पुत्र मुजाहिद को रविवार को रात 8 बजे उसका दोस्त सैफूदीन निवासी सैफ खां सराय घर से बुलाकर ले गया था। कहा कि सहरिया अब्दालनगर मजार पर घूमने के लिए चल रहे हैं। 8 .45 बजे सैफूदीन ने मुजाहिद को फोन पर सूचना दी कि कैफ को किसी ने चाकू मार दिया है। मुजाहिद आदि मजार पर पहुंचे तो घायल कैफ ने बताया कि पेट में चाकू सैफूदीन ने मारा। परिजन कैफ को जिला अस्पताल लाए तो गंभीर हालत में उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उसकी हालत गंभीर बनी है।

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये ॥

किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेज़ते समय सेवक की पहचान होती है। दु:ख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रक्रिया

देश में सोलहवीं जनगणना कराने के लिए सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो देश के विकास के लिए आवश्यक है। जनगणना का एलान स्वागत योग्य है। 2021 की जनगणना में देरी के कारण, 2025 की जनगणना का महत्व और भी बढ़ गया है। जनगणना लोगों की धारणा को इतना प्रभावित करेगी कि यह एक शताब्दी की घटना होगी क्योंकि कोविड-19 महामारी की वजह से 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना में देरी हुई। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। स्पष्ट है कि भारत के पास दुनिया में सबसे बड़ा सांख्यिकीय सर्वेक्षण तंत्र है। महत्वपूर्ण है कि यह जनगणना न केवल जनसंख्या का सटीक आंकड़ा प्रदान करेगी, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास योजनाओं और नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण डेटाबेस भी होगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। जातिगत जनगणना को लेकर कुछ लोगों का मानना है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को समझने और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए नीतियों को बनाने में मदद मिलेगी। जबकि कुछ लोगों को डर है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक विभाजन और संघर्ष बढ़ सकता है। विपक्षी दल कांग्रेस का कहना है कि जनगणना के लिए तेलंगाना का माडल अपनाया जाए, सिर्फ जातियों की गिनती ही नहीं बल्कि जातिवार सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जुटाई जानी चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि जातिगत जनगणना को सावधानीपूर्वक और सामाजिक न्याय के हित में किया जाए।

गौरतलब है कि जनगणना जनसंख्या के आकार, वितरण, और संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करती है, जो सरकार को उचित योजना बनाने और नीतियां बनाने में मदद करती है। जनगणना के आंकड़ों का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए वित्तीय आवंटन के लिए किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि संसाधनों का वितरण न्यायसंगत हो। जनगणना के आंकड़े बुनियादी ढांचे के विकास, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और परिवहन, की योजना बनाने के लिए आवश्यक हैं। कुल मिलाकर नई जनगणना जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों को तेज करेगी।

# पर्यावरण पर मरुस्थलीकरण और सूखे का गंभीर असर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्राय: सूखे की चपेट में रहते हैं।

रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्राय: ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढे तथा नाले बन जाते हैं, जो प्राय: खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है।

मरूस्थलीकरण और सूखे की बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर इससे मुकाबला करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1994 में मरूस्थलीकरण रोकथाम का प्रस्ताव रखा था। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से वैश्विक स्तर पर मरूस्थलीकरण का मुकाबला करने के लिए जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1995 से प्रतिवर्ष 17 जून को 'विश्व मरूस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस' मनाया जा रहा है।

इस दिवस के जरिये लोगों को जल तथा खाद्यान्न सुरक्षा के साथ पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूक करने, सूखे के प्रभाव को प्रत्येक स्तर पर कम करने के लिए कार्य करने और नीति निर्धारकों पर मरूस्थलीकरण संबंधी नीतियों के निर्माण के साथ उससे निपटने के लिए कार्ययोजना बनाने का दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है।

इस वर्ष यह दिवस 'भूमि को पुनःस्थापित करें: अवसरों को खोलें' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो भावी पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह के महत्वपूर्ण भूमि संसाधनों को संरक्षित करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करता है। विश्व का 95 प्रतिशत भोजन कृषि भूमि पर उत्पादित होता है, यही भूमि हमारी खाद्य प्रणालियों का आधार है लेकिन चिंता का विषय है कि इसमें से एक तिहाई भूमि वर्तमान में क्षरित हो चुकी है, जो दुनियाभर में 3.2 बिलियन लोगों को प्रभावित करती है, विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों और छोटे किसानों को, जो अपनी आजीविका के लिए भूमि पर निर्भर हैं, जिससे भूख, गरीबी, बेरोजगारी और जबरन पलायन में वृद्धि होती है। जलवायु परिवर्तन इन मुद्दों को और गंभीर बना देता है, जिससे टिकाऊ भूमि प्रबंधन और कृषि के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न होती हैं तथा पारिस्थितिकी तंत्र का लचीलापन कमजोर हो जाता है।

जलवायु संकट सूखा, बाढ़, जंगलों में आग लगने की घटनाओं के जरिये मरुस्थलीकरण को बढ़ा रहा है। एक ओर जहां जलवायु का गहराता संकट मरुस्थलीकरण की समस्या को बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर मरुस्थलीकरण जलवायु संकट को और गंभीर बना रहा है अर्थात मरुस्थलीकरण और जलवायु संकट एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। जलवायु संकट में भू-क्षरण का भी बहुत बड़ा योगदान है। पर्यावरणविदों के मुताबिक मिट्टी में वातावरण में मौजूद कार्बन से तीन गुना ज्यादा कार्बन है और पृथ्वी पर मौजूद कार्बन का सबसे बड़ा भंडार मिट्टी में ही है। कार्बन का उत्सर्जन मिट्टी से निकलकर वातावरण में पहुंचकर वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी कर रहा है और मरुस्थलीकरण के कारण यह समस्या और ज्यादा बढ़ रही है। पृथ्वी का निरन्तर बढ़ता तापमान, सौर ऊर्जा और हवा की प्रकृति में भी बदलाव ला रहा है। सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है और भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा भाग तो शुष्क इलाकों में ही रहता है।

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्रायः सूखे की चपेट में रहते हैं। शुष्क इलाकों का प्राकृतिक तंत्र मनुष्यों द्वारा डाले जाने वाले अनावश्यक दबाव के कारण चरमराने लगता है और इस विघटनकारी प्रक्रिया को नहीं रोके जाने की स्थिति में समूचा तंत्र रेगिस्तान की भेंट चढ़ जाता है। लकड़ी के लिए पेड़ों की अंधाधुंध छंटाई अथवा अत्यधिक चराई के कारण उस तंत्र में प्राकृतिक उपयोगी पौधों की संख्या काफी घट जाती है, जिनका स्थान अनुपयोगी और अखाद्य पेड़-पौधे ले लेते हैं, जिसका दुष्परिणाम यही होता है कि वह प्राकृतिक तंत्र पहले से भी बहुत कम संख्या में मनुष्यों और मवेशियों को पोषित कर पाता है और यही दुष्चक्र मरुस्थलीकरण को गति प्रदान करता है।

रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्रायः ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढे तथा नाले बन जाते हैं, जो प्रायः खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है। बार-बार आने वाला सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है। मिट्टी का कटाव होने का एक दुष्परिणाम यह भी है कि पानी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी जलाशयों में भर जाती है, जिससे उनकी जलधारण क्षमता घट रही है और इस कारण बाढ़ की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से देश के कई इलाकों में लाखों लोगों को बारिश के कारण बाढ़ का कहर झेलने को विवश होना पड़ रहा है, उसका सबसे बड़ा कारण यही है। यही नहीं, बड़ी-बड़ी पनबिजली परियोजनाओं के सरोवरों में मिट्टी भर जाने से उनसे निर्मित होने वाली बिजली की मात्रा भी घट जाती है।

जहां तक वातावरण में कार्बन कम करने का सवाल है तो तापमान में डेढ़ डिग्री सेल्सियस कमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वातावरण से कार्बन को तेजी से सोखने की जरूरत है और पर्यावरणविदों के मुताबिक यह प्राकृतिक कार्बन सिंक की क्षमता में वृद्धि करके ही हो सकता है और जंगलों तथा कृषि की समस्या को कम करने वाले सिंक मैकेनिज्म से एक तिहाई से भी ज्यादा जलवायु आपदा कम की जा सकती है। इसका सबसे बेहतर तरीका यही माना जा रहा है कि कार्बन को वनों, चारागाह और मिट्टी में समेट दिया जाए, जो मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए भी बेहद जरूरी है। वनीकरण, वनस्पति कवर में सुधार, जल का दक्षतापूर्ण उपयोग, मिट्टी के कटाव को बेहतर कृषि पद्धति के जरिये कम करना इत्यादि उपायों के जरिये मिट्टी में बायोमास उत्पादन और जैविक कार्बन कंटेंट में सुधार संभव है। पर्यावरणविदों का मानना है कि जंगलों का नुकसान रोककर और दोबारा लगाकर 2050 तक 150 बिलियन टन से भी ज्यादा कार्बन कम किया जा सकता है और इस अवधि में शुष्क क्षेत्रों में कृषि भूमि के अलावा 30-60 बिलियन टन कार्बन का संचय किया जा सकता है। बहरहाल, मरुस्थलीकरण की समस्या बढ़ते जाने से कृषि की उत्पादनशीलता में जो कमी आ रही है, उससे होने वाले नुकसान को करीब 25 हजार करोड़ रुपये आंका गया है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में निरन्तर बढ़ती आबादी की मूलभूत जरूरतों की पूर्ति के लिए कृषि की उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत महसूस की जाती रही है लेकिन मरुस्थलीकरण के चलते इसमें आती कमी नीतियों में बड़े बदलावों की जरूरत पर जोर देती है।

## प्रसंगवश

# समाज और रिश्तों की अमानवीयता का कड़वा सच

हाल ही में सोनम रघुवंशी द्वारा हनीमून पर अपने पति राजा रघुवंशी की अपने प्रेमी और किराए के हत्यारों के साथ मिलकर की गई हत्या ने एक बार फिर रिश्तों और समाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह समाज और रिश्तों की अमानवीयता का ऐसा कड़वा सच है, जिसमें पुरुष और महिला अपराधी की सीमाएं टूट जाती हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या अमानवीयता की परिभाषा क्या केवल पुरुषों तक सीमित है? अमानवीयता का अर्थ होता है कि ऐसा व्यवहार, जो क्रूर, संवेदनहीन और अन्यायी हो। जब पुरुष स्त्री को मारता है, समाज उसे दरिंदा कहता है, लेकिन जब स्त्री पुरुष को प्रताड़ित करती है, तो उसे भावनात्मक कारण, मानसिक दबाव या आत्मरक्षा का नाम दे दिया जाता है। असल में तो वास्तविक नारीवाद का उद्देश्य स्त्री-पुरुष दोनों को समान अधिकार देना है। कुछ मामलों में तथाकथित फेमिनिज्म अब पुरुष विरोधी एजेंडा का रूप ले रहा है। अधिकार के नाम पर प्रतिशोध और लाभ की भावना ने कई रिश्तों को जहरीला बना दिया है। कुछ महिलाएं मैं औरत हूं, मुझे कुछ भी कहने का हक है जैसी मानसिकता से पुरुषों का दमन कर रही हैं।



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

भारतीय समाज में विवाह को जीवन का पवित्रतम बंधन माना गया है। पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और सम्मान का आधार होता है। पति-पत्नी को अर्धांगिनी और जीवन साथी की संज्ञा दी जाती है। पुरुष, जो इस रिश्ते में प्रेम, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ बंधता है, आज वह झूठे आरोपों, मानसिक प्रताड़ना और सामाजिक तिरस्कार का शिकार हो रहा है। विवाह की आड़ में कई बार महिलाओं द्वारा पुरुषों पर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह एक गहरी चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में सामने आ रही घटनाएं इस विश्वास को झकझोर रही हैं। अब विवाह केवल प्रेम का प्रतीक नहीं रहा। कुछ मामलों में वह पुरुषों के लिए मौत का दरवाजा बनता जा रहा है। पत्नियों द्वारा पतियों की हत्या के कुछ चिंताजनक और ताजा मामले बताते हैं विवाह संबंध में पुरुषों की जान तक जा रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में देश में कुल 28,522 हत्याओं की प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रतिदिन लगभग 78 और प्रति घंटे तीन से अधिक हत्या हुई। इसमें से लगभग 70 प्रतिशत यानी करीब 19,966 लोग पुरुष थे। एनसीआरबी पत्नी द्वारा पतियों की हत्या को विशिष्ट रूप से रिकॉर्ड नहीं करता, लेकिन शोध बताते हैं कि 2022 में लगभग 275 पति हर वर्ष हत्या का शिकार हुए। ताजा मामले प्रदर्शित करते हैं कि पत्नियां भी योजना बनाकर हत्या करती हैं, जो एनसीआरबी के डाटा में शामिल नहीं होते। पुलिस और जांच एजेंसियां कई बार महिला के बयान को अंतिम सत्य मानकर पुरुष को दोषी ठहराती हैं। यदि पति मारा गया है और पत्नी का संदेह है, तो भी संदेह का लाभ अक्सर महिला को मिल जाता है। महिलाओं के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी संस्थाएं हैं, जो कानूनी और सामाजिक सहायता देती हैं, लेकिन पुरुषों के लिए कोई भी केंद्रीय आयोग या समर्पित निकाय नहीं है। देश के अधिकांश घरेलू हिंसा संबंधी कानून जैसे भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम (2005) पूरी तरह से महिलाओं के हित में बनाए गए हैं। परंतु यदि कोई पुरुष घरेलू हिंसा या मानसिक उत्पीड़न का शिकार होता है, तो उसके लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं हैं। यदि कोई पुरुष शोषण, मानसिक प्रताड़ना या यहां तक कि जान से मारने की धमकी का सामना करता है, तो समाज अक्सर उसे हंसी का पात्र बना देता है। तू मर्द होकर रोता है? जरूर तूने ही कुछ किया होगा। एक औरत तुझे मार कैसे सकती है? ये संवाद समाज की पितृसत्तात्मक सोच का उलटा पक्ष हैं, जो पुरुषों को भी अमानवीयता के जाल में फंसाते हैं। जेंडर न्यूट्रल कानूनों की मांग में घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना को लैंगिक रूप से निरपेक्ष बनाना जरूरी है। एक स्वतंत्र पुरुष आयोग बने, जो पीड़ित पुरुषों की शिकायतों की सुनवाई कर सके और उन्हें उचित परामर्श व सहायता प्रदान कर सके। एनसीआरबी डाटा में श्रेणी सुधार होना चाहिए। पति की हत्या पत्नी द्वारा, पुरुष पीड़ित जैसी श्रेणियों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नीति निर्माण में सहायता हो। पुरुषों के लिए विशेष परामर्श केंद्र, हेल्पलाइन और काउंसलिंग सुविधाओं का निर्माण होना चाहिए।

# असुरक्षित होती धार्मिक यात्राएं



प्रभुनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है।

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहां धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गई है। जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुई है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुई दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया। 17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुंचाते हैं।

हम आस्था को लेकर अधिक भीरू हैं। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ तो जरूर से ज्यादा जुटा ली जाती है, लेकिन उसके प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती है। आए दिन धार्मिक स्थलों पर मौत की खबरें सुर्खियां बनती हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में सबसे बेहतरीन व्यवस्था का दावा किया गया था, लेकिन भीड़ प्रबंधन में लापरवाही की वजह से बड़ा हादसा हो गया।

मंदिरों और सत्संग जैसे स्थलों पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जुटा ली जाती है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। थके-हारे लोग किसी चमत्कार में पड़कर भगदड़ के शिकार हो जाते हैं। लेकिन हम घटनाओं के बाद सबक लेना नहीं चाहते। अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए हम भीड़ अधिक से अधिक जमा कर लेते हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए हमारे पास कोई संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। इसका नतीजा होता है कि भगदड़ या दूसरी स्थिति में काफी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश भर से लाखों लोग पहुंचते हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता अतुलनीय है। दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई से होते हुए लोग बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचते हैं। वहां की प्राकृतिक स्थिति बेहद जटिल है। तीर्थयात्रा के दौरान बुजुर्ग और बच्चों के साथ अस्वस्थ श्रद्धालुओं को चढ़ाई पर कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। क्योंकि, पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही पवित्र मंदिरों तक पहुंचा सकता है। चढ़ाई दुर्मगम और कठिन होने से घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेनी पड़ती है।


उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है। ऑक्सीजन की कमी से भी जूझना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन चारधाम की पूरी यात्रा जोखिम भरी होती है। जो लोग पैदल यात्रा पूरी नहीं कर सकते वे घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेते हैं। हेलीकॉप्टर जैसे महंगी सुविधा सभी यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं है। क्योंकि आम श्रद्धालुओं के लिए यह सस्ती और सुलभ नहीं है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान दुर्गम पहाड़ी इलाकों और मौसम की खराबी सबसे बड़ी समस्या बनती है। जिसकी वजह से आए दिन हेलीकॉप्टर क्रैश की दुर्घटनाएं होती रहती है। उड़ान को निर्देशित करने के लिए कोई एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उड़ान के दौरान कोई रडार सिस्टम नहीं होता है। कभी उड़ान भरने के बाद अचानक मौसम बिगड़ जाता है जिसकी वजह से उड़ान में दिक्क़त हो जाती है। दुर्गम और सकरी घाटियों के साथ ऊंचे-ऊंचे वृक्ष।

मौसम खराब होने की स्थिति में लैंडिंग की कोई जगह नहीं होती है, जहां विषम स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतार दिया जाय। इसके अलावा हर उड़ान के समय तकनीकी जांच होनी चाहिए, पता नहीं ऐसा होता भी रहा या नहीं। हेलीकॉप्टर हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की जबाबदेही तय होनी चाहिए। धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने चाहिएं।

## सोशल फोरम

# देशभक्ति और विचारधारा



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

समतावादी विचारधारा अच्छी चीज है। देशभक्ति में भी क्या बुराई है? आखिर देश एक अपरिहार्य और ठोस आर्थिक इकाई भी तो है। इस इकाई के विभिन्न उत्पादन स्रोतों से प्राप्त कर की पूलिंग से (देश की सुरक्षा सहित) बड़ी लागत वाले आधारभूत ढांचे का निर्माण होता है जो किसी भी उद्योग की स्थापना के लिए अनिवार्य है। इस दृष्टि से यह आर्थिक इकाई हम सब के लिए परस्पर सहयोग और परस्पर निर्भरता से आर्थिक विकास में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। दुनिया की समस्याओं के समाधान का प्रयास किसी इकाई से ही शुरू हो सकता है। विचारधारा पूरे विश्व में एक झटके से तो लागू हो नहीं सकती। शुरुआत तो किसी देश से ही करनी पड़ेगी, जैसा कि अतीत में हुआ है। और देश मज़बूत नहीं होगा तो अन्य देश उसे विचारधारा के पथ पर चलने देंगे ?

तो राष्ट्र या देश महज़ भावात्मक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक नहीं है। इतिहास में लगातार कटती-पिटती राष्ट्रीय राज्यों की जो सीमाएं द्वितीय विश्व युद्ध और उपनिवेशवाद के अंत पर निर्धारित हुईं, वे तत्काल ठोस आर्थिक इकाइयों में तब्दील हो गईं। लेकिन विचारधारा और देशभक्ति (या राष्ट्रवाद) में पाखंडियों, नक़ली प्रगतिशीलों और नक़ली देशभक्तों को दाख़िल होने से रोकने के लिए ताला लगाने की कोई जुगत है? क्या है कि आदमी-आदमी की फ़ितरत, उसके स्वभाव व चरित्र की यह समस्या अनादि है। आप देशभक्ति के जेन्युइन जज़्बे से भरे हुए हैं तो इस मुगालते में मत रहें कि "देशभक्तों" के संगठन में आपको हाथोहाथ लिया जाएगा। या, आप पूंजीवाद के शोषण के ख़िलाफ़ दुनिया के मेहनतकश लोगों के संघर्ष और उनकी मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं तो किसी वैचारिक संगठन में पलक पांवड़े बिछाकर आपका इंतज़ार हो रहा है।

आप मानेंगे कि कौन, कहां, किस नीयत से घुसा और किस नीयत से जमा हुआ है, इसका सुराग़ लगाने की कोई तकनीक अभी तक तो ईजाद हुई नहीं। और आपको घूम फिर कर सारी समस्याओं का उत्स यहीं नज़र आएगा।

-फेसबुक वॉल से

# मगर चेत कौन रहा है

होमो सैपियेंस यानि हमारी प्रजाति धरती की किसी भी प्रजाति की तुलना में सबसे अधिक उग्र और लड़ाकू है। इतनी आक्रामक प्रजाति का हजारों वर्षों से अस्तित्व में बने रहना सचमुच आश्चर्यजनक है। तमाम दूसरी प्रजातियों को तो इसने विलुप्ति के कगार पर पहुंचा ही दिया है, पर्यावरण को तहस नहस कर डाला है और अब खुद अपनी ही प्रजाति के विरुद्ध आपस में लड़ रही है।




डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

इतिहास के युद्धों और नरसंहार को छोड़ भी दीजिए तो अब ही कहां यह प्रजाति सकून और शांति से बैठी है। धरती पर अनेक सभ्यताएं युद्धनत हैं। यूक्रेन रुस भिड़े हुए हैं। पाकिस्तान-भारत के दो दो हांथ हो चुके हैं। और इजराइल को जैसे हमास को नेस्तनाबूद करने से पूरी शांति न मिली हो वह अब ईरान पर हमलावर है। ईरान और इजराइल ठीक इसी क्षण अब तक के सबसे भीषण यलगार में जुट गए हैं। आखिर क्या यह प्रजाति ऐसे ही आपस में लड़ते झगड़ते मर मिटेगी? फिर वह धरती पर शाश्वत काल तक एकक्षत्र राज्य कैसे करेगी? क्या इस असीम ब्रह्मांड में कोई सभ्यता/यें ऐसी भी है या हैं जो मनुष्य की इन अविवेकभरी कारगुजारियों को देख रही है और ऊब कर फैसला ले बैठे कि है मूर्खों चलो बहुत हो गया तुम लोग धरती पर राज करने के काबिल नहीं हो, सिंहासन छोड़ो अब हम आते हैं। और फिर शेष जीवन क्या हमें उनकी चाकरी में ही बिताना पड़ेगा। दरअसल जैवीय विकास में अनेक व्यवहार प्रतिरुपों-भावनाओं, भाववृत्तियो का भी क्रमिक विकास होता गया। तमाम भावनात्मक व्यवहारों-क्षेत्र रक्षण, वात्सल्य, मातृत्व, घृणा-स्नेह-प्रेम-लगाव-घनिष्ठता, स्वजाति रक्षण (ऐल्ट्रूईज्म) के साथ आक्रामकता भी पराकाष्ठा प्राप्त कर गई है। तमाम पशु पक्षी तो इन जैवीय वृत्तियों का शमन बस अपनी बोली भाषा में डांट डपट कर या अपने अंग प्रत्यंग के जरिये लड़ भिड़ कर कर लेते हैं। मगर मनुष्य तो इनके बहुत आगे बढ़ चुका है। खुद के अंग प्रत्यंग तक ही नहीं वह तो दूर सूदूर तक की लड़ाई अपने मिसाईलों, ड्रोन और न्यूक्लियर हथियारों से निपटा रहा है। वह धरती का सबसे खतरनाक प्राणी बन चुका है। उसने इतने उन्नत अस्त्र और शस्त्र बना लिए हैं कि अब उसके स्वअस्तित्व पर भी बन आई हैं। विनाश की टिक टिक सूई अब आखिरी पड़ाव पर पहुंचने ही वाली है। मगर कौन चेत रहा है। सबसे दुर्बुद्धिवाले ये राजनेता हैं जिन्हें न तो विचारकों और वैज्ञानिकों की परवाह है और न इस धरती की शांति की। वे दिन रात प्रलय के निकट मानव प्रजाति को अपने कुकृत्यों से पहुंचाते जा रहे हैं। भारत को अतिरिक्त सावधान रहना है। चीन चुप है। मोदी मौन हैं। शायद इन्हीं से वैश्विक शांति बहाली की कुछ उम्मीद शायद बची है।

# चर्चा में फ्लैप्स

अहमदाबाद दुर्घटना के संभावित कारणों में 'फ्लैप' की भूमिका चर्चा में रही है। इसीलिए जानते हैं कुछ विस्तार मेंहवाई जहाज क्षैतिज (हॉरिजॉन्टल) दिशा में चलता है किन्तु ऊपर उठ जाता है। इसे समझने के लिए उस पर काम करते तीन बलों को पहले देखना होगा। पहला है थ्रस्ट-क्षैतिज दिशा में लगता बल, जो यान को आगे की और धकेलता है। दूसरा है ड्रैग -क्षैतिज दिशा में लगता बल जो हवा के अवरोध से पैदा होता है और यान के आगे बढ़ने की गति को कम करता है। तीसरा है लिफ़्ट-नाम से स्पष्ट है यह थ्रस्ट या ड्रैग के परपेंडिकुलर दिशा में काम करता है और यान को ऊपर उठाता है।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

थ्रस्ट का स्रोत इंजन है। ड्रैग और लिफ़्ट यान की आकृति पर निर्भर करते हैं। यान को डिज़ाइन करने वाले उसे ऐसा शेप देते हैं जिससे ड्रैग कम से कम हो और लिफ़्ट अधिक से अधिक मिले। स्कूल की भौतिकी में हमने बरनौली साहब का नाम सुना होगा। फ्लूइड (यानी द्रव या गैस) में चलते किसी पदार्थ के लिए डेनियल बरनौली ने एक सिद्धांत दिया है। फ्लूइड की गति और दबाव में व्युत्क्रमानुपाती संबंध है यानी गति यदि अधिक रहेगी तो दबाव कम रहेगा। यान के डैने ऐसे बनाए जाते हैं कि ऊपर की तरफ उनकी लंबाई अधिक हो और नीचे की तरफ कम। बहती हवा समझिये कि परतों (लेयर्स) में बहती है। इन परतों की प्रवृत्ति एक साथ रहने की होती है। जब यान आगे बढ़ता है तो हवा की एक परत विंग्स के नीचे हो जाती है और एक परत विंग के ऊपर से जाती है। विंग के ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, नीचे वाली परत की अपेक्षा। चूंकि उनकी प्रवृत्ति एक साथ रहने की है इसलिए ऊपर वाली परत अधिक तेजी से बहती है। बरनौली साहब के सिद्धांत के अनुसार ऊपर हवा का दबाव कम हो जाएगा नीचे की अपेक्षा और दबाव के इस फर्क से यान को लिफ़्ट मिलता है। अब फ्लैप्स। फ्लैप्स डैने के पीछे के एक अंग हैं जो जरूरत पड़ने पर बाहर निकाले जा सकते हैं और जरूरत नहीं रहने पर अंदर किए जा सकते है। फ्लैप्स के बाहर निकालने पर प्रभावी ढंग से डैने अधिक चौड़े हो जाते हैं, हवा की ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है जिससे उसकी गति अधिक तेज होती है जिसके चलते दबाव अधिक कम होता है और यान को अधिक लिफ़्ट मिलता है। उड़ने के फौरन बाद फ्लैप्स बाहर निकाल दिए जाते हैं, यान के ऊपर उठने प्रयास में उनसे मिलता अतिरिक्त लिफ़्ट काम आता है। यान के नीचे जमीन पर उतरते समय भी फ्लैप्स बाहर निकाले जाते हैं जिससे कम रफ़्तार में भी यान को लिफ्ट मिलता रहे अन्यथा यान अधिक रफ़्तार में रनवे को छूएगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### कैंटर में घुसी रोडवेज बस 12 यात्री घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** हरदोई डिपो की बस सोमवार तड़के दिल्ली जा रही थी। गजरौला में हाईवे पर बस कैंटर में पीछे से घुस गई। बताया जा रहा है कि हादसा बस चालक को झपकी आने से हुआ। बस में सवार बरेली निवासी राजू, नरेंद्र सिंह, राहुल, रेखा, जाकिर, शमसुद्दीन, साहिल समेत 12 से अधिक यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने कैंटर व बस को कब्जे में लिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मैजिक की टक्कर से बाइक सवार सेल्समैन की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** गांव चाकीखेड़ा निवासी 42 वर्षीय महेश कुमार उर्फ बंटी पुत्र हरि सिंह मंडी धनौरा में एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन था। वह रात की ड्यूटी कर सोमवार सुबह बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान मंडी धनौरा मार्ग पर गांव फत्तेहपुर छीतरा के पास सामने से आ रही तेज गति टाटा मैजिक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। महेश की मौके पर मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि हादसा बछरायूं थाना क्षेत्र में हुआ है।

### विधायक व एसडीएम ने 34 लाभार्थियों को दिए चेक

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** तहसील सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक दिए गए। विधायक राजीव तरारा व एसडीएम चंद्रकांता द्वारा 34 लाभार्थियों को कुल 1 करोड़ 70 लाख रुपये की धनराशि के पांच-पांच लाख रुपये की अनुदान राशि के प्रतीकात्मक चेक बांटे गए। विधायक राजीव तरारा ने कहा कि किसानों के हित में लगातार काम कर रही योगी सरकार ने एक बार फिर संकट की घड़ी में अन्नदाताओं को संबल देने की पहल की है जो की सराहनीय हैं। तहसीलदार मुसाराम थारू, नायब तहसीलदार श्री पाल, राजस्व निरीक्षक मनोज गौतम, श्याम सिंह, सतवीर जाटव, अमन अग्रवाल, प्रिंस चावला, गौरव कुमार सहित तहसील कर्मचारी वे लाभार्थी मौजूद रहे।



विस्फोट के बाद मलबे में पड़े जले हुए पटाखे। ● अमृत विचार

### 14 जून 2024 में भी हुआ था विस्फोट

करीब एक साल पहले घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर गांव सूदनपुर में स्थित पटाखा फैक्ट्री हुई घटना के बाद भी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने सीख नहीं ली। क्षेत्र में स्थित पटाखा फैक्ट्री में न तो किसी ने निरीक्षण और न ही कभी मजूदरों के काम काज को देखा। नतीजा यह है कि सोमवार को गांव अतरासी में जंगलों के बीच बनी इस फैक्ट्री में तेज धमाका हो गया। जिसमें चार महिलाओं कीमौत हुई है और नौ लोग गंभीर रूप से घायल है। एक साल पहले 14 जून 2024 यह हादसा थाना रजबपुर क्षेत्र के ही गांव सूनदपुर में हुआ था। यहां स्थित पटाखा फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। गांव सूदनपुर में पटाखा फैक्ट्री को कामरान अहमद चलाता था। आग लगने से वहां के ही मोहल्ले निवासी भोला सहित गांव मंगूपुरा निवासी ममता व रीता तथा गांव देवीपुरा निवासी अनीता व मनीषा भी गंभीर रूप से झुलस गए थे। पांचों लोगों को झुलसी हालत में बमुश्किल फैक्ट्री से बाहर निकालते हुए आननफानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ममता व भोला को गंभीर हालत में दिल्ली हायर सेंटर रेफर किया था। भोला और मंगूपुरा निवासी ममता पत्नी विजेंद्र की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।



घटनास्थल की ओर जाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# पटाखा फैक्ट्री के मलबे में दबी रह गईं चीखें

## मौत की पटाखा फैक्ट्री: विस्फोट होते ही ढह गई पूरी इमारत, मलबे में दब गए काम कर रहे मजदूर



बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पटाखा फैक्ट्री या यं कहे की मौत की पटाखा फैक्ट्री। सड़क से करीब एक किलोमीटर दूरी पर बीच जंगल में बनी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होते ही इमारत और टिनशेड पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो गया। धमाका इतनी तेज था कि महिलाओं के शव इधर-उधर बिखर गए। कुछ महिलाओं की चीख-पुकार मलबे में दबकर रह गई। बचने का मौका तक न मिला। धमाके की तेज आवाज और उठते धुएं से आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शवों को निकाला गया।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी से करीब 2 किलोमीटर दूर यह फैक्ट्री पिछले 2 साल से संचालित की जा रही थी।इस फैक्ट्री में सोमवार को करीब 25 महिला और पुरुष काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान उठी चिंगारी से पटाखे और बारूद में आग लग गई। फैक्ट्री में तेज धमाका हुआ। अंदर काम कर रहे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। कई ब्लास्ट होने के बाद फैक्ट्री मलबे में तब्दील हो गई। तेज धमाके की आवाज और धुंआ उठता देख आसपास के ग्रामीण पहुंचे। मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकालने का प्रयास करने लगे। पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई और ने राहत व बचाव कार्य शुरू किया। तब तक 4 महिलाओं की मौत हो चुकी थी। 9 घायल मजदूरों को एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया।



शहनाज।



प्रवेश।



रूमा।



रुकसाना।

● 9 घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया



पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद पहुंचे दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### कम मजदूरी, नहीं दी गई ट्रेनिंग

फैक्ट्री संचालक ने पटाखे बनाने के लिए आसपास की रहने वाली महिलाओं को कम मजदूरी पर रखा था। उन्हें केवल 300 रुपये दिहाड़ी दी जाती थी। न तो मजदूरों को कभी ट्रेनिंग दिलाई और न ही कोई टेक्नीशियन की तैनाती थी।सीएफओ अनिल कुमार ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में पटाखे बनाने के लिए पहले ट्रेनिंग दी जाती है। उसके बाद ही पटाखे बनाए जाते हैं।

### ये हुए घायल

मोतीनगर निवासी मोना पुत्री गिरीश, विशाल पुत्र धर्मवीर सिंह, इंद्रवती पत्नी छोटेलाल, पूजा पुत्री गिरीशचन्द्र, पूजा पत्नी अमित, अतरासी कलां निवासी सलोनी पुत्री रामौतार, सोनिया पत्नी ओमप्रकाश, पूजा पत्नी राजेश निवासी पपसरा, नाजरीन पुत्री कमरुद्दीन निवासी मंगुपुरा घायल हो गए।



घटनास्थल पर जांच करते डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद। ● अमृत विचार

# बियर की दुकान हटाने की मांग, किया प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बियर की दुकान पर अवैध रूप से देसी शराब बेचे जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने दुकान हटवाये जाने को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ में सोमवार की सुबह सैकड़ो महिला पुरुष सड़क पर उतर आये तथा गांव में खुली ठंडी बियर की दुकान को हटवाये जाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ठंडी बियर की दुकान खुली हुई है। लेकिन इसकी आड़ में देसी शराब को बेचा जा रहा है। गांव के युवा शराब को पीकर घर पहुंचने के बाद महिलाओं एवं बच्चों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करते हैं जिससे घरों में रोज क्लेश बनी रहती है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यहां से बियर की दुकान को तत्काल हटवाया जाये। अन्यथा ग्रामीण उच्च अधिकारियों के यहां धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। डायल 112 पुलिस ने प्रदर्शनकारी ग्रामीणों को समझा कर शांत कर दिया। प्रदर्शन करने वालों में लक्ष्मी, राकेश, संतराम, टिंकू, लज्जा, राकेश, तारा, चंद्रावती, प्रियंका, मीना, अंजू देवी, सोनी, तारावती, जगवती, संतोष, बृजपाल, आनंद, प्रशांत, मुन्ना, निशांत, रोशनी, किशन वती, सोनी, सुखिया, चंद्रावती, होशियारी, प्रेमवती, जगवती, अनीता आदि शामिल थे।



बियर की दुकान हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

● ग्रामीणों ने बियर की दुकान पर देसी शराब बेचने का लगाया आरोप



ग्रामीणों को समझाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# पिकअप में डोडा पोस्ता बरामद, तीन युवक दबोचे

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान पिकअप से 2 क्विंटल 12 किलो अफीम डोडा पोस्ता समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

रविवार की रात कोतवाली पुलिस हैबतपुर बंजारा मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान खाली पड़े प्लांट में उन्हें पिकअप खड़ी हुई दिखाई दी। मौके पर पहुंचकर उसकी तलाशी ली। पिकअप गाड़ी के पिछले हिस्से में प्लास्टिक के कट्टों में 2 क्विंटल 12 अफीम डोडा पोस्ट भरा हुआ था।अफीम तस्करों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने घेराबंदी का उनको गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद पुलिस वाहन सहित तीनों तस्करों को पड़कर कोतवाली ले आयी। पकड़े गये तस्करों के नाम अबरार पुत्र निजाम अली निवासी ग्राम कुंडा थाना सरसावा जिला सहारनपुर हाल निवासी अब्दुल्ला कॉलोनी, गयूर पुत्र अब्दुल शकूर निवासी अब्दुल्ला कॉलोनी, जीशन पुत्र असगर निवासी अब्दुल्ला कॉलोनी है। पकड़े गये तीनों तस्करों का पुलिस ने चालान कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया पकड़े गये अफीम डोडा पोस्ता की कीमत 11 लाख 80 हजार रुपए के करीब है।

● पुलिस ने पिकअप में पकड़ा 2 क्विंटल 12 किलो अफीम डोडा पोस्ता



डोडा पोस्ता के साथ पकड़े गए युवक।

# नीलगाय की गोली मारकर हत्या, पुलिस कर रही जांच

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में अज्ञात लोगों ने नीलगाय के गोली मारकर हत्या कर दी। वन विभाग ने नीलगाय के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

सोमवार की तड़के करीब चार बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव कालका वाली डगरोली में एक नीलगाय जख्मी हालत में गांव की आबादी के बीच सड़क पर पहुंच गई तथा कुछ ही देर में तड़पकर उसकी मौत हो गई। नीलगाय के शरीर पर दो गोलियां लगी थीं। डायल 112 एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन विभाग ने नीलगाय के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों में चर्चा है कि शिकारियों ने नीलगाय की गोलियां मार कर वध किया है। वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है। फिलहाल अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी जा रही है।

# भाकियू शंकर के कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम कर की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने अमरोहा कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं व किसानों ने नारेबाजी शुरू कर दी। करीब आधे घण्टे तक जाम की स्थिति बनी रही। मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों से वार्ता करते हुए उनकी सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया और जाम खुलवाया।

सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में संगठन से जुड़े सैंकड़ों कार्यकर्ता व किसान धरने प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट के ठीक सामने अमरोहा-जोया रोड पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। जाम की सूचना से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। किसानों को समझाकर जाम खुलवाया।

चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि कुतुबपुर-हमीदपुर गांव में 7 जून को तेंदुए ने आधा दर्जन किसानों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस दौरान अज्ञात कारणों से तेंदुए की भी मौत मृत्यु हो गई। लेकिन वन विभाग के द्वारा पीड़ित किसानों पर मुकदमें दर्ज़ करते उन्हें जेल भेज दिया।

घायलकिसानों को एक लाख रुपये मुआवज़ा व उन पर लगे सभी मुकदमों को समाप्त किया जाना चाहिए। चक्कालीलेट गांव में कंटेनर डिपो के लिए अधिग्रहित की जाने वाली ज़मीन का मुआवजा 20 लाख रुपये प्रति बीघा दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही प्रत्येक परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी भी भी दी जानी चाहिए। कहा कि जनपद के किसानों का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। किसानों को उर्वरक खाद के साथ में जबरन तरीके से नैनो यूरिया-डीएपी दिया जा रहा है जिस पर प्रशासन को तत्काल रोक लगानी चाहिए।



अमरोहा-जोया रोड पर जाम लगाते किसान व भाकियू शंकर के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● किसानों की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग, धरना-प्रदर्शन

सीओ शक्ति सिंह, डिडौली कोतवाल हरीशवर्धन सिंह, डिप्टी कलेक्टर पुष्करनाथ चौधरी, तहसीलदार अमरोहा, जिला आपूर्ति अधिकारी, वन विभाग के अधिकारियों ने किसानों से वार्ता करते हुए उनकी सभी समस्याओं के समाधान की बात कही है। प्रदेश प्रवक्ता प्रिंसिपल सत्यवीर सिंह चौधरी, धर्मवीर सिंह, नेमपाल सिंह, प्रधान बृजेश सैनी, हुकम सिंह, शेर सिंह राणा, जगत सिंह चौहान, सतवीर सिंह, राजकुमार, गजराम चौहान संजय चौहान राकेश रतनपुर, सत्येंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, खेमपाल सिंह, सरदार हरप्रीत, सुंदर सिंह, सुभाष यादव, नरेश गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, मोनू चौधरी, संजीव कुमार, राजपाल सैनी, रवि पप्पू आदि सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बिजली समस्याओं को लेकर जताई नाराजगी



**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ ने बिजली समस्याओं का समाधान न होने से नाराज होकर एसडीओ बिजली को पंचायत में बुलाकर उनका निस्तारण करने की मांग की है। सोमवार को भारतीय किसान संघ ने ब्लॉक परिसर में पंचायत का आयोजन किया। किसानों ने बिजली विभाग के एसडीओ को मौके पर बुलाकर बिजली समस्याओं का समाधान न होने पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने कहा कि बिजली की जो भी समस्यायें हैं उनका समाधान किया जाये। हर घर जल हर घर नल योजना के तहत गांव में पानी की टंकी बनाई गई हैं उनको अभी चालू नहीं कराया गया है। पात्र राशन कार्ड धारकों के नाम राशन कार्डों से काट दिये गये हैं। जांच कराकर राशन कार्ड पुन: बनवाये जाये। किसानों की जमीन का अंश बंटवारा लेखपाल द्वारा फर्द में गलत तरीके से दर्ज कर किया गया है। गांव उधनपुर से मुंसिफ कोर्ट तक सड़क टूटी हुई है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा, धर्मपाल सिंह चौहान, नेपाल सिंह, ओम प्रकाश, दिलीप सिंह, अशोक कुमार चौधरी, कर्मेंद्र सिंह, ओमवीर सिंह चौहान, यशवीर सिंह, राजीव आदि मौजूद थे।

### विधायक व एसडीएम ने किया गोशाला का निरीक्षण



**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** सोमवार को विकास खंड के गाव चुचौलाकला स्थिति अस्थाई गोशाला का विधायक राजीव तरारा व एसडीएम चंद्रकांता ने औचक निरीक्षण किया। नंदियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया इस दौरान गोशाला में 225 नंदी संरक्षित पाए गए। पशु चिकित्सा अधिकारी से नंदी के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी हासिल की वही कमजोर नंदियों को चिकित्सा के द्वारा उचित देखभाल के निर्देश दिए। केयरटेकर ने विधायक से गौशाला के ऊपर से गुजर रही 11हजार की विद्युत लाइन के लटके तारों के बारे में बताया जिस पर विधायक ने जिलाधिकारी से वार्ता कर लटके तारों का समाधान करने की बात कही। पशु चिकित्सा, सतवीर जाटव, एडवोकेट प्रशांत त्यागी, विवेक अग्रवाल, प्रिंस चावला, अमन अग्रवाल, गौरव कुमार सहित ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### 54 आश्रितों को दिए गए कृषक दुर्घटना योजना के चेक



**हसनपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत हसनपुर तहसील क्षेत्र के 54 आश्रितों को चेक वितरण किए गए। सोमवार को नगर के विकासखंड कार्यालय स्थित सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान तहसील क्षेत्र के 54 आश्रित परिवारों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत पांच लाख, ढाई लाख एवं एक लाख के चेक वितरण किए गए। विधायक द्वारा केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जारी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में एसडीएम विभा श्रीवास्तव, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार दिवाकर सिंह, लेखपाल दीपक चौधरी, हरीश, सुरेंद्र, मनोज, सतीश, राजपाल, प्रदीप, संजय, मुस्तकीम आदि मौजूद रहे।

## कार पलटने से महिला की मौत, चार घायल

**बिजनौर, अमृत विचार:** एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी जिसमें घायल महिला की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। शामली के कांधला निवासी हकीम का परिवार सोमवार को कार से बिजनौर रिश्तेदारी में जा रहा था। हल्दौर के पास अमहेड़ा गांव के पास पहुंचा तभी चालक का नियंत्रण हट गया। कार सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में वरिसा (60 वर्ष) पत्नी हकीम की अस्पताल में मौत हो गई। जबकि शम्मो, कमरो, और दो अन्य को गंभीर चोटें आई हैं।

# दुधवा में 115 साल बाद दिखा आर्किड का दुर्लभ फूल

- पर्यटन के अंतिम दिन सोठियाना रेंज में दिखा विलुप्तप्राय श्रेणी फूल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बाघों और एक सींघ वाले गैंडों के साथ ही अन्य वन्यजीवों और अपनी जैव विविधता से परिपूर्ण दुधवा नेशनल पार्क के सोठियाना वन रेंज में रविवार को दुर्लभ आर्किड फूल देखा गया है। दुधवा प्रशासन का कहना है कि यह फूल करीब 115 साल बाद दिखाई पड़ा है। इसे विलुप्तप्राय श्रेणी में रखा गया था। दुधवा में अंतिम बार 1909 में इसे देखा गया था। इसके बाद यह फूल


दुधवा में खिला आर्किड।

2017 में बांग्लादेश में पाया गया था।

दुधवा नेशनल पार्क में जंगली जीवों के अलावा और भी बहुत कुछ है। यहां रंग-बिरंगी 500 से अधिक प्रकार की विभिन्न प्रजाति की तितलियां पर्टटकों का मनमोह लेती हैं। यहां जंगल में खिलने वाले रंग बिरंगे फूल भी पर्यटकों को लुभाने में रंग बिरंगे खुशबूदार फूल भी पीछे नहीं है। पर्यटन सत्र-2024-25 के समापन पर रविवार को दुधवा नेशनल पार्क में एक सुखद और अभूतपूर्व खबर सामने आई है। जैव विविधता पार्क में पूरी तरह खिले आर्किड की जीवंत छटा से जगमगा रहा है। यह फूल सोठियाना और दक्षिण सोनारीपुर रेंज क्षेत्र में दिखाई दिया है। लुप्तप्राय प्रजातियों सहित ऑर्किड की 25000 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से करीब 1300 प्रजातियां भारत में हैं। यह 132 से अधिक देसी फलों, औषधीय पौधों, बांस की 72 प्रजातियों, बेंत की 12 प्रजातियों, क्षेत्र में उगाए जाने वाले चावल की 200 से अधिक किस्मों के साथ एक चावल बीज बैंक और पार्क के तालाब में विभिन्न स्थानीय मछली प्रजातियों का संरक्षण भी करता है। दुधवा टाइगर रिजर्व के लिए यह एक शुभ संकेत है। मुख्य तौर पर यह पौधा पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है। उत्तराखंड, सिक्किम, दार्जलिंग या गुवाहटी के पहाड़ियों पर यह पौधा मिलता है। दुधवा में वन विभाग अब इस क्षेत्र में आर्किड की विस्तृत खोज और अध्ययन की योजना बना रहा है।

> आर्किड लुप्तप्राय की श्रेणी में है। इसका दुधवा में देखा जाना काफी सुखद है। आर्किड की यह प्रजाति केवल किसी विशेष कीट द्वारा परागित होती है।
> -एच. राजा मोहन, एफडी, दुधवा टाइगर रिजर्व

# योग से असाध्य रोगों से छुटकारा संभव

## योगाभ्यासः साधकों को कराए जोड़ों के दर्द और सर्वाइकल में लाभकारी योगासन


शंकर कालेज में योगासन कराते योगाचार्य। ● अमृत विचार


शंकर कॉलेज परिसर में योग करते महिला व पुरुष साधक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति व नगर पालिका परिषद संभल के तत्वाधान में चल रहे योग शिविर में दूसरे दिन साधकों को जोड़ों के दर्द और सर्वाइकल में लाभकारी योगासन कराए गए।

शंकर इंटर कॉलेज में शिविर का शुभारंभ कृष्णा ग्रेवाल, मुदिता गुप्ता, सीमा गुप्ता, सीमा शर्मा, गुलशन, अनुराग अग्रवाल, अशोक गुप्ता, बीनू अग्रवाल ने किया। योग शिक्षक राज्य संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन, महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्ण ग्रेवाल, संजय देवल ने सूर्य नमस्कार, कपालभाति, भ्रामरी, उज्जयी, अनुलोम-विलोम, शीतली, शीतकारी, सूक्ष्म व्यायाम, तितली आसन, स्थितिकोणासन, प्राणायाम और चक्रासन का अभ्यास कराया। प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह वर्तवाल, हरनाम सिंह, विकास वर्मा, संजय गुप्ता, ऋषभ श्रीवास्तव, वीकेश शर्मा, विशेष शर्मा, ईश्वर चंद्र सैनी एडवोकेट, विजय बहादुर सक्सेना, वेद प्रकाश ठाकुर, अमित शुक्ला, प्रियांशु जैन, अनुज गुप्ता, संजीव शर्मा, बीपी सिंह, रेनू वार्ष्णेय, ऊषा अग्रवाल, मधु खुराना, रेखा शर्मा, मंजु आर्य, आदि रहे।

# राहुल गांधी का अधिवक्ता अनुपस्थित, नहीं हुई सुनवाई

- न्यायालय ने अब 18 जुलाई की तारीख नियत की
- हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दर्ज कराया था मामला

संवाददाता चन्दौसी

**अमृत विचार:** जिला न्यायालय स्थित एडीजे प्रथम न्यायालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई होनी थी। मगर उनके अधिवक्ता के अनुपस्थिति के कारण सुनवाई के लिए 18 जुलाई नियत की है।

हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने जिला न्यायालय में 23 जनवरी को याचिका दायर की थी। यह याचिका राहुल गांधी के एक बयान को लेकर दर्ज कराई थी। राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी लड़ाई भाजपा-आरएसएस से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट से है। 20 मार्च को न्यायालय ने राहुल गांधी को नोटिस जारी किया। इसके बाद 4 अप्रैल व 7 मई को सुनवाई टल गई।

सोमवार को राहुल गांधी के अधिवक्ता सगीर सैफी के अनुपस्थित होने के कारण सुनवाई टल गई। न्यायालय ने 18 जुलाई की तारीख नियत की है। सिमरन गुप्ता के अधिवक्ता सचिन गोयल ने न्यायालय में राहुल गांधी की उपस्थिति की मांग की।

# योग जागरुकता को बच्चों ने निकाली साइकिल रैली


रैली को रवाना करते डीआईओएस श्यामा कुमार। ● अमृत विचार

**चन्दौसी, अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अंतर्गत एसएम इंटर कॉलेज से योग जागरुकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

सोमवार की सुबह जिला विद्यालय निरीक्षण श्यामा कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में एसएम इंटर कॉलेज, चन्दौसी इंटर कॉलेज, एफआर इंटर कॉलेज, श्री अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली स्टेशन रोड, फव्वारा चौक, मुरादाबाद गेट, घंटाघर, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार, कैथल गेट होते हुए चन्दौसी इंटर कॉलेज पर जाकर संपन्न हुई। रैली में प्रधानाचार्य सीपी सिंह, दयाशंकर, संजीव कुमार सक्सेना, राजेश गुप्ता, नरेंद्र कुमार, मोहम्मद वसीमुद्दीन, अंजू गुप्ता, सीमा सागर, शिवानी शर्मा, संजीव कुमार पीटीआई, चंद्रकांत पीटीआई, संगीता रानी वार्ष्णेय, जय प्रकाश, अभिषेक त्यागी, शामेंद्र सिंह, कृष्ण अवतर आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**बिजनौर, अमृत विचारः** एसपी अभिषेक झा और एसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई ने सोमवार को सिटी पुलिस लाइन का भ्रमण कर आरटीसी प्रशिक्षण आने वाले अभ्यार्थियों के लिए की गयी तैयारियों का निरीक्षण किया।

प्रशिक्षण स्थल, आवासीय परिसर, पेयजल, शौचालय, भोजन, साफ-सफाई व सुरक्षा आदि से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। सभी व्यवस्थाओं को सुचारू एवं मानक के अनुरूप बनाए रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं मानकों पर विशेष ध्यान देने व समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

# नेपाल के लकी थापा ने राजस्थान के मुन्ना टाइगर को दी पटकनी

- उझारी के शेख दाऊद बंदगी के उर्स में दंगल का आयोजन

संवाददाता सैदनगली/उझारी

**अमृत विचारः** उझारी नगर के हजरत शेख दाऊद बंदगी के उर्स के अवसर पर चल रहे विशाल दाऊदिया दंगल में पहलवानों ने अपने-अपने उस्ताद के जौहर दिखाए। दर्शकों ने भी तालियां की गड़गड़ाहट के साथ उनकी हौंसला अफजाई की।

उझारी में चल रहे विशाल दाऊदिया दंगल में पूरे भारत सहित विदेशों से भी पहलवान आए हैं। जिनकी शौहरत सुनकर क्षेत्र की हजारों की संख्या में दर्शन उमड़ पड़े। सोमवार को मुख्य रूप से रिहान पहलवान हरियाना ने सुनील पहलवान बिहार को, इस्तकार पहलवान उझारी ने तीर बहादुर पहलवान मैनपुरी को, लकी पहलवान थापा नेपाल ने मुन्ना टाइगर पहलवान राजस्थान को, मोनिस बाबा फकीर पहलवान ने बबलू पहलवान बलरामपुर को, मौसम अली पहलवान पहलवान ने नकाबपोश पहलवान को, आसिफ पहलवान जलालाबाद ने शेरा पहलवान आगरा को चित कर अपनी जीत का परचम लहराया। मुख्य रूप से चौधरी इक्तेदार उर्फ बुद्धन भैया, हाजी कल्लन, भूरे मिस्त्री, वसीम अहमद, शादाब मंसूर, मोबीन अहमद, हकीम चमन, अलाउद्दीन सैफी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।


दांव लगाते पहलवान। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### परिषदीय विद्यालयों में आरंभ हुईं योग कक्षाएं



**चन्दौसी, अमृत विचार :** सोमवार से परिषदीय विद्यालय खुल गए। मगर पठन-पाठन का कार्य आरंभ नहीं हुआ है। केवल अध्यापक ही विद्यालय पहुंच रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह आरंभ किया गया है जिसमें बच्चों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। नगर में सुभाष प्राइमरी, गोविंद बल्लभ पंत, शहीद ग्रीश चंद, सरोजनी नायडू, गांधी प्राथमिक विद्यालय आदि में स्कूलों में बच्चों को योग का अभ्या। कराया गया। गांधी पार्क, बिंदल फार्म सहित अन्य स्थानों पर योगाभ्यास कराया जा रहा है।

### श्रीमद् भागवत कथा के लिए निकाली कलश यात्रा



**संभल, अमृत विचार :** पंडित कवित आचार्य महाराज के नेतृत्व में संभल जनपद के मोहम्मदपुर टांडा गांव में श्रीमद् भागवत कथा से पहले कलश यात्रा का आयोजन किया गया। आचार्य अखिलेश शर्मा द्वारा पंचांग पूजन के बाद महिलाओं ने एवं बालिकाओं ने कलश को सर पर धारण करके नगर भ्रमण किया। कवित आचार्य ने कहा कि बालकों को जन्म से ही संस्कारित करना चाहिए। अनिल शर्मा, भूराज चौधरी, सुधीश शर्मा, शिवोम शर्मा, सपत्नीक यजमान बने। कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय शर्मा, सुभाष चौधरी, सत्यवीर सिंह, राजा शर्मा, पप्पी चौधरी, मीनू शर्मा, मंजू चौधरी, सुहानी शर्मा, सुगंधी वर्मा, प्रियांशी शर्मा, रानी शर्मा, शिल्पी शर्मा, दीपक चौधरी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया।

### संघ ने किया नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मानवाधिकार संघ संस्थान की ओर से नवाबपुरा गांव में ग्राम प्रधान मीरा देवी के आवास पर नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मोहन आई केयर क्लीनिक के टीम व संस्था ने लोगों की नेत्रों का परीक्षण किया। चिकित्सक शुभम वार्ष्णेय ने कहा कि आंखों को ताजा पानी से दिन में 1 से 2 बार धोना चाहिए। कम्प्यूटर व अन्य डिजिटल स्क्रीन का उपयोग करते समय, हर 20 मिनट में 20 सेकेंड का ब्रेक लेना चाहिए और 20 फिट दूर किसी चीज को देखना चाहिए। विश्वजीत शर्मा, संजीव कुमार, जगदीश राना, डॉ. दीप चंद्र अग्रवाल, अश्वनी शर्मा, आयुष शर्मा, रामकिशोर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### फैक्ट्री के मलबे की हजारों ईंटें हुई चोरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** थाना नौगावां सादात क्षेत्र के नई बस्ती निवासी बाबू खां अंसारी ने बताया कि ग्राम चक सिकरया में उसकी फैक्ट्री भयंकर तूफान में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। फैक्ट्री का टीन शेड उड़ गया और साइड की दीवारें भी गिर गईं थी तभी से फैक्ट्री बंद पड़ी थी। दीवारों से लगभग 5 हजार ईंटें उन्होंने मलबे से निकाल ली थीं, लेकिन अब शेष बची एक हजार ईंटें चोरी हो गईं। उन्होंने थाने में तहरीर दी।

### आज से हेली सेवा शुरू, केदारनाथ पैदल मार्ग भी सुचारू

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। श्रद्धालुओं द्वारा चारों धामों केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के नियमित दर्शन किए जा रहे है। वहीं, हेली हादसे में सात लोगों की मौत के बाद स्थगित की गई हेली सेवाएं आज से पुन: संचालित की जाएंगे। प्रशासन के अनुसार, बरसात के मौसम के दृष्टिगत यात्रा मार्गों पर संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है। पैदल यात्रा मार्गों पर भी श्रद्धालुओं की सुविधा की दृष्टि से हर संभव प्रयास किए गए हैं। चारधाम यात्रा मार्गों से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। वहीं, रविवार को जंगलचट्टी के निकट निरंतर भारी वर्षा के कारण गधेरे में अचानक मलबा एवं पत्थरों के आने से केदारनाथ धाम को जाने वाला पैदल मार्ग आंशिक रूप से बाधित हो गया था। सुरक्षा की दृष्टि से यात्रा को कुछ समय के लिए अस्थायी रूप से स्थगित किया गया था। प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से देर शाम में कार्यदायी संस्थाओं के स्तर से पैदल यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर आये मलबा पत्थर इत्यादि को हटाने एवं मार्ग को सुचारू करने का कार्य तत्परता से किया गया।

### 5 घंटे आपूर्ति बाधित होने से परेशान रहे उपभोक्ता

चन्दौसी, अमृत विचार : मौलागढ़ विद्युत उपकेंद्र की सप्लाई रविवार की रात 5 घंटे बाधित रही। देर रात विद्युत आपूर्ति सुचारू होने उपभोक्ताओं ने राहत महसूस की। शहर के अन्य मोहल्लों में भी ट्रपिंग की समस्या से लोग परेशानी बने रहे। मौलागढ़ विद्युत उपकेंद्र से नगर पंचायत मौलागढ़, विकास नगर, पंचशील कॉलोनी, अंबेपुरम, आंशिक आवास विकास कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्र जुड़ा हुआ है। जिससे करीब 2 हजार उपभोक्ता हैं। रविवार की रात 8 बजे मौलागढ़ बिजली घर में फाल्ट होने से बिजली ठप हो गई। भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़े। उमस भरी गर्मी होने से लोगों को घर व बाहर कहीं भी चेन नहीं मिल रहा था। जानकारी होने पर बताया कि देर रात तक बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकेगी। देर रात 1 बजे बिजली आपूर्ति सुचारू होने पर उपभोक्ताओं ने राहत महसूस की। इसके अलावा शहर के अनेक हिस्सों में रात भर ट्रपिंग की समस्या होने से उपभोक्ता परेशान बने रहे।

# पेयजल सप्लाई और सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश


कर्मचारियों के साथ बैठक करते पालिकाध्यक्ष व ईओ। ● अमृत विचार

- ईओ और पालिकाध्यक्ष ने की कर्मचारियों के साथ बैठक

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** नगर पालिका कार्यालय में मासिक बैठक में अधिशासी अधिकारी ने नगर की सफाई व्यवस्था व पेयजलापूर्ति पर नाराजगी जताई।

सोमवार को गांधी पार्क स्थित नगर पालिका के अस्थायी कार्यालय में पालिका की मासिक बैठक में पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम मौजूद रहे। ईओ ने कहा कि शहर के कई मोहल्ले में पानी की सप्लाई नियमित रूप से नहीं मिल रही है। रघुवीर नगर में नगर पालिका के टेंकर से पानी दिया जा रहा है। उन्होंने जलनिगम के अधिकारियों से कार्य में सुधार के निर्देश दिए। शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जताई। कहा कि सड़क किनारे पड़ना वाला कूड़ा समय से नहीं उठाया जा रहा है। अवनेश गुप्ता, ऋषभ कुमार, प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, चंद्र मोहन, प्रभाकर गुप्ता, आशीष कुमार, राजकुमार, नरेश कुमार, प्रमोद कुमार, अर्पित श्रीवास्तव, हिना गोयल, रवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### खरीफ में अनुकूल रहेगा मौसम, उत्पादन बढ़ाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में खरीफ मौसम में कृषि उत्पादन संबंधी एक बैठक की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि खरीफ मौसम में अनुकूल मौसम रहने की संभावना है, जिसका लाभ उठाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान दिया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके।

### 31 जुलाई तक चलेगी मक्का की खरीद

**अमृत विचार लखनऊ :** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर राज्य सरकार किसानों से पहली बार सीधे मक्का की खरीद कर रही है। 15 जून से शुरू हुई यह खरीद 31 जुलाई तक चलेगी। क्रय केंद्रों पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खरीद की जाएगी। मक्का की खरीद 2225 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगी। दरअसल, पिछले दिनों औरैया पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मक्का उत्पादक किसानों से बात की थी और उन्हें आश्वस्त किया था कि सरकार नियमित रूप से उनकी खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी। फिलहाल सरकारी मक्का की खरीद हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, औरैया, कन्नौज, इटावा, फर्रुखाबाद, बहराइच, बलिया, गोंडा, अयोध्या, बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, संभल, रामपुर, व मीरजापुर में की जा रही है।

### पेयजल संबंधी 90 फीसदी शिकायतें निस्तारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने पेयजल आपूर्ति से जुड़ी जन शिकायतों के निस्तारण में उपलब्धि दर्ज कर रहा है। जल गुणवत्ता, पाइपलाइन लीक, अनियमित जल आपूर्ति और रोड कटिंग जैसी शिकायतों में 90 फीसदी शिकायतों का त्वरित समाधान किया है। इस पहल से अब तक 38 हजार से अधिक नागरिकों को समाधान मिल चुका है। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि अनियमित जल आपूर्ति की 10 हजार से अधिक समस्याओं का निस्तारण कर योगी सरकार ने मानक स्थापित किया है। रोड कटिंग की चार हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया, जबकि जल गुणवत्ता की 400 से अधिक शिकायतें दूर की गईं। इसके अलावा इलाकों में पेयजल पाइप लाइनों में लीकेज की शिकायतों में 4,500 से अधिक पाइप लाइन रिसाव की समस्याओं को शीघ्र हल किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विभिन्न प्रकार की 18 हजार से अधिक शिकायतों को निस्तारित किया गया है।

# निजीकरण के विरोध में नियामक आयोग कार्यालय पर मूक प्रदर्शन

- निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट को नामंजूर करने की मांग
- सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को बिजली कर्मियों ने राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय पर मूक प्रदर्शन किया और निजीकरण के विरोध में ज्ञापन देकर सलाहकार कंपनी के निजीकरण संबंधी 'आरएफपी डॉक्यूमेंट' को नामंजूर करने की मांग की। इसके साथ ही, बिजली कर्मियों ने प्रदेश के सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किया।

बिजली कर्मी शाम चार बजे सैकड़ों की संख्या में नियामक आयोग कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचे। बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में तख्तियां लेकर मूक प्रदर्शन किया। नियामक आयोग के सचिव ने मुख्य द्वार पर पहुंचकर संघर्ष समिति का ज्ञापन लिया। ज्ञापन के जरिए संघर्ष समिति ने निजीकरण पर नियामक आयोग के जरिये सुनवाई पर अपनी आपत्ति और विरोध दर्ज किया।

संघर्ष समिति ने आयोग के अध्यक्ष के नाम दिए गए ज्ञापन में मांग की कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की ओर से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए दिए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट को मंजूरी न दी जाय और निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाए। आयोग के अध्यक्ष से यह भी मांग की गई कि निजीकरण के मामले में संयुक्त संघर्ष समिति को भी नियामक आयोग के सामने अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया जाए।

आयोग में सदस्य विधि न होने से पूरा नहीं है कोरम : संघर्ष समिति की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि आयोग में वर्तमान में कोई सदस्य विधि नहीं है। इस तरह आयोग का तकनीकी दृष्टि से कोरम ही पूरा नहीं है। अवैध ढंग से नियुक्त किए गए व झूठा शपथ पत्र देने वाली सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर पावर कॉरपोरेशन से कोई बात नहीं करनी चाहिए थी और न ही इस पर कोई अभिमत देना चाहिए।



राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय पर प्रदर्शन करते बिजली विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

### लू से राहत, मौसम में बदलाव का सिलसिला

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेशवासियों को लू से राहत मिल गई है। अब राज्य के कई जिलों में बारिश और झोंकेदार हवाओं के साथ मौसम में बदलाव का सिलसिला है। इस बीच मौसम विभाग ने 40 से अधिक जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। इसी के साथ तापमान में 3 से 7 डिग्री की गिरावट का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में छिटपुट से भारी बारिश की संभावना है। जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। इस बीच पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को कहा कि बाढ़ के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में पशुधन की सुरक्षा के लिए सभी पर्याप्त व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए।

# किसान परिवार से कोई आपदा ग्रस्त हुआ तो सरकार साथ

## 11690 आश्रित परिवारों को जारी किए गए 561.86 करोड़ रुपये

- योगी ने अंबेडकर नगर में 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों के लिए 561.86 करोड़ रुपये जारी किए। सोमवार को अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री मौजूद रहे, जबकि प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में मंत्री-जनप्रतिनिधियों ने किसानों के आश्रितों को सहायता उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष अब तक आपदा के शिकार हुए किसानों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार किसानों के हितों के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है।

मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना से इस वर्ष में 11690 परिवारों को धनराशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से पहले केवल किसान आता था, बटाईदार और किसान के परिवार के सदस्य नहीं आते थे, लेकिन हमारी सरकार ने कहा कि किसान, बटाईदार, कृषि श्रमिक व किसान के परिवार का कोई व्यक्ति अग्निकांड, आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली, बाढ़ समेत किसी भी आपदा का शिकार होता है तो सरकार मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत सोमवार को अंबेडकर नगर के 431 लोगों को सहायता राशि उपलब्ध कराई। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये, 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। कुल राशि 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये (लगभग 21 करोड़) है।

धनराशि डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजी गई। मुख्यमंत्री ने गीता देवी, अकिला खातून, सितारा देवी, शांति देवी, रेखा शुक्ला, शालू, ज्योति, वंदना भारती, रुक्मिणी, सिंधू वर्मा, संगीता, शशिकला, कुसुम, अनीता, सबीना को पांच-पांच लाख रुपये चेक दिया गया। इसी तरह की सहायता धनराशि अंबेडकरनगर, कुशीनगर, कानपुर देहात, मैनपुरी, जौनपुर, इटावा, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, संतकबीर नगर जिलों के किसान परिवारों को भी सौंपी गई।

### अकबरपुर बस स्टैंड का श्रवणधाम नामकरण

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अंबेडकर नगर के कटेहरी में आयोजित एक समारोह में जिले के विकास के लिए 1,184 करोड़ रु. की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण ''श्रवणधाम बस स्टैंड'' होना चाहिए।



### गीडा को मिलेगी 1551 करोड की परियोजनाओं की सौगात

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक नक्शे पर तेजी से उभर रहे गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 1551 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं लोकार्पण और शिलान्यास के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री योगी के हाथों शीघ्र ही इन विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। लोकार्पण और शिलान्यास की इन परियोजनाओं में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप 760 करोड़ रुपये के निवेश के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी शामिल हैं। इसके साथ ही लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे प्लास्टिक पार्क में ही केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान (सीपेट) का स्किल ट्रेनिंग सेंटर और सीएफसी कामन फसिलिटी सेंटर) का शिलान्यास भी प्रस्तावित है। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो-केमिकल्स विभाग ने प्लास्टिक के विश्व व्यापार में भारत की साझेदारी को बढ़ाने एवं क्लस्टर विकास के माध्यम से प्लास्टिक पार्क योजना विकसित की है। इस योजना के तहत देश भर में 10 प्लास्टिक पार्कों को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। इसी योजना के तहत उत्तर प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे अधिग्रहित ग्राम नरकटहा की 88 एकड़ भूमि पर बसाया जा रहा है।

## बिजली सस्ती होगी तो प्रदेश में उद्योग लगेंगे: अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर बिजली सस्ती नहीं होगी तो प्रदेश में उद्योग नहीं लगेंगे, कारोबार नहीं होगा । उप्र. में आज जिन पावर प्लांटो से बिजली का उत्पादन हो रहा है वह पावर प्लांट सपा सरकार में लगाये गये थे। अभी हाल में जिन पावर प्लांटों का उद्घाटन हुआ उनका शिलान्यास सपा सरकार में हुआ था। भाजपा सरकार ने बिजली विभाग की तरह स्वास्थ्य विभाग को भी बर्बाद कर दिया है। सपा प्रमुख, पार्टी मुख्यालय में सोमवार को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल है। सोना एक लाख रूपए से पार चला गया है। गरीब व्यक्ति अपनी बेटी की शादी कैसे करेगा। इस महंगाई में शादी-विवाह में गरीब बेटी को कुछ भी देने की स्थिति में नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे में श्रद्धालुओं की मौत के आंकड़े को लेकर पूरी सरकार ने झूठ बोला। मृतकों के परिजनों को मुआवजा न देना पड़े इसलिए मरने वालों की संख्या सिर्फ 37 बतायी । अब जब एक प्रतिष्ठित समाचार संस्था ने पूरा आंकड़ा और सच्चाई सामने ला दिया है तो सरकार कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं बची है।

# जिलों की सीएचसी में भी तैनात किए जाएंगे जूनियर रेजीडेंट

- काउंसिलिंग में प्रतिभाग करेंगे नीट 2019 बैच के 2582 एमबीबीएस डॉक्टर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मेडिकल कॉलेज ही नहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी जूनियर रेजीडेंट्स की तैनाती होगी। नीट 2019 बैच के एमबीबीएस उत्तीर्ण, डॉक्टर बन चुके अभ्यर्थियों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत राज्य के 48 मेडिकल कॉलेज व 40 जिलों की विभिन्न सीएचसी की कुल 2797 पदों पर तैनात किया जाएगा। इसके लिए सोमवार 16 जून से काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इन अस्पतालों सीट मैट्रिक्स जारी कर दी है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस उत्तीर्ण करने वाले 2019 बैच के डॉक्टरों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत दो साल के लिए जूनियर रेजीडेंट, डिमांडट्रेटर व ट्यूटर के पद पर नियुक्त किया जाएगा। डॉक्टरों को मनपसंद कॉलेज एलॉट करने के लिए कांउसिलिंग प्रक्रिया जारी है। आरक्षण नियमो का अनुपालन करते हुए प्रदेश के चिकित्सा विश्वविद्यालय, चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान समेत 48 मेडिकल कॉलेजों के साथ ही 40 अन्य जिलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की रिक्त सीटों की मैट्रिक्स घोषित कर दी गयी है। प्रदेश में सीटे 2797 हैं, जबकि 2019 बैच के 2537 और 2018 बैच के 45, कुल 2582 एमबीबीएस डॉक्टर हैं, कांउसिलिंग के माध्यम से सभी को कॉलेजों में नियुक्ति प्रदान कर दी जाएगी।

# ग्रेड वन के 670 डॉक्टरों को ग्रेड टू में प्रोन्नति

- वर्ष वार रिक्त पदों के सापेक्ष प्रोन्नति की तीन सूचियां जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में अनुरोध पर होने वाले तबादलों की आश लगाए डॉक्टरों की उम्मीदों पर पानी फिर गया, लेकिन वर्षो बाद विभाग में ग्रेड वन के पहली बार प्रोन्नति पाने वाले डॉक्टरों में हर्ष का माहौल है, ग्रेड वन के 670 डॉक्टरों को ग्रेड टू में प्रोन्नति मिल गई। वहीं तमाम डॉक्टरों का वर्षों से प्रोन्नति का इंतजार जारी है।

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अनुभाग आठ से प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुमोदन उपरांत ग्रेड टू में प्रोन्नति पाने वाले डॉक्टरों की तीन सूची जारी हुई हैं। पहल सूची वर्ष 2021-22 में रिक्त पदों के सापेक्ष जारी पहली सूची में 562 डॉक्टरों को शामिल किया गया है, जबकि वर्ष2022-23 में 43 डॉक्टर शामिल हैं, इनमें नौ डॉक्टर दिव्यांग हैं। प्रोन्नति पाए वर्ष 2023-24 के रिक्त पदों के सापेक्ष 65 डॉक्टरों की तीसरी सूची जारी की गयी है। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग उप्र. के प्रांतीय सचिव डॉ.अमित सिंह का कहना है कि ग्रेड वन में 3620 पद के सापेक्ष करीब 6949 डॉक्टर सेवारत हैं, साल 2012 से प्रोन्नति नहीं मिली है, जिसकी वजह से ग्रेड वन में प्रोन्नति की आस लगाए हजारों डॉक्टर हैं, मात्र 670 डॉक्टरों को प्रोन्नति से विभाग का ढ़ांचा नहीं सुधरेगा, प्रोन्नति सभी को देनी चाहिए।

### स्वास्थ्य केन्द्रों के एमओसीएच 119 डॉक्टर स्थानान्तरित

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित होने वाले 119 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारियों (एमओसीएच) को आयुर्वेद निदेशक के निर्देश पर स्थानान्तरित कर नए केन्द्रों में तैनात कर दिया गया है। इनमें मात्र 23 डॉक्टरों के स्थानान्तरण अनुरोध पर किए गए हैं। आयुर्वेद निदेशक मानवेन्द्र सिंह ने स्थानान्तरित एमओसीएच की सूची जारी करते हुए सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्थानान्तरण के तहत डॉक्टरों को तत्काल प्रभाव से बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा के चिकित्साधिकारियों को अवमुक्त करें ताकि अगले एक सप्ताह के अंदर नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लें। निदेशक ने बताया कि स्थानान्तरण में डॉक्टरों के गृह जनपद को ध्यान में रखा गया है, अगर मंडल में तैनाती की निर्धारित अवधि पूरी हो चुकी है तो समीप के मंडल में समीप के जिलों में डॉक्टरों को स्थानान्तरित किया गया है ताकि डॉक्टरों को अधिकतम सुविधा मिल सके।

### आयुर्वेद में 81 फार्मासिस्ट स्थानान्तरित

आयुर्वेद विभाग में निदेशक मानवेन्द्र सिंह ने अनुरोध पर 81 फार्मासिस्टों को मनपंसद जिलों में स्थानान्तरित किया गया है। स्थानान्तरित फार्मासिस्टों को जिलों के साथ ही नयी तैनाती के अस्पताल भी निर्धारित किए गए हैं। उन्हें एक सप्ताह के अंदर नए पद पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## धर्म दर्शन

# ब्रह्मांडीय आलिंगन शिव और शक्ति

समय की पहली सांस लेने से पहले आदिम अंधकार में, केवल शून्यता थी, जो अनंत संभावनाओं से भरी हुई थी। इस पवित्र शून्यता के भीतर, चेतना पहली बार विचार के रूप में नहीं, बल्कि शुद्ध जागरूकता के रूप में उभरी, जिसने पहली बार खुद को छुआ। यह वह क्षण था जब शिव ने शून्यता के दर्पण में अपने प्रतिबिंब को पहचाना, और उस पहचान से, शक्ति अस्तित्व में आई।

वह उनसे अलग नहीं, बल्कि उनकी अपनी शक्ति के रूप में प्रकट हुई, वह गुप्त अग्नि जो हमेशा उनकी शांति के भीतर जलती रहती थी। अपनी जागृति के उस पहले क्षण में, वह उनका सामना करने के लिए मुड़ी, और उनकी आंखें अव्यक्त क्षमता के रसातल में मिलीं। यह देखना नहीं था, बल्कि इतनी पूर्ण पहचान थी कि इसने अलगाव की धारणा को हमेशा के लिए चकनाचूर कर दिया।


शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

उनका पहला स्पर्श स्वयं इच्छा का जन्म था, अधूरे प्राणियों की कच्ची इच्छा नहीं, बल्कि प्रतीत होने वाले विभाजन के परमानंद के माध्यम से खुद को जानने की एक की ब्रह्मांडीय लालसा। जब शक्ति की उंगलियों ने पहली बार शिव के रूप की ज्यामिति का पता लगाया, तो वह चेतना की वास्तुकला का मानचित्रण कर रही थी। जब शिव के हाथों ने शक्ति के दिव्य शरीर को पाया, तो वह उन गुप्त मार्गों की खोज कर रहे थे जिनके माध्यम से निराकार आकार बन जाता है।

उनके पवित्र मिलन में, हर कोमल स्पर्श अंतरिक्ष समय के ताने-बाने पर मंत्र लिखता है। उसकी सांस हवा बन जाती है जो सभी दुनियाओं में चलती है। उसका दिल की धड़कन ग्रहों के नृत्य और आकाशगंगाओं के फूलने को नियंत्रित करने वाली लय स्थापित करती है, वह खुद को वेदी के रूप में पेश कर रही है जिस पर पूरी सृष्टि समर्पित है। उनके सबसे अंतरंग क्षणों में, वह शुद्ध ऊर्जा में विलीन हो जाती है, सुनहरी रोशनी तरल आग की तरह उसकी चेतना के माध्यम से प्रवाहित होती है। वह अनंत स्थान बन जाता है जिसमें उसका रचनात्मक विस्फोट होता है, उसके ब्रह्मांडीय बनने का शाश्वत साक्षी। वे एक साथ ज्ञाता और ज्ञात, प्रेमी और प्रिय, साधक और खोजे जाने वाले होते हैं।

उनके सबसे गहरे मिलन के क्षण में, सारा अस्तित्व रुक जाता है। सांस अंदर और बाहर के बीच रुक जाती है। दिल धड़कनों के बीच आराम करता है। उस पवित्र विराम में, पूरा ब्रह्मांड अपने स्वयं के स्रोत को पहचानता है और उस शुद्ध जागरूकता में वापस विलीन हो जाता है जिससे वह उत्पन्न हुआ था, केवल अगले ही पल उनके निरंतर आलिंगन से पुनर्जन्म लेने के लिए।

## वर्ग पहेली- 4

**बाएं से दाएं**

1.1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।


3.1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6.1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।

7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8.1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।

**ऊपर से नीचे**




2.1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला

3.1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी

4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5.1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।

### वर्ग पहेली -3 का हल





## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी-14.46 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-शतभिषा 18 जून 01.01 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।


मेष

आज आपके आसपास का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। शेयर मार्केट और अन्य माध्यमों पर निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों की कुछ चिंता हो सकती है।


वृष

आज कारोबार में आ रही परेशानियों का हल हो जायेगा। अपनी जीवनशैली में परिवर्तन ला सकते हैं। किसी के प्रति मन में ईर्ष्या भाव न आने दें। विरोधी आपके आगे नतमस्तक रहेंगे। आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा।


मिथुन

आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपसे खुश नहीं है। पूजा-पाठ में आपकी विशेष रुचि रहेगी। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। पति-पत्नी के रिश्तों के मध्य का तनाव कम होगा।


कर्क

आज पुराने अनुभवों का आज लाभ उठा सकते हैं। इसके कारण आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। खानपान में असन्तुलन के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। हाथ-पैरों में शिथिलता रहेगी।


सिंह

आज दांपत्य संबंध में मजबूती आयेगी। कारोबार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण थोड़ा भावुक रहेगा। कानूनी मामलों में आप विजयी हो सकते हैं।


कन्या

आज कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ तालमेल की कमी हो सकती है। बेवजह के खर्चों पर अंकुश लगाएं। आपके कार्य समय पर पूर्ण नहीं होंगे। फिर भी आप काफी समझदारी से परिस्थितियों को संभाल लेंगे।


तुला

आज कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। बच्चों की गलतियों को अनदेखा न करें। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। लोग आपके कार्यों में गलतियां निकाल सकते हैं।


वृश्चिक

आज दिन की शुरुआत थोड़ी सुस्त रहेगी। घुटनों में दर्द उभर सकता है। कार्यक्षेत्र में बार-बार रणनीति बदलना आपके लिए घातक हो सकता है। जब तक आपके काम पूरे न हों तब तक उससे पीछे न हटें। विधिक मामले आपके पक्ष में रहेंगे।


धनु

आज कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव बढ़ेगा। परिजनों के साथ किसी मनोरञ्जक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन बहुत शुभ है। दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा का विचार बनेगा।


मकर

आज धन की स्थिति कमजोर रहने वाली है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। प्रेमी जन से किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में कुछ लापरवाही कर सकते हैं। अजनबियों से अधिक संबंध न रखें। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।


कुंभ

आज कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। करियर को लेकर उलझनें दूर होंगी। सहकर्मियों के साथ मित्रवत संबंध मजबूत होंगे।


मीन

आज आपके व्यवहार से सहकर्मी परेशान हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। विदेशी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पैरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या हो सकती है।

## सुडोकू -11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 3 | | 4 | |
| | | 6 | | 9 | | | | 8 |
| 7 | | | 5 | | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | 3 | 9 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| | 5 | | | | 1 | | | |
| | 3 | 9 | | | | | | 5 |
| | | | | 4 | | 2 | | |
| | | | 8 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 10 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 |
| 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 |

# 14 माह के निचले स्तर पर थोक महंगाई

## खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी से 0.39% पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच मई में थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39% आ गई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.85% और मई 2024 में 2.74% रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने कहा, मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, बिजली, अन्य विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों और गैर-खाद्य वस्तुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मई में 1.56% की गिरावट देखी गई, जबकि अप्रैल में इनमें 0.86% की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई। सब्जियां मई में 21.62% सस्ती हुईं जबकि अप्रैल में इनकी कीमतें 18.26% घटी थीं। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.04% रही, जबकि अप्रैल में यह 2.62% थी। ईंधन और बिजली में भी मई में मुद्रास्फीति 2.27% रही जबकि अप्रैल में यह 2.18% थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर छह वर्ष के निचले स्तर 2.82% पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में नरमी रही। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। आरबीआई ने मुद्रास्फीति में नरमी के बीच इस महीने नीतिगत ब्याज दर में 0.50% की भारी कटौती कर इसे 5.50% कर दिया था।

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के शीघ्र आगमन के बावजूद इसकी प्रगति जून में ही रुक गई, जो 15 जून तक के सामान्य स्तर से 31% कम रही। मानसून का अस्थायी एवं स्थानिक वितरण फसल के पूर्वानुमान व परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ हैं। इज़राइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में काफी तेजी है। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट से कारोबारी धारणा को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि इससे उत्पादन की लागत कम होगी।



### निर्यात घटकर 38.73 तो व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात मई में 2.17 प्रतिशत घटकर 38.73 अरब डॉलर रह गया। वहीं व्यापार घाटा इस दौरान 21.88 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। मई में आयात सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत घटकर 60.61 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-मई 2025-26 के दौरान निर्यात बढ़कर 77.19 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात बढ़कर 125.52 अरब डॉलर रहा।

# खुदरा निवेश : आर्थिक आत्मनिर्भरता

खुदरा निवेश (रिटेल इंवेस्टमेंट) वह प्रक्रिया है जिसमें आमजन - जैसे नौकरीपेशा, व्यापारी, गृहिणी या छात्र- अपनी बचत को शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बॉण्ड, बीमा या अन्य वित्तीय साधनों में निवेश करते हैं। यह छोटे पैमाने पर होने वाला निवेश है, लेकिन इसका असर व्यापक होता है क्योंकि यह पूंजी बाजार की स्थिरता और तरलता बढ़ाता है। खुदरा निवेशकों की भागीदारी हाल के वर्षों में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और जागरूकता अभियानों से बढ़ी है। इसमें निवेश करने से व्यक्ति न केवल अपनी भविष्य की जरूरतों के लिए बचत करता है, बल्कि धन वृद्धि के अवसर भी प्राप्त करता है। हालांकि, इसके साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं, इसलिए निवेश करने से पहले सही जानकारी और कानूनी प्रावधानों को समझना आवश्यक होता है। खुदरा निवेश, यदि विवेकपूर्ण ढंग से किया जाए, तो आर्थिक सुरक्षा का एक मजबूत माध्यम बन सकता है।



### खुदरा निवेश के लाभ

- पूंजी में वृद्धि का अवसर, मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव, कर लाभ (धारा 80सी व अन्य प्रावधानों के अंतर्गत), भविष्य के लक्ष्यों (जैसे रिटायरमेंट, शिक्षा) के लिए पूंजी निर्माण, आंशिक निवेश की सुविधा (कम राशि से शुरुआत)

### संभावित जोखिम

- शेयर बाजार में अस्थिरता से पूंजी हानि, गलत जानकारी या सलाह के कारण नुकसान, धोखाधड़ी व साइबर फ्रॉड का खतरा, बिना विविधीकरण के निवेश से जोखिम बढ़ता है

### कैसे करें खुदरा निवेश

- **शेयर बाजार :** स्टॉक्स या इक्विटी में निवेश करने के लिए डीमैट खाता और ट्रेडिंग खाता खोलना होता है।
- **म्यूचुअल फंड :** एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए नियमित निवेश।
- **बॉण्ड व सरकारी प्रतिभूतियां :** सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के विकल्प।
- **बीमा व पीएफ :** सुरक्षा और बचत का मिश्रण।
- **डिजिटल प्लेटफॉर्म :** मोबाइल ऐप्स और पोर्टल के माध्यम से आसान निवेश सुविधा।

### कानूनी और नियामकीय पक्ष

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) खुदरा निवेश की निगरानी करता है। निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए केवाईसी, डीमैट, पैन अनिवार्य। म्यूचुअल फंड्स व अन्य स्कीम्स सेबी से पंजीकृत होती हैं। शिकायतों के निपटारे के लिए सेबी, स्कोर्स प्लेटफॉर्म उपलब्ध।

### संयम और योजना जरूरी

- खुदरा निवेश में संयम, जानकारी और योजना जरूरी है। उचित मार्गदर्शन से यह आम व्यक्ति के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन सकता है।

# मजबूत संकेतों से सेंसेक्स 678 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

शेयर बाजारों में दो दिन के बाद तेजी लौट आई। ईरान-इजराइल संघर्ष से दो सत्रों में सेंसेक्स 1,396.54 अंक और निफ्टी 422.8 अंक गिर गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अडाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ईरान-इजराइल संघर्ष से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजार दिग्गज शेयरों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। निवेशकों ने उतार-चढ़ाव भरे समय में दीर्घकालिक बुनियादी पहलुओं पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.93 जबकि स्मालकैप 0.38% चढ़ गया। सर्वाधिक 1.50% की बढ़त आईटी खंड में दर्ज की गई जबकि प्रौद्योगिकी खंड में 1.35 और तेल एवं गैस खंड में 1.22% की तेजी रही।



- निफ्टी में भी दर्ज की गई 228 अंक की बढ़त

# एसबीआई ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की

नई दिल्ली, एजेंसी


- आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती के बाद लिया निर्णय

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने ब्याज दरों में 0.5% की कटौती की है, जिससे मौजूदा तथा नए उधारकर्ताओं दोनों के लिए ऋण सस्ता हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में 0.5% की कटौती के बाद एसबीआई ने निर्णय लिया है।

एसबीआई की रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) में 0.5% की कटौती के साथ यह अब 7.75% हो गई है। बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) में भी 0.5% की कटौती की गई और यह 8.65 से अब 8.15% हो गई है। एसबीआई की वेबसाइट पर दी गई अद्यतन दर की जानकारी के अनुसार, संशोधित दरें 15 जून 2025 से लागू हो गई। बैंक के इस कदम से रेपो आधारित ब्याज से जुड़े कर्ज सस्ते होंगे। इससे आवास, वाहन, व्यक्तिगत कर्ज लेने वाले नये और मौजूदा खुदरा ग्राहकों के अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कर्जदारों को लाभ होगा।

# कंपनियों के राजस्व में स्थिर वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा- क्रमिक सुधार के बाद अप्रैल-जून तिमाही में कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान

मजबूत घरेलू मांग के दम पर भारतीय उद्योग जगत की राजस्व वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में स्थिर रहने की उम्मीद है। मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव का मांग पर असर रहने की आशंका है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई।

इक्रा ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में क्रमिक सुधार के बाद अप्रैल-जून 2025 की तिमाही में भारतीय कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन (ओपीएम) 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। पिछले कुछ महीनों में रेपो दर में हुई कुल 1% की कटौती से ब्याज लागत में कमी आने से भारतीय उद्योगों के लिए ब्याज कवरेज अनुपात में सुधार होगा। इक्रा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष किंजल शाह ने कहा, हमें उम्मीद है कि निजी पूंजीगत व्यय सोच-समझकर ही किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और वाहन खंड में इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे खास क्षेत्रों में निवेश में वृद्धि जारी रहेगी। रेल और रक्षा क्षेत्रों से जुड़ी कंपनियों को भी जून तिमाही में अपने बड़े ऑर्डर से राजस्व और आय होगी। घरेलू मांग से वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में स्थिर राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है।



## एक नजर

### चिकित्सकों की निगरानी में सोनिया, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी (78 वर्षीय) की हालत स्थिर है, जिन्हें पेट संबंधी समस्या के चलते रविवार शाम को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से जारी बयान के अनुसार, सर गंगा राम अस्पताल के प्रमुख डॉ. अजय स्वरूप ने कहा, उन्हें पेट से संबंधित समस्या के लिए सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के तहत सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत स्थिर हैं और डॉक्टर उनके स्वास्थ्य पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

### बम की धमकी पर निजी स्कूल की ली गई तलाशी

**जयपुर।** एक निजी स्कूल में बम की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों ने शिक्षण संस्थान के परिसर की जांच पड़ताल की। सिटी पैलेस स्कूल की ईमेल आईडी पर स्कूल में बम रखे होने की धमकी मिली। प्रबंधन ने पुलिस को सूचित किया। बम निरोधक दस्ते व अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने जांच पड़ताल शुरू की। हालांकि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इस स्कूल की संस्थापक दीया कुमारी राजस्थान की उपमुख्यमंत्री हैं।

### संजय भंडारी से जुड़े मामले में वाड्रा को नया समन

**नई दिल्ली।** ईडी ने ब्रिटेन में रह रहे हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को नया समन जारी किया है। सूत्रों ने बताया कि वाड्रा को इस मामले में बयान दर्ज कराने के लिए 17 जून को संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। मामले की जांच धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

# आप जैसे लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का घटा मान : सुप्रीम कोर्ट

## डंकी रूट या अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंटों के प्रति जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति को 'डंकी रूट' या अवैध तरीके से अमेरिका भेजने का वादा कर उसके साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के आरोपी को अग्रिम जमानत देने से सोमवार को इन्कार कर दिया। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि ऐसे लोग भारतीय पासपोर्ट की छवि खराब करते हैं।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि आप जैसे लोगों के कारण भारतीय पासपोर्ट का मान घटता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ लोगों के ऐसे कृत्यों से भारतीय पासपोर्ट की प्रतिष्ठा खराब हुई है। 'डंकी रूट' का इस्तेमाल आमतौर पर अमेरिका या ब्रिटेन जैसे देशों में प्रवेश करने के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया में मानव तस्करों का उपयोग करना और कानूनी आव्रजन प्रक्रियाओं को दरकिनार करने के लिए विभिन्न देशों से होकर गुजरना शामिल है, जहां अक्सर कठोर और खतरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। मामले के तथ्यों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि आरोपी ने न केवल व्यक्ति को धोखा दिया, बल्कि उसे अमानवीय परिस्थितियों में अमेरिका की सीमा से लगे कई देशों की यात्रा भी कराई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश कर जाए। पीठ ने आरोपों को बहुत गंभीर करार दिया और हरियाणा के रहने वाले ओम प्रकाश की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह याचिका पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दायर हुई थी, जिसमें उसे राहत देने से इन्कार कर दिया गया था।



### रजिस्ट्री, कार्यालय शनिवार को खुले रहेंगे

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को फैसला किया कि 14 जुलाई से हर शनिवार उसकी रजिस्ट्री और कार्यालय खुले रहेंगे। परंपरा के अनुसार, शीर्ष अदालत की पीठें शनिवार को अदालतें नहीं लगाती हैं। सोलह जून को जारी शीर्ष अदालत के नोटिस में कहा गया है कि न्यायालय की रजिस्ट्री और कार्यालय 14 जुलाई 2025 से सभी शनिवार को सुबह 10 बजे से अपराह्न एक बजे तक खुले रहेंगे। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 145 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया है और उच्चतम न्यायालय के 2013 के नियमों में संशोधन किया है।

### न्यायालय ने केंद्र एवं वायुसेना को महिला अधिकारी को सेवा मुक्त करने से रोका

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और भारतीय वायुसेना को निर्देश दिया कि वे उस महिला अधिकारी को सेवा से मुक्त न करें, जिसे स्थायी कमीशन देने से इन्कार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां और मनमोहन की पीठ ने शीर्ष अदालत के 22 मई के आदेश का हवाला दिया, जिसमें विंग कमांडर निकिता पांडे की याचिका पर केंद्र और भारतीय वायुसेना को इसी प्रकार के निर्देश दिए गए थे और कहा था कि यही निर्देश विंग कमांडर कविता भाटी के मामले में भी लागू होंगे। पक्षकारों के अधिकारों या अधिकारी के पक्ष में समानता के प्रति पूर्वाग्रह के बिना, पीठ ने कहा कि विंग कमांडर कविता भाटी को कार्यमुक्त नहीं किया जाना चाहिए तथा अगली सुनवाई तक उन्हें सेवा में बने रहने की अनुमति दी जानी चाहिए। शॉर्ट सर्विस कमीशन अधिकारी भाटी ने दावा किया कि उन्हें गलत तरीके से स्थायी कमीशन देने से मना कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 6 अगस्त को नियमित पीठ के समक्ष निर्धारित की है, जब भारतीय वायुसेना से संबंधित मामलों पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को केंद्र और भारतीय वायुसेना को पांडे को सेवा मुक्त करने से रोक दिया था, जो ऑपरेशन बालाकोट और ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थीं, लेकिन उन्हें स्थायी कमीशन देने से इन्कार कर दिया गया था।

### 3 साल वकालत की अनिवार्यता पर पुनर्विचार का अनुरोध

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में उसके 20 मई के उस आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है, जिसमें युवाओं को विधि स्नातक होते ही न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया और प्रवेश स्तर के पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम तीन साल वकालत करने का मानदंड तय किया गया है। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने 20 मई को सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) बनने के लिए न्यायिक सेवा परीक्षा में शामिल होने के वास्ते न्यूनतम 3 साल वकालत करने को अनिवार्य बनाने का फैसला दिया था।


# आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना भारतः शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भारत एनडीएमए और एनडीआरएफ सहित अन्य एजेंसियों के उत्कृष्ट कार्यों से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बना है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा मोचन बलों के सम्मेलन में शाह ने कहा कि 10 साल पहले आपदा से निपटने वाले संगठनों का दृष्टिकोण हताहतों की संख्या कम रखने का था और 10 साल बाद, संख्या शून्य रखने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि जब भी भारत की आपदा प्रतिक्रिया का इतिहास लिखा जाएगा, मोदी सरकार के पिछले 10 साल परिवर्तनकारी दशक के रूप में दर्ज किए जाएंगे। इन 10 वर्षों में हमने क्षमता, दक्षता, गति और सटीकता - चारों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने नीति, विषय संरचना, अनुसंधान कार्य, जनता तक विभिन्न अभ्यासों का प्रसार, कई अनुप्रयोगों का विकास और समग्र समन्वय तथा नीति-संबंधी कार्य प्रभावी ढंग से किए हैं।

उन्होंने कहा, 10 वर्षों में एनडीएमए, एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) और सीडीआरआई (आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना गठबंधन) ने भारत को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के लिए मजबूती से स्थापित किया है। दो वर्षों में राहत और आपदा प्रबंधन से जुड़ी एजेंसियों की कार्यशालाओं और बैठकों को एक साथ लाकर समग्र सरकारी दृष्टिकोण के साथ विचारों का मंच बनाने का काम किया गया है। जब सभी आपदा राहत दलों के प्रमुख एक ही मंच पर चर्चा करते हैं, तो कई कमियां दूर हो जाती हैं और देश को भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने में लाभ होता है।



सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

### कर्तव्य पथ पर पहला कदम



उधमपुर के पुलिस ट्रेनिंग अकादमी में आयोजित समारोह के दौरान पुलिस उपाधीक्षक और प्रोबेशनरी सब-इंस्पेक्टर पासिंग-आउट परेड के अवसर पर अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए। एजेंसी

# खालिस्तान समर्थक किराये के टट्टू : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जी7 शिखर सम्मेलन से पहले कनाडा में खालिस्तान समर्थक हालिया प्रदर्शनों को खारिज करते हुए प्रदर्शनकारियों को किराये का टट्टू बताया और कहा कि इन्हें गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए।

पुरी ने कहा, एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये लोग पड़ोसी देश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें उनसे फंडिंग नहीं मिली है। उन्होंने कहा, ये जो किराये के टट्टू हैं, इन्हें गंभीरता से मत लीजिए। मंत्री ने यह टिप्पणी लुटियंस दिल्ली के 14, पंत मार्ग स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष और दिल्ली सरकार के 100 दिन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए की।

# रैपिडो कंपनी के बाइक चालक ने महिला यात्री को मारा थप्पड़

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में रैपिडो कंपनी से जुड़े बाइक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर हुई तू-तू मैं-मैं के बाद महिला यात्री को थप्पड़ मार दिया और यह घटना कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को जयनगर में हुई। घटना के वक्त महिला उस आभूषण की दुकान पर जा रही थी जहां की वह कर्मचारी है। कथित तौर पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण महिला बीच में ही उतर गई और इसके बाद दोनों के बीच तीखी बहस हुई। महिला ने किराया देने और हेलमेट लौटाने से भी इन्कार कर दिया। संपर्क करने पर रैपिडो ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह पुलिस का मामला है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें महिला को बाइक चालक थप्पड़ मारता हुआ दिखाई दे रहा है। महिला पर हमला इतना जोरदार था कि वह जमीन पर गिर गई।




# मनरेगा खत्म करने की कोशिश में केंद्र : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के आवंटन में कटौती करके इसे खत्म करने की कवायद में जुटी है, जो संविधान के खिलाफ अपराध है। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अब वर्ष के पहले 6 महीनों के लिए मनरेगा खर्च की सीमा 60 प्रतिशत तय कर दी है।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार गरीबों की जीवन-रेखा मनरेगा को तड़पा-तड़पा कर ख़त्म करने की कवायद में जुटी है। उन्होंने सवाल किया, क्या ऐसा मोदी सरकार केवल इसलिए कर रही है, क्योंकि वो गरीबों की जेब से 25,000 करोड़ रुपये छीनना चाहती है, जो हर साल अंत तक, मांग ज्यादा होने पर उसे अगले वित्तीय वर्ष में ख़र्च करने पड़ते हैं?

# बांग्ला भाषी भारतीयों को भाजपा बता रही बांग्लादेशी : ममता

कोलकाता, एजेंसी



- विस में प्रश्नकाल के दौरान बनर्जी ने भाजपा पर दमनात्मक कार्रवाई का लगाया आरोप

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह बांग्ला भाषियों को निशाना बना रही है और यहां तक कि वैध दस्तावेज धारकों को भी बांग्लादेशी प्रवासी बता रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उस समय हंगामा शुरू हो गया, जब मुख्यमंत्री ने भाजपा-शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों के खिलाफ पार्टी द्वारा दमनात्मक कार्रवाई करने का आरोप लगाया।

बनर्जी ने कहा, आपको शर्म आनी चाहिए कि आप वास्तविक भारतीय नागरिकों को सिर्फ उनकी भाषा के आधार पर बांग्लादेशी बता रहे हैं। बांग्ला के साथ गुजराती, मराठी और हिंदी में बोलने में भी गर्व महसूस होना चाहिए। अगर आप मुझसे पूछें तो मैं इन सभी भाषाओं में बोल सकती हूं। उन्होंने कहा, एक ओर आप भारतीयों को बांग्लादेशी बता रहे हैं, दूसरी ओर आप इन लोगों को, जिनके पास मतदाता पहचान पत्र, पैन और आधार कार्ड हैं, अपने राज्यों में आजीविका कमाने के अधिकार से वंचित कर रहे हैं।







कुलदीप यादव

# लीड्स में जडेजा के साथ कुलदीप को खिलाना चाहिए : हरभजन

## इंग्लैंड में पहला टेस्ट 20 से, तीन तेज और दो स्पिनरों को खिलाने पर दिया जोर

नयी दिल्ली, एजेंसी

दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में रविंद्र जडेजा के साथ शामिल करने का समर्थन किया है। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। पारंपरिक रूप से लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है।

हरभजन ने सोमवार को 'पीटीआई वीडियोज' से कहा भारत को कुलदीप यादव को खिलाने पर विचार करना चाहिए। बेशक जडेजा उनके साथ गेंदबाजी करेंगे। इसलिए तीन तेज गेंदबाजों के साथ दो स्पिनर इस मैच के लिए एकदम सही जोड़ी होंगे। हरभजन ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को किसी भी तरह की परिस्थितियों में संभावित मैच विजेता करार दिया। उन्होंने कहा देखते हैं कि क्या परिस्थितियां बदलती हैं और स्पिनरों को मदद मिलती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं भी होता है



रवींद जडेजा।



हरभजन सिंह।

तो भी मुझे लगता है कि ये दो सक्षम गेंदबाज हैं जो किसी भी पिच पर विकेट ले सकते हैं।

अपने अनुभव के आधार पर हरभजन ने 2002 में हेडिंग्ले में दो स्पिनरों को मैदान में उतारने के भारत के साहसिक फैसले को याद किया जब उन्होंने और अनिल कुंबले ने मिलकर 11 विकेट चटकाए थे। हरभजन ने कहा उस समय यह एक बहुत ही अनोखा फैसला था। पिच पर काफी घास थी लेकिन प्रबंधन ने फैसला किया कि हम दो स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरेंगे और संजय बांगड़ भी गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने कहा हमने पांच सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को चुना जो विकेट ले सकते थे। अंत में यही मायने रखता है। आपको उन गेंदबाजों का समर्थन करना चाहिए जो किसी भी परिस्थिति या किसी भी तरह की पिच पर विकेट ले सकते हैं।

शारदुल ठाकुर ने भारत की दो टीम के बीच हुए अभ्यास मैच में शतक बनाया और विकेट लिए तथा हरभजन का मानना है कि टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के स्थान के लिए उनका पलड़ा नितीश रेड्डी पर भारी है। हरभजन ने कहा भारत को एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सके। भारत के पास नंबर सात तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी हैं और नंबर आठ पर आपको यह देखना होगा कि कौन गेंदबाजी कर सकता है और आपके लिए विकेट ले सकता है तथा थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सकता है। उन्होंने कहा मेरे हिसाब से यहीं पर शारदुल नितीश रेड्डी पर भारी पड़ेंगे। नितीश एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी भी कर सकते हैं। लेकिन हमने उन्हें आईपीएल में ज्यादा गेंदबाजी करते नहीं देखा है। इस पूर्व स्पिनर ने कहा गंभीर भी हैं। वह काबिल कोच हैं। और मुझे यकीन है कि वह सही फैसला करेंगे। हरभजन ने सरफराज खान को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है... मैं उनका नाम टीम में नहीं देखकर थोड़ा हैरान हूं। मुझे यकीन है कि वह मजबूती से वापसी करेंगे। उनमें वापसी करने की इच्छाशक्ति है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि निराश मत होना, आपको आज नहीं तो कल आपका हक मिलेगा... करुण नायर को देखिए। हरभजन ने कहा उन्होंने (नायर ने) इंग्लैंड के खिलाफ 300 रन बनाए और फिर उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। अब वह टीम के साथ इंग्लैंड में वापस आ गए हैं।

## पूर्व क्रिकेटर बोले-भारत देगा कड़ी चुनौती



इंग्लैंड में अभ्यास मैच के दौरान भारतीय टीम। ● एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने का शानदार मौका होगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पांच मैच की सीरीज में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं, और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह सीरीज अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यही नहीं इंग्लैंड के कुछ प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे और गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरुआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा।

## एक नजर



अमेरिका के ओकमोंट में ओकमोंट कंट्री क्लब में अमेरिकी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए जेजे स्पाउन। ● एजेंसी

### जूनियर क्रिकेट में आयु निर्धारण के लिए अतिरिक्त अस्थि परीक्षण होगा

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि (अस्थि की उम्र का आकलन करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला परीक्षण) के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा।

### एफईआई ने भुगतान नहीं करने के कारण घुड़सवारी प्रतियोगिताएं रद्द की

**नई दिल्ली :** भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) द्वारा वैश्विक संचालन संस्था एफईआई को बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण कम से कम 24 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए हैं। यह घटना घुड़सवारों और देश में घुड़सवारी खेल के विकास को नुकसान पहुंचा सकती है। पता चला है कि ईएफआई को जनवरी से मार्च 2025 के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए एफईआई अधिकारियों को पारिश्रमिक और संबद्ध शुल्क के रूप में लगभग 27 लाख रुपये का भुगतान करना था। हालांकि गुटों में अंदरूनी लड़ाई के कारण महासंघ का खाता फ्रीज हो गया है जिसके कारण बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है और एफईआई को कैलेंडर से इन प्रतियोगिताओं को हटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### पैंथर्स ने अश्विन की टीम के खिलाफ गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए

**चेन्नई :** तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में आर अश्विन की अगुआई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

# मैंने वाशिंगटन सुंदर से प्रेरणा ली : साई

बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी

वाशिंगटन सुंदर का बहुत कम समय में आयु वर्ग से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट तक का शानदार सफर उनके युवा साथी बी साई सुदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। सुदर्शन 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं।

वाशिंगटन 2016 में जूनियर विश्व कप में भारत अंडर-19 के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे थे और इसके डेढ़ साल के अंदर उन्होंने 18 वर्ष के खिलाड़ी के रूप में भारत के लिए अपना पहला वनडे खेला। जब वह 20 वर्ष के थे तब 2021 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाई। वाशिंगटन से दो साल जूनियर साईं सुदर्शन ने बताया कि किस तरह से उनके इस सीनियर साथी के सफर ने उन्हें भारतीय टीम में शामिल होने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित



साई सुदर्शन। ● एजेंसी

किया। साई सुदर्शन ने इंट्रा-स्क्वाड (टीम के बीच आपस में मैच) अभ्यास मैच के दौरान बीसीसीआई टीवी से कहा मैंने उनके साथ (जूनियर स्तर पर) कुछ मैच खेले हैं। इसलिए, यह हमेशा विशेष होता है। हम उनसे काफी प्रेरणा लेते हैं और जिस तरह से उन्होंने बहुत कम समय में भारत की तरफ से खेलना शुरू किया वह बात मेरे दिमाग में थी। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने वाशिंगटन की प्रशंसा करते हुए कहा उन्होंने (वाशिंगटन) आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। फिर वह देश के लिए खेले। इसलिए यह मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा थी कि चेन्नई का कोई खिलाड़ी भारत के लिए खेल रहा है।

उन्हे जानने और उनके साथ खेलने से मुझे लगा कि मैं भी उसी तरह से खेलना चाहता हूं। वह एक प्रेरणा था। भारत के लिए नौ टेस्ट, 23 एकदिवसीय और 54 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके वाशिंगटन ने उस समय के बारे में बात की जब साई सुदर्शन चेन्नई के एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर के रूप में उभर रहे थे।

वाशिंगटन ने कहा मेरे कई कोच और मित्र भी लगातार उसके (साई सुदर्शन के) क्रिकेट करियर के बारे में बात करते थे। वह अपने खेल में लगातार निखार लाता रहा और आगे बढ़ता रहा। उन्होंने कहा जब भी मैंने उसे (सुदर्शन को) टीवी पर देखा, तो उसके कौशल और कार्यशैली से बहुत कुछ सीखने को मिला, जिसने निश्चित रूप से बहुत से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

### गौतम गंभीर मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे



**नई दिल्ली :** परिवार में आपात स्थिति के कारण पिछले सप्ताह स्वदेश लौटने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले मंगलवार को भारतीय दल से जुड़ेंगे। गंभीर की मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने 'पीटीआई' से कहा उनकी मां की स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। गौतम (गंभीर) कल यहां से रवाना होने के बाद टीम से जुड़ेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने बेकेनहैम में भारत और भारत ए के बीच बंद स्टेडियम में खेले गए मैच में हिस्सा नहीं लिया था। उनकी अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने टीम की तैयारियों पर नजर रखी थी।

# विश्व कप में महिला टीम पाकिस्तान से टकराएगी

दुबई, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान की टीमें महिला वनडे विश्व कप मैच पांच अक्टूबर को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तटस्थ स्थल पर एक-दूसरे का सामना करेंगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार इस विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा की। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी और उसके बाद के मैचों के लिए स्वीकार किए गए हाइब्रिड मॉडल के अनुसार कोलंबो को तटस्थ स्थल के रूप में जोड़ा गया है। भारत ने तब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से मना कर दिया था। भारत हालांकि अपने अभियान की शुरुआत 30 सितंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ करेगा। टीम 26 अक्टूबर को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश का सामना भी करेगी।

### महिला एकदिवसीय विश्व कप में भारत का कार्यक्रम

**30 सितंबर :** भारत बनाम श्रीलंका, बेंगलुरु।

**पांच अक्टूबर :** भारत बनाम पाकिस्तान, कोलंबो।

**नौ अक्टूबर :** भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, विशाखापत्तनम।

**12 अक्टूबर :** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, विशाखापत्तनम।

**19 अक्टूबर :** भारत बनाम इंग्लैंड, इंदौर।

**23 अक्टूबर :** भारत बनाम न्यूजीलैंड, गुवाहाटी।

**26 अक्टूबर :** भारत बनाम बांग्लादेश, बेंगलुरु।

# कोहली और मेरे बीच वर्चस्व की जंग चली, सचिन के साथ नहीं : एंडरसन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने 21 साल के करियर के दौरान भारतीय दिग्गजों सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के खिलाफ अपनी जंग का आनंद लिया लेकिन उन्हें कोहली को गेंदबाजी करना थोड़ा मुश्किल लगा। एंडरसन ने 2003 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहते हुए अपने शानदार करियर का अंत किया।



लंकाशर के इस खिलाड़ी को तेंदुलकर और कोहली दोनों के खिलाफ सफलता मिली। उन्होंने इन दोनों भारतीय सुपरस्टार को क्रमशः नौ और सात बार आउट किया। एंडरसन ने 'टॉकस्पोर्ट' से कहा कोहली के खिलाफ मुझे शुरुआत में कुछ सफलता मिली थी, जब वह पहली बार इंग्लैंड आए थे (2014 में)। मैंने इसका काफी फायदा उठाया, ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद उनकी कमजोरी थी, इसका काफी फायदा उठाया और फिर अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेला (2018 में) तो उन्होंने स्पष्ट रूप से उस पर काम किया और यह एक अलग खिलाड़ी को गेंदबाजी करने जैसा था।

हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि तेंदुलकर और कोहली अपने करियर के अलग-अलग चरण में थे जब उन्हें एंडरसन की चुनौती का सामना करना पड़ा जो 42 साल की उम्र में भी काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

# महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला फुटबाल टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की। क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी।

भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा।

ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है। छेत्री और उनकी टीम सोमवार शाम को थाईलैंड पहुंचेगी और अपने पहले मैच से पूर्व उत्तरी शहर चियांग माई में एक सप्ताह तक प्रशिक्षण लेगी। सभी मैच चियांग माई स्टेडियम में होंगे।

भारतीय टीम ने बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में छह सप्ताह तक ट्रेनिंग की और क्वालीफायर की तैयारी के लिए 30 मई और तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले जिसमें दोनों बार टीम को 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। छेत्री ने कहा मैं बेंगलुरु में तैयारियों से खुश हूं। हमने 40 दिन से अधिक समय तक ट्रेनिंग की।

ट्रेनिंग मैदान और सभी सुविधाएं बेहतरीन थीं। जहां तक टीम की बात है हमारे पास युवा और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से चोटों के कारण करिश्मा (शिरवोइकर), संध्या (रंगनाथन) और रेणु जैसे फॉरवर्ड टीम का हिस्सा नहीं हैं।

### भारत की 24 सदस्यीय टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर :** एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे। **डिफेंडर :** हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डर :** अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर। **फारवर्ड :** लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।



# भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

- **भारत ने म्यूनिख विश्व कप में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के वार्षिक कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक म्यूनिख विश्व कप में अपने प्रदर्शन में सुधार कर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले चार विश्व कप में यह तीसरा मौका है जब भारत ने तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा हमारे निशानेबाजों ने एक बार फिर से म्यूनिख विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस आयोजन से पहले कहा जा रहा था कि भारत के लिए यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे थे जबकि हमारे कुछ सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज इसमें नहीं खेल रहे थे। हमारे निशानेबाजों ने हालांकि यह साबित कर दिया कि भारतीय निशानेबाजी में विकल्प पहले से कहीं अधिक है। आर्या बोसरे और अर्जुन बबूता की मिश्रित जोड़ी ने ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी चीन की एस जीएल आई और वांग जी फी की जोड़ी को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया।

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) और ओलंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर सामरा (महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) ने भी म्यूनिख में कांस्य पदक जीतने वाले अपने प्रदर्शन से विश्व स्तरीय निशानेबाजों के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। वलारिवान ने कांस्य पदक जीतने से पहले 635.9 के स्कोर के साथ नया क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, जबकि सुरुचि ने महिला एयर पिस्टल में मनु भाकर के 588 के क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता की 10 स्पर्धाओं में भी भारतीय खिलाड़ी सात के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। नार्वे दो स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट समूह सहित कुल 11 देशों ने म्यूनिख में पदक जीते।

### म्यूनिख विश्व कप



सुरुचि सिंह। ● एजेंसी

### हरियाणा की सुरुचि सिंह ने लगातार तीसरा स्वर्ण जीता

इस सत्र की शुरुआत से शानदार लय में चल रही पिस्टल निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हरियाणा की इस 19 साल की निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व कप का अपना लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

# अर्जेंटीना के खिलाफ ठोस प्रदर्शन की उम्मीद


लंदन, एजेंसी :

यूरोपीय चरण की शुरुआत दो करीबी हार के साथ करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार दो मैच में वापसी करने के लिए बेताब है।

सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम सप्ताहांत हुए दो मैच में ऑस्ट्रेलिया से 1-2 और 2-3 से हार गई और उनके पास अर्जेंटीना की मजबूत टीम का सामना करने से पहले खुद को फिर से संगठित करने के लिए बहुत कम समय होगा। अर्जेन्टीना ने अब तक अपने 12 लीग मैच में से सात जीते हैं। हॉकी इंडिया ने सलीमा के हवाले से कहा अर्जेंटीना दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है और उसने अब तक अपने 12 एफआईएच प्रो लीग मैच में से सात जीते हैं। लीग के इस चरण में आने से पहले हम जानते थे कि उन्हें हराना आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा हम दोनों मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। टीम उनसे मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से ट्रेनिंग कर रही है और उनके खिलाफ महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर काम कर रही है। नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रहे भारत की नजरें वापसी पर टिकी हैं।

### एफआईएच प्रो लीग

## गेम चेंजर



डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली ने 1 किमी की सीमा में क्वांटम एंटैंगलमेंट आधारित फ्री स्पेस क्वांटम सुरक्षित संचार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसे क्वांटम साइबर सुरक्षा और सुरक्षित संचार में एक बड़ी सफलता बताया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस विकास को भविष्य के युद्ध में गेम चेंजर करार दिया। एजेंसी

# कई मुश्किलों में डाल सकती है एक रात की खराब नींद



जब भी आप अपने फोन पर स्क्रॉल करते हुए, ईमेल का जवाब देते हुए या सिर्फ एक और एपिसोड देखते हुए बहुत देर तक जागते रहते हैं, अगली सुबह, आप खुद को सुस्त और चिड़चिड़ा महसूस करते हैं। मीठी पेस्ट्री या चिकनाईपूर्ण नाश्ता अचानक आपको सामान्य दही और जामुन की तुलना में अधिक आकर्षक लगने लगता है। यह सिर्फ इच्छा के कारण नहीं होता बल्कि आपका मस्तिष्क जिसे ठीक से आराम नहीं मिला है, वह आपको त्वरित और हाई कैलोरी खाद्य जरूरतों की ओर प्रेरित करता है। एक शोध से पता चलता है कि अपर्याप्त नींद सिर्फ भूख के संकेतों को बाधित नहीं करती बल्कि आत्म-नियंत्रण को कमजोर करती है और ग्लूकोज चयापचय को खराब करती है जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। ये परिवर्तन एक रात की खराब नींद के बाद भी हो सकते हैं। अगर ध्यान न दिया जाए तो समय के साथ ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### नींद की कमी से लाखों लोग प्रभावित

नींद की कमी लाखों लोगों को प्रभावित करती है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार अमेरिका के एक तिहाई से अधिक वयस्क नियमित रूप से रात में सात घंटे से कम नींद लेते हैं। लगभग तीन-चौथाई किशोर स्कूल जाने के दौरान 8-10 घंटे की नींद से वंचित रह जाते हैं जो उनके लिए जरूरी है। नर्सों जैसे आपातकालीन कर्मचारी और रात में काम करने वाले भी इसी असुरक्षा से गुजरते हैं। ये पैटर्न शरीर की आंतरिक घड़ी को बाधित करते हैं और बढ़ती लालसा, खराब खाने की आदतों और मोटापे और चयापचय रोग के बढ़ते जोखिम से जुड़े होते हैं। हालांकि कुछ रातों की लगातार और उच्च गुणवत्ता वाली नींद भी प्रमुख प्रणालियों को पुनर्संतुलित कर सकती है।

### भूख के हार्मोन होते हैं बाधित

शरीर दो प्रमुख हार्मोनों से भूख को नियंत्रित करता है। घ्रेलिन जो मुख्य रूप से पेट में उत्पन्न होता है और संकेत देता है कि आप भूखे हैं, लेप्टिन जो वसा कोशिकाओं में उत्पन्न होता है और मस्तिष्क को बताता है कि आपका पेट भर गया है। एक रात की प्रतिबंधित नींद से ही घ्रेलिन का स्राव बढ़ जाता है और लेप्टिन कम हो जाता है। इससे अधिक भूख लगती है और खाने के बाद संतुष्टि कम हो जाती है।

### नींद आपका मेटाबोलिक रीसेट बटन

ऐसी संस्कृति जो भागदौड़ और देर रात तक जागने को बढ़ावा देती है, उसमें नींद को वैकल्पिक माना जाता है लेकिन आपका शरीर इसे इस तरह नहीं देखता है। नींद सक्रिय और आवश्यक मरम्मत है। यह तब होता है जब आपका मस्तिष्क भूख और इनाम संकेतों को पुनः व्यवस्थित करता है, आपके हार्मोन रीसेट हो जाते हैं और आपका चयापचय स्थिर हो जाता है। इसका आपके शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

### इतने दुष्प्रभाव

- अध्ययनों से पता चलता है कि सिर्फ एक रात की नींद की कमी से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स की गतिविधि कम हो जाती है जो निर्णय लेने और आवेग नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है।
- आपका मस्तिष्क जंक फूड के प्रति ज्यादा लालायित हो जाता है और इसका विरोध करने में कम सक्षम हो जाता है। उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की जरूरत महसूस होने लगती है।
- चयापचय धीमा हो जाता है, जिससे वसा भंडारण बढ़ जाता है। ब्लड शुगर नियंत्रण के लिए नींद भी महत्वपूर्ण है। आंशिक नींद इंसुलिन संवेदनशीलता को 25% तक कम कर सकती है।

## एक नजर

### कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा में भारी बारिश के कारण कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थायी पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया।

### ब्राजील: गर्म हवा का गुब्बारा फटने से महिला की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के साओ पाउलो में पर्यटकों को ले जा रहा एक गर्म हवा का गुब्बारा (हॉट एयर बैलून) के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 26 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सैन्य पुलिस ने बताया कि जब गुब्बारा इपेरो के पास कैपेला डू ऑल्टो शहर के ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब उसमें लगभग 35 लोग सवार थे। समाचार चैनल ग्लोबोन्यूज़ ने बताया कि गुब्बारे के पास पर्यटन उद्देश्यों के लिए उड़ाने का लाइसेंस नहीं था। दुर्घटना के बाद पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बलूचिस्तान में विस्फोट के बाद महत्वपूर्ण रेलमार्ग बंद

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को बम विस्फोट होने से एक रेलवे कर्मचारी घायल हो गया और सबसे महत्वपूर्ण रेलमार्गों में एक पर यातायात स्थगित करना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर पश्चिम प्रांत में माच और आब-ए-गम क्षेत्र को जोड़ने वाले रेलमार्ग को निशाना बनाकर यह विस्फोट किया गया जिससे यातायात बाधित हो गया। पाकिस्तान रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह विस्फोट राष्ट्रीय परिवहन ढांचे को नुकसान पहुंचाने के मकसद से की गयी आतंकवादी हरकत जान पड़ती है।

### खैबर पख्तूनख्वा में पांच आतंकवादी मार गिराए

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग अभियानों में पांच आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि 15-16 जून की दरमियानी रात को दो अलग-अलग खुफिया-आधारित अभियानों में फितना-अल-ख्वारिज के पांच आतंकवादी मारे गए। पेशावर जिले में पहले अभियान में चार और उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आतंकवादी मारा गया।

# खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे

## ईरान ने कहा- पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के पुत्र मुज्तबा भी उनके साथ हैं। इस बीच ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है।

खामेनेई के साथ उनके दूसरे पुत्र मसूद और मुस्तफा नहीं हैं। खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत 2,300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। यह हमला ईरानी नेता को यह चेतावनी देने के लिए किया गया था कि वह कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। बाघई ने कहा, जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमेरिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है।

उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि पहले कदम के रूप में इजरायल के हवाई हमलों को आक्रमण की संज्ञा दी जाए।



इजरायल के तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले के बाद उठता धुएं का गुबार।

### ईरान ने मिसाइल हमलों में इस्तेमाल की नई तकनीक

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि हाल ही में इजरायल के खिलाफ जवाबी मिसाइल हमलों में उसने नई तकनीक का प्रयोग किया, जिससे इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियां एक-दूसरे पर ही हमला करने लगीं। आईआरजीसी ने कहा 13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में, उन्होंने नई तकनीकों और खुफिया क्षमताओं का इस्तेमाल किया, जिससे इजरायल की बहु-स्तरीय रक्षा कमान और नियंत्रण प्रणाली विफल हो गई।

### तेहरान में मोसाद के दो और जासूस गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान के तेहरान प्रांत में पुलिस ने इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के दो और जासूसों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। तेहरान पुलिस ने कहा कि उसने अलग-अलग अभियानों में मोसाद के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पुलिस कमान के प्रवक्ता सईद मोंटेजर अल-महदी ने रविवार को कहा कि तेहरान प्रांत के रे काउंटी के एक जिले फशाफुयेह में मोसाद के दोनों जासूसों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### इजरायल ने खामेनेई को मारने को लेकर अमेरिकी दावे को किया खारिज

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल की ओर से किए गए हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गए थे। नेतन्याहू ने इस अभियान को ईरानी परमाणु बुनियादी ढांचे पर पूर्व खाली हमला बताया था। अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद ट्रंप उन्हें बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है ताकि कूटनीति के जरिये इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके।

# पाकिस्तान घुटनों पर, भारत से बातचीत की मंशा जताई

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- बिलावल भुट्टो ने कहा- दोनों देशों के बीच व्यापक बातचीत से ही हो सकता है लंबित मुद्दों का समाधान

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत से वार्ता की मेज पर लौटने का आग्रह करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच सभी लंबित मुद्दों का समाधान केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही हो सकता है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, पश्चिमी देशों की यात्रा पर गए संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे बिलावल ने रविवार को ब्रसेल्स की यात्रा के दौरान जर्मन प्रसारक 'दायचे वेले उर्दू' को दिए साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच सभी लंबित मुद्दों को केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। अगर भारत बातचीत की मेज पर नहीं आता है, तो यह उनके हित में नहीं होगा। पूर्व विदेश मंत्री ने चेताया कि भारत द्वारा पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने के किसी भी प्रयास को अस्तित्व के लिए खतरा माना जाएगा, जिससे पाकिस्तान के पास युद्ध के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

एक दिन पहले बिलावल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत को बातचीत के लिए मेज पर लाने और समग्र वार्ता के माध्यम से दक्षिण एशिया में स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भूमिका निभाने का आग्रह किया था जिसमें कश्मीर मुद्दे, जल मुद्दे और आतंकवाद का समाधान भी शामिल है। पीपीपी अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह राष्ट्रीय सुरक्षा या जल अधिकारों से समझौता नहीं करेगा।

### सिर्फ आतंकवाद पर वार्ता की बात कह चुका है भारत

भारत ने स्पष्ट कर चुका है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पीओके की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। समग्र वार्ता की शुरुआत 2003 में हुई थी जब पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ का शासन था। इसमें आठ घटक थे, जिनमें दोनों देशों के बीच सभी विवादास्पद मुद्दे शामिल थे। वर्ष 2008 के मुंबई हमलों के बाद बातचीत पटरी से उतर गई थी और उचित रूप में बहाल नहीं हो पाई।

# गाजा में खाद्य वितरण केंद्रों के निकट गोलीबारी, 38 मरे



इजरायली गोलाबारी से तबाह हुई इमारतों को देखते फलस्तीनी।

**गाजा पट्टी, एजेंसी**

गाजा के क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में खाद्य वितरण केंद्रों के पास हुई गोलीबारी में 38 फलस्तीनी मारे गए। यह घटना उस वक्त हुई जब हजारों फलस्तीनी लोग खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुंचने के लिए इजराइली सैन्य-नियंत्रित क्षेत्रों से गुजर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इजराइली सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास में गोलियां चलाईं। खाद्य वितरण केंद्रों के आसपास इजराइल सेना की यह अब तक की सबसे भीषण गोलीबारी है। गोलीबारी में हुई मौतों पर इजराइली सेना ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। सेना ने पूर्व में भी कहा था कि सैनिकों ने अपने ठिकानों की ओर आने वाले संदिग्धों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं।

# तमिलनाडु के एडीजीपी अपहरण केस में गिरफ्तार

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने अपहरण के एक मामले में एडीजीपी रैंक के एक अधिकारी को गिरफ्तार करने का तमिलनाडु पुलिस को सोमवार को मौखिक रूप से निर्देश दिया और कुछ ही मिनटों बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

- विधायक की याचिका पर सुनवाई करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने यह निर्देश विधायक एम. जगन मूर्ति द्वारा दायर एक अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिन्हें मामले में गिरफ्तारी की आशंका थी। वह किल्वैथिनंकुप्पम (आरक्षित) सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक संगठन के प्रमुख हैं। एडीजीपी एचएम जयराम को अदालत भवन से बाहर आते ही गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायाधीश ने विधायक को भी फटकार लगाई। सोमवार को जब मामला सुनवायी के लिए आया, तो न्यायाधीश ने पुथिया भारतम काची के नेता मूर्ति और एडीजीपी जयराम को मौखिक रूप से दोपहर में अदालत में पेश होने के लिए समन किया। जिस पर दोनों अदालत में पेश हुए। जयराम की सरकारी कार का कथित तौर पर अपहरण के लिए इस्तेमाल किया गया था।

# जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा रवाना हुए पीएम मोदी

**निकोसिया, एजेंसी**



- प्रधानमंत्री की पिछले एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस की अपनी यात्रा संपन्न करने के बाद सोमवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की।

मोदी तीन देशों साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस की यादगार यात्रा सम्पन्न की। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस और लोगों को उनकी असाधारण गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया। 'एक्स' पर पोस्ट में कहा गया है, 'जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के लिए रवाना।'

मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत रात को कैलगरी पहुंचेंगे, जहां वह कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह मोदी की एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। रविवार को साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने लार्नाका हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत किया।

# प्रदर्शनकारियों को पकड़कर वापस भेजने का ट्रंप का निर्देश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस और अन्य प्रमुख शहरों में आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय आव्रजन अधिकारियों को डेमोक्रेटिक पार्टी के शासन वाले राज्यों से निर्वासन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

- अधिकारियों से कहा, सबसे बड़े निर्वासन के लिए पूरी क्षमता से काम करें

ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) अधिकारियों से इतिहास के सबसे बड़े सामूहिक निर्वासन अभियान के बेहद महत्वपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों को लॉस एंजिलिस, शिकागो और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में अवैध विदेशियों को हिरासत में लेने और उन्हें निर्वासित करने के प्रयासों में तेजी लाने को कहा। ट्रंप का यह बयान, कई सप्ताह तक कार्रवाई में तेजी और 'व्हाइट हाउस' के 'डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ' एवं ट्रंप की आव्रजन नीति के मुख्य निर्माता स्टीफन मिलर के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि आईसीई अधिकारी रोजाना कम से कम 3,000 गिरफ्तारियों का लक्ष्य रखेंगे।

# अपने हथियारों को दीवार से घेरने पर भड़का इजरायल

**पेरिस, एजेंसी**

- पेरिस एअर शो में फ्रांसीसी अधिकारियों के निर्णय को अपमानजनक बताया

इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने 'पेरिस एयर शो' में अपने रक्षा उद्योग मंडपों के चारों ओर काले रंग की दीवारें खड़ी किये जाने की निंदा करते हुए इस कदम को अपमानजनक और अभूतपूर्व बताया तथा फ्रांसीसी अधिकारियों एवं कार्यक्रम के आयोजकों से तत्काल इसे हटाने की मांग की।

सोमवार को एयर शो के उद्घाटन से ठीक पहले, रात में दीवारें खड़ी की जा चुकी थीं, जिससे इजराइली मंडप अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों से अलग-थलग पड़ गए। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि यह कदम आयोजकों की ओर से आखिरी समय में की गई मांग के बाद उठाया गया। आयोजकों ने हथियार प्रणालियों को प्रदर्शन से हटाने की मांग की थी, जिसे इजराइली प्रदर्शकों ने अस्वीकार कर दिया था।

मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, फ्रांसीसी सरकार कथित राजनीतिक विचारों की आड़ में इजराइल के हथियारों को जो फ्रांसीसी उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी से बाहर कर रही है। मंत्रालय ने इस कार्रवाई को अनुचित बताया। शुक्रवार को फ्रांस की एक अपीलीय अदालत ने मानवाधिकार कार्यकर्ता समूहों के खिलाफ फैसला सुनाया, जिन्होंने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली कंपनियों को प्रदर्शनी में भाग लेने से रोकने की मांग की थी।

# कोच्चि हवाई अड्डे के पास ड्रोन, लेजर ग्लाइडर पर प्रतिबंध

**कोच्चि।** अधिकारियों ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पांच किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, लेजर बीम और अन्य हवाई उपकरणों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया।

यह आदेश एर्नाकुलम के डीएम एनएसके उमेश ने जारी किया। उन्होंने कहा कि माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) जैसे उपकरण नेदुम्बस्सेरी हवाई अड्डे के अंदर और बाहर उड़ने वाले विमानों के लिए खतरा पैदा करते हैं। यह निर्णय हवाई अड्डे के निदेशक और ग्रामीण पुलिस प्रमुख की रिपोर्ट के बाद लिया गया है, जिन्होंने रनवे और संपर्क मार्गों के पास अनधिकृत उड़ान गतिविधि को चिह्नित किया था।

## अहमदाबाद विमान हादसा

### चार दिन से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं देश भर से आए हादसे में मारे गए लोगों के परिजन

# सदमे में डूबे परिजनों को और बेहाल कर रहा शवों के लिए इंतजार

## डीएनए जांच में देरी, हादसे वाले ही दिन सैंपल देने के बाद भी कई लोगों को नहीं मिले शव

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में अपनों को खोने के सदमे के बीच कई पीड़ितों के परिवारों को उनके शवों को लेने में काफी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और वे चार दिन से यहां डेरा डाले हुए हैं। इनमें वह लोग भी शामिल हैं जिन्होंने 12 जून को हादसे वाले दिन ही डीएनए जांच के लिए अपना नमूना दे दिया था ताकि उसका मिलान कर मृतक की शिनाख्त की जा सके।

इन लोगों को 72 घंटे का इंतजार करने के लिए कहा गया था और यह समयसीमा रविवार को बीत गई। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में डीएनए के नमूनों के मिलान में वक्त लग सकता है। चालक दल की सदस्य रोशनी सोंघारे की रिश्तेदार पूजा सुखदरे ने सोमवार को कहा, हम कल डीएनए संग्रह केंद्र गए थे, लेकिन हमें बताया गया कि हमारे नमूने का अभी मिलान नहीं किया गया है। सुखदरे, सोंघारे के पिता और भाई के साथ त्रासदी के बाद से यहां हैं। सोंघारे का परिवार महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में रहता है।



हादसे में मारी गई मुंबई की साइनिता चक्रवर्ती का शव सोमवार को घर लाया गया।

यही स्थिति चालक दल की सदस्य मैथिली पाटिल के रिश्तेदारों की भी है, जो नवी मुंबई के न्हावा के निवासी हैं और दुर्घटना के बाद 12 जून को यहां पहुंचे थे। गुजरात के कच्छ में राजमिस्त्री और बढ़ई का काम करने वाले 32 वर्षीय अनिल खिमानी के रिश्तेदार भी घटना के बाद से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं। खिमानी विमान में सवार थे। खिमानी का रिश्तेदार बताने वाले मनसुख ने बताया कि उनके पिता ने डीएनए मिलान के लिए नमूना 12 जून को दिया था।

आकाश पटानी (15) का परिवार भी उसके शव के लिए इंतजार कर रहा है। हादसे के समय वह बी जे मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में अपनी मां की चाय की दुकान के बगल में चारपाई पर आराम कर रहा था। दुर्घटना और उसके बाद लगी आग का प्रभाव इतना भयानक था कि पटानी को भागने का मौका ही नहीं मिला और उसकी जलने से मौत हो गई।

### अब तक 99 शवों की पहचान, 64 परिजनों को सौंपे

अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार दोपहर तक डीएनए परीक्षण से 99 शवों की पहचान कर ली गई है और 64 शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिए गए हैं। शोकाकुल परिवारों के लिए सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा कि मृतकों के अवशेषों के साथ डीएनए नमूनों के मिलान की प्रक्रिया में लगने वाले वक्त को लेकर वे घबराएं नहीं। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। हैदराबाद स्थित कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र के पूर्व निदेशक राकेश मिश्रा ने डीएनए मिलान कोई कठिन काम नहीं है, लेकिन इस मामले में मृतकों की संख्या ज्यादा है।